महोदय, इस देश के जो मुस्लिम युवा हैं, हमेशा उनको सिमी के माध्यम से फुसलाने का काम हो रहा है। इस देश के जो बच्चे हैं, युवा हैं, उनको अपने ही देश के खिलाफ खड़ा किया जाता है। इसमें पाकिस्तान और बंगलादेश का सीधा हाथ है। हमारे देश का आतंकवाद पाकिस्तान और बंगलादेश के रास्ते से निर्यात हो रहा है और यह कोई गोपनीय बात नहीं है। आपके माध्यम से मैं गृह मंत्री जी को बताना चाहता हूं कि इस समय पाकिस्तान तहरीक-ए-तालिबान से लड़ने में व्यस्त है और यही समय है कि हम लाइन ऑफ कंट्रोल पर इतनी मजबूती से अपनी पकड़ बना लें कि भविष्य में यहां कोई पाकिस्तानी परिंदा भी पर न मार सके। जो बंगलादेश के घुसपैठिए हैं, उनका संकट हमेशा हमारे देश में रहा है। यू.पी.ए. सरकार के समय बंगलादेश को लेकर, खासकर के असम और पश्चिम बंगाल में वोट बैंक की राजनीति चल रही थी। इन दोनों की राज्यों की सीमा को पूरी तरह से सील करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का भी इसमें निर्देश हो चुका है कि बंगलादेशियों को यहाँ से भगा दिया जाए, उनको उनके देश में वापस भेज दिया जाए। यह सुप्रीम कोर्ट का निर्देश है और अब उनको बाहर निकालने की जिम्मेदारी हमारे गृह मंत्रालय की है। मुझे इस बात की खुशी है कि प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने लोक सभा चुनाव प्रचार के दौरान पश्चिम बंगाल के कृष्णनगर में ललकार कर कहा था कि हम सत्ता में आएंगे, तो सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करेंगे और बंगलादेशियों को यहां से भगा देंगे। दूसरी बात, मैं यह बताना चाहता हूं कि

2001 की राष्ट्रीय जनगणना के अनुसार लगभग चार करोड़ से भी ज्यादा बांग्लादेशी अवैध रूप से हमारे देश में रहते हैं और इंडियन स्टेस्टिकल इंस्टीट्यूट के समीर गुहा राय के अनुसार हर वर्ष औसतन एक लाख बंगलादेशी हमारे देश में घुस आते हैं। वर्तमान में जो आज के नेशनल सिक्युरिटी एडवाइजर अजीत डोभाल जी हैं, उन्होंने 2006 में दावा किया था कि हिन्दुस्तान में लगभग 200 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में बंगलादेशी घुसपैठिए मतदाता बनकर चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। इसलिए जब हम बंगलादेशी घुसपैठियों को निकालने की बात करते हैं, तो कुछ लोग वोट बैंक के चक्कर में अपनी छाती पीटने लगते हैं। इस बार यह नहीं होना चाहिए। अजीत डोभाल साहब आज हमारे देश के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर हैं और नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री है, तो हमें संकल्प लेना चाहिए कि हमारे कार्यकाल में ज्यादा से ज्यादा बंगलादेशियों को उनके वतन भेज दिया जाएगा। हिंदुस्तान में हर दिन लगभग 200 बंगलादेशी घुसते हैं और सिर्फ 2000/- रुपए खर्च कर कोई भी बंगलादेशी मुंबई तक पहुंच जाता है। वहां उसको 200/- रुपए में राशन-कार्ड मिल जाता है और राशन-कार्ड मिलने के बाद उसे आधार-कार्ड मिलता है। यह मुंबई की परिस्थिति है। इस प्रकार से मुंबई जैसे बड़े-बड़े शहरों में काम होता है। आज भी मुंबई शहर में, जिनमें मुंबई, थाणे, मोंगरा, नवी मुंबई में 40 लाख से ज्यादा बंगलादेशी मौजूद हैं। असम और पश्चिम बंगाल के कई जिलों में डेमोग्रॉफिक परिस्थिति को तो बंगलादेशियों ने पूरा बदल दिया है कि जब तक आप बंगलादेशियों से एलाइंस नहीं करेंगे, उनके लोगों के साथ एलाइंस नहीं करेंगे, आप चुनाव नहीं जीतेंगे। यह जो राजनीतिक सांठगांठ बांग्लादेशियों से होती है, उसे खत्म करने की जिम्मेदारी भी आज हमारी सरकार पर है।

महोदय, मेरी पार्टी शिव सेना ने हमेशा प्रखर राष्ट्रवाद की बात की है, राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राधान्य दिया है। हमारे शिव सेना प्रमुख आदरणीय बाला साहब ठाकरे जी और अभी उद्धव ठाकरे साहब ने भी सबसे पहले राष्ट्रवाद को पुकारा है। इधर हम जब राष्ट्रद्रोही शक्तियों के खिलाफ आवाज उठाते हैं, बंगलादेशी और पाकिस्तानी के खिलाफ आवाज उठाते हैं, अफगानिस्तान और इराक के टेररिस्ट के खिलाफ हम आवाज उठाते हैं, वहीं दूसरी ओर कुछ राज्यों में प्रांतवाद को बढ़ावा दिया जाता है। मैं इस सदन में कर्णाटक के येल्लूर में जो हुआ, उसका जिक्र करना चाहता हूं। आपको मालूम होगा कि कर्णाटक और महाराष्ट्र का सीमा-विवाद बहुत पुराना है और भाषावाद को लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में मराठी भाषियों के ऊपर हमेशा अन्याय होता है, खासकर के बेलगाम की बात मैं करता हूं, निप्पणि की बात करता हूं, कारवार की बात करता हूं। हमेशा यहां की सरकार वहां के मराठी भाषियों का गला दबाने का काम करती है, लोकतंत्र का गला दबाने का काम करती है। इस बार भी येल्लूर में सिर्फ महाराष्ट्र राज्य का एक बोर्ड वहां था कि कर्णाटक सरकार की पुलिस वहां की जो ...(**व्यवधान**)...

PROF. M.V. RAJEEV GOWDA (Karnataka): Sir, this is total interference in the functioning of Karnataka Government. There is no ground for alleging this. I object to this. Please expunge this, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री संजय राउत : जिस तरह से पुलिस ने वहां येल्लूर में घुसकर ...(**व्यवधान**)... जिस तरह से दहशतवाद किया है, वह गलत है। ...(**व्यवधान**)... सर, बेलगाम की महानगरपालिका में हमेशा वहां के मराठी लोगों ने जीत प्राप्त की है ...(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापति : आप समाप्त कीजिए। ...(**समय की घंटी**)... आपका टाइम ओवर हो गया है।

श्री संजय राउत : वहां भगवा झंडा फहराया है, लेकिन सर, भगवा झंडे की ताकत को अमेरिका भी मानता है कि यह भगवा झंडा शौर्य ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

श्री संजय राउत : और ऊर्जा का प्रतीक है, लेकिन जिस तरह से कर्णाटक सरकार बार-बार वहां अन्याय करती है, मैं यह मांग करता हूं कि यह पूरा मामला सर्वोच्च न्यायालय में पेंडिंग है। जब तक वहां फैसला नहीं होता है, तो उस पूरे भाग को केन्द्रशासित करने की जिम्मेदारी हमारे गृह मंत्रालय की है ...(**समय की घंटी**)... और मुझे लगता है कि यह कोई अन्याय नहीं है, यह न्याय करना है ...(**समय की घंटी**)... इस तरह से आपको करना चाहिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. Please sit down.

श्री संजय राउत : सर, यह महाराष्ट्र की जनता की मांग है। यह पूरे देश की बात नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over.

SHRI SANJAY RAUT: Sir, the time is not over. सर, मेरे दो मिनट बाकी हैं। ...(**व्यवधान**)... सर, यह न्याय की बात है। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आपके ऑलरेडी seven minutes हो गए हैं।

श्री संजय राउत : जिस तरह से कर्णाटक के कुछ भागों में मराठीभाषियों के साथ अन्याय किया जाता है, तो वहां किसी की भी सरकार हो, चाहे हमारी मित्र पार्टी की हो या कांग्रेस पार्टी की हो, हमेशा वहां के लोगों के खिलाफ एक षडयंत्र की तरह अन्याय किया जाता है। ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is all. Please conclude.

PROF. M.V. RAJEEV GOWDA: Sir, they are disturbing the peace and tranquillity of the border areas. Mr. Deputy Chairman, Sir, it should be condemned.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Raut, your time is over.

PROF. M.V. RAJEEV GOWDA: Sir, it should be expunged from the record.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Sanjay Raut, your time is over. आपका टाइम खत्म हो गया, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री संजय राउत : सर, 26/11 को छः साल हो गए हैं। आज भी मुम्बई की सुरक्षा राम भरोसे है, भगवान भरोसे हैं। अब तक वहां न सी.सी.टी.वी. कैमरे लगे हैं, न सुरक्षा का कोई इंतज़ाम हुआ है। सर, आज भी गेटवे ऑफ इंडिया से हमेशा की तरह कितने भी कसाब अंदर आ सकते हैं और मुम्बई पर हमला कर सकते हैं, लेकिन न समुद्री सुरक्षा की बात है, न सी.सी.टी.वी. कैमरों की बात है, न वहां की हमारी ए.टी.एस., जो टेररिस्ट्स के खिलाफ लड़ने के लिए बनाई गई थी, उस ए.टी.एस. को अब तक कोई ताकत नहीं दी गई है ...(**समय की घंटी**)... तो मैं मानता हूं ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude. Your time was seven minutes but you have taken nine minutes.

श्री संजय राउत : सर, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र से ...(**व्यवधान**)... अबू जिंदाल पाकिस्तान में गया और वहां से 26/11 का जो हमला हुआ, उसका कमांडर अबू जिंदाल था, जो मराठवाड़ा से गया था और आज भी मराठवाड़ा में टेररिस्ट्स रिक्रूटमेंट की बहुत बड़ी साजिश चलती है और ऐसे बहुत से ...(**समय की घंटी**)...

ऐसे बहुत से ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you; now take your seat,.

श्री संजय राउत : मराठवाड़ा से पाकिस्तान में जाते हैं और पूरे देश का टेररिज्म कंट्रोल करते हैं। मैं गृह मंत्रालय से विनती करूंगा कि महाराष्ट्र में मराठवाड़ा के आसपास के इलाकों में जिस तरह से सिमी और अल कायदा का ...(**समय की घंटी**)... जो कंट्रोल बना हुआ है, उसको खत्म करने के लिए ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, take your seat.

श्री संजय राउत : केन्द्र सरकार को उन्हें निर्देश देना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

PROF. M.V. RAJEEV GOWDA: Sir, kindly expunge the portion relating to Karnataka.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I will look into it. If anything unparliamentary is there, I will expunge it. ...*(Interruptions)*...

श्री संजय राउत : सर, एक जो ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Raut, I am going to adjourn the House, please sit down. It is over. ...*(Interruptions)*... That is over. Nothing more is going on record.

श्री संजय राउत : *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned to meet at 2.00 P.M.

---

*Not recorded.

The House then adjourned at eight minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at two minutes past two of the clock,

MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we take up further discussion on the working of the Ministry of Home Affairs. Shri Ashwani Kumar.

श्री अश्विनी कुमार (पंजाब) : धन्यवाद उपसभापति महोदय, आपने मुझे इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाग लेने का अवसर दिया। आज गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट पर हम चर्चा कर रहे हैं। सही मायनों में गृह मंत्रालय की रिपोर्ट से हमें देश की अंदरूनी स्थिति का दर्शन प्राप्त होता है। हमें यह बताया जाता है कि देश की सुरक्षा की स्थिति क्या है, देश के समाज की स्थिति क्या है और देश का भविष्य किस ओर जा रहा है। इस संदर्भ में मैं चार-पांच मुखर बिन्दुओं को सामने रखकर अपनी बात कहने की अनुमति चाहूंगा और एक बड़े परिप्रेक्ष्य में इस मुद्दे पर, इस रिपोर्ट पर चर्चा करूंगा।

महोदय, मैं चार मुख्य मुद्दों पर आपके माध्यम से सदन का ध्यान दिलवाना चाहता हूं। पहला, जिस तरह से देश में अपराध दर बढ़ रही है, महिलाओं और बच्चों के प्रति जुर्म बढ़ रहे हैं। दूसरा, नशे से ग्रस्त हमारी युवा पीढ़ी का जो मसला है, मैं उस पर चर्चा करना चाहूंगा। इसके अलावा मैं यह भी बात करना चाहूंगा कि देश में जो साम्प्रदायिक स्थिति है, वह किस ओर बढ़ रही है और अंत में मानव अधिकारों का जो हनन हमारे देश में हो रहा है, मैं उसके मुताल्लिक चर्चा करना चाहूंगा। उपसभापति महोदय, मैं यह मानता हूं कि ये चारों मुद्दे देश के भविष्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और जिस तरह का ध्यान हम सबको इन पर देना चाहिए, किसी न किसी वजह से हम वह नहीं दे पाते हैं। मैं पहली बात नशे को लेकर करना चाहूंगा जिससे मेरा पंजाब प्रांत पूरी तरह से ग्रस्त है। उपसभापति जी, अगर हम केवल आंकड़ों की तरफ न जाएं और बुनियादी बात करें, तो मैं यह कहना चाहूंगा कि जिस देश और समाज की युवा पीढ़ी अपने पतन और अंत की ओर जा रही हो, उस समाज और देश का कोई भविष्य नहीं होता। बी.बी.सी. के एक मुख्य कमेंटेटर, जिनका नाम Markummit है, उन्होंने कहा है कि यह पाकिस्तान की सोची-समझी साजिश है कि पंजाब के जो समृद्ध परिवार हैं, उनके बच्चों को नशाग्रस्त करें। तहलका ने एक बहुत ही संवेदनशील रिपोर्ट में इस बात का जिक्र किया है कि 1971 की जंग के बाद पाकिस्तान ने एक सोची-समझी नीति के तहत बड़े पैमाने पर नशे की तस्करी शुरू करवाई, जो हमारे बॉर्डर्स से हमारे देश में आई, जिसका पहला खामियाजा मेरे प्रांत पंजाब को भुगतना पड़ा। आज स्थिति यह है कि 10 में से 7 युवा किसी न किसी तरह का नशा पंजाब में कर रहे हैं। आज स्थिति यह है कि model code of conduct लगने के 40 दिन के अंदर 700 करोड़ की नशीली दवाइयां पुलिस ने बरामद कीं। इससे सीधा यह साबित होता है कि हमारे इलेक्शन में भी नशे का दुरुपयोग लोग कर रहे हैं जिससे हमरे लोकतंत्र पर भी सवाल खड़े होते हैं। हमको यह बताया गया है कि तीन लाख केपसूल, 2 हजार इंजेक्शन, 3 हजार कफ सीरप के केस, 110 पाउंड हेरोइन और हजारों poppy husk बरामद की गई और यह चुनाव के दिनों में बरामद की गई। इससे सीधा यह नि ष्कर्ष निकलता है कि कहीं न कहीं हम नशे को बंद करने में एक राष्ट्र की

तरफ से नाकामयाब रहे हैं। रिपोर्ट में कहीं इस बात की चर्चा नहीं है कि हम और क्या कदम उठाने जा रहे हैं या उठायेंगे जिससे हम नशाखोरी पर लगाम लगा सकें। उपसभापति महोदय, 14564 केस नारकोटिक्स एक्ट के तहत केवल पंजाब में दर्ज कराए गए हैं। आज ड्रग्स का ट्रेड 60 हजार करोड़ है।

उपसभापति महोदय, इस मुद्दे पर बहुत चर्चा हुई। यह कहा गया कि पालिटिकल पार्टीज़ और उनकी लीडरशिप इसमें इन्वॉल्ड है। मैं आज इस सदन के माध्यम से आपसे दरख्वास्त करूंगा, सदन से दरख्वास्त करूंगा, राष्ट से दरख्वास्त करूंगा, सरकार से दरख्वास्त करूंगा, कि यह कोई दलगत नीति पर आधारित मुद्दा नहीं है, यह देश का मुद्दा है। इसको देश का मुद्दा मानकर, सब लोग एकजुट होकर, जो देश की युवा पीढ़ी को नष्ट करने के गुनाहगार हैं, उन सब को हम दंडित करें। दंडित ही नहीं, हम सब मिल-जुलकर प्रयास करें कि ऐसी व्यवस्था बने कि इस देश से नशाखोरी सदा के लिए खत्म हो जाए।

उपसभापति महोदय, मैं महिलाओं और बच्चों के प्रति जो अपराध बढ़ रहे हैं, जिसका उल्लेख इस रिपोर्ट में है, उसकी ओर सदन का ध्यान दिलवाना चाहूंगा। बच्चो के खिलाफ जो अपराध हो रहे हैं, उनमें 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। देश में महिलाओं के खिलाफ जो अपराध हो रहे हैं, उनमें 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 95 फीसदी से ज्यादा अपराध आई.पी.सी. के तहत हो रहे हैं। अपहरण, बलात्कार, कत्ल, डकैती जैसे अपराध लगातार बढ़ते चले जा रहे हैं। हालांकि 1912-13 में कुछ कमी आई, मगर जो ट्रेंड है, वह बढ़ोतरी की ओर है। 2014 के आंकड़े हमारे पास नहीं हैं, लेकिन जिस तरह से साम्प्रदायिक घटनाएं देश में हो रही हैं, आगजनी की घटनाएं हो रही है और कत्लेआम का सिलसिला चल रहा है, इसके आंकड़े बढ़ रहे हैं। इसलिए देश की स्थिति चिंताजनक है और अत्यंत नाजुक है। मैं सदन से दरख्वास्त करूंगा कि इस पर भी ऐसी चर्चा हो, जो कि एक रचनात्मक चर्चा हो। यहां किसी पर दोष लगाने की बात नहीं है। यह देश का मुद्दा है, देश के मुद्दे को समझकर सब देशवासियों को, सरकार को और विपक्ष को एक होकर प्रयास करना होगा कि जिस मुद्दे से सारा राष्ट्र ग्रसित है, सारा राष्ट्र पीड़ित है, उसके लिए हम क्या उपाय करें, ताकि देश में ऐसे हालात न हों। मुझे दुख है कि हमारे देश के निर्माताओं ने, महात्मा गांधी ने, पंडित जवाहरलाल नेहरू ने, अम्बेडकर साहब ने, मौलाना आजाद ने और सरदार पटेल ने, सबने मिलकर इस देश की जो परिकल्पना की थी, क्या आज वह देश हमारे सामने है? जिस देश में महिलाओं को देवी के समान पूजा जाता था, आज वह हर जुर्म की, हर कुकर्म की शिकार हो रही है। आज मुझे कुछ पंक्तियां याद आ गईं,

"मदद चाहती है ये हव्वा की बेटी यशोदा की हमजिंस राधा की बेटी।
पयम्बर की उम्मत ज़ुलेखा की बेटी, जिन्हें नाज़ है हिन्द पर वो कहां है?"

ये बातें लिखी गई थी, यह बात सच है, पर आज वे बातें हम खत्म नहीं कर सके। देश का जो एहसास है, वह पीड़ित है, देश की जो conscience हैं, वे खंडित हैं, यह सदन जो देश के लोकतंत्र का सर्वोच्च सदन है, मैं इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठाकर अपनी बात रखना चाहता हूं।

[श्री अश्विनी कुमार]

उपसभापति जी, मैं एक तीसरी बात भी कहना चाहता हूं कि इस देश में जो मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, मैं उसके मुताल्लिक चर्चा करना चाहता हूं। बतौर नागरिक के, बतौर वकील के मेरा यह स्पष्ट मत है कि अगर हम अपने लोकतंत्र में अपने आपको गौरवान्वित समझना चाहते हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि जिस पैमाने पर तरह-तरह से इस देश में मानव अधिकारों का हनन हो रहा है, हमें उसको खत्म करना है। यहां पर स्नूपगेट की बहुत चर्चा हुई। मैं स्नूपगेट की चर्चा करना चाहता हूं, केवल दो मुद्दों को समक्ष रखकर। निजता के अधिकार को सामने रखकर, प्राइवेसी के मूल अधिकार को, ह्यूमन राइट को सामने रखकर। इस देश में यह माना जाता था कि हमारा घर हमारा किला है और उस किले के अंदर किसी को जाने की इजाजत नहीं है। आज टेक्नोलॉजी प्लेटफार्म के माध्यम से, सोशल मीडिया के माध्यम से सरकारी तंत्रों के माध्यम से और कॉरपोरेट तंत्रों के माध्यम से इस देश में कोई व्यक्ति अछूता नहीं है, जिसकी प्राइवेसी या निजता के अधिकार का हनन रोज नहीं हो रहा हो। मुझे दुख इस बात का है कि सुप्रीम कोर्ट की नजर के तहत, हमें बार-बार राडिया टेप और Bommon जजमेंट में हमें हर वक्त यह बताया गया कि इस देश के नागरिकों का निजता का आधार मूल अधिकार है, लेकिन देश के नागरिकों के इस अधिकार का हनन हो रहा है और सब चुप हैं। चुप इसलिए हैं, अब मैं क्या कहूं, सुप्रीम कोर्ट को अपनी गाइडलाइंस को इन्फोर्स करने में भी मुझे लगता है कि कहीं न कहीं मुश्किल आ रही है। ''इंसाफ के तराजू पै लहू किसको। दिखाऊं, मुसिफ है गुनाहगार, मैं कुछ सोच रहा हूं।'' यह स्थिति बन गई है कि जिनको देश के लोगों के अधिकारों की रक्षा करनी है, आज हम सब मिलकर अपने आपको विफल महसूस कर रहे हैं।

महोदय, मैं एक दूसरी बात और कहना चाहता हूं। हमारे आत्मसम्मान के साथ हमारा निजता का अधिकार जुड़ा है, डिग्निटी के साथ जुड़ा है, अगर इंसान अपना आत्मसम्मान खो दे, तो उसको जीविज रहने का भी अधिकार नहीं है। महाभारत में भी यह लिखा है। हमारे वेदों ने हमें बताया और हमारी संस्कृति ने यह बताया है। बहुसांस्कृतिक ढांचे ने हमें बताया है कि अगर जीवन का कोई मतलब है, तो life of dignity में है, आत्मसम्मान के जीवन में है। अगर उस आत्मसम्मान पर ही सरकार चोट लगाए, तो हम कहां जाएं? मैं एक बात और कहना चाहता हूं। स्नूपगेट के मामले में मंत्रियों पर जासूसी की बात आई, तो यहां केवल निजता का सवाल नहीं है, सर्विलेंस या जासूसी से देश की सुरक्षा का मसला भी खड़ा होता है। अगर मंत्री ही सुरक्षित नहीं है, कोई ऑफिशियल सीक्रेट सुरक्षित नहीं, तो हम अपने देश की सुरक्षा के बारे में कैसे चिंता कर सकते हैं? ये मूल बातें हैं और इन मूल बातों पर चर्चा होनी जरूरी है और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर होनी जरूरी है। उपसभापति जी, मैं Presumption of innocence की बात जरूरी करना चाहता हूं, क्योंकि मैं जानता हूं कि आप भी इस मुद्दे पर बहुत विश्वास रखते हैं। हमारी मूल धारणा है कि कोई भी नागरिक तब तक गुनहगार नहीं है, जब तक कानून के माध्यम से और सबूतों के आधार पर उसको गुनहगार नहीं ठहराया जाए। पर आज क्या हो रहा है? आज रोज मीडिया ट्रायल हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने नरेश श्रीधर मिराजकर के केस में पांच जजों की कांस्टीट्यूशनल बेंच ने यह फैसला दिया कि 'trial by media offends the basic structure of the Constitution' लेकिन आज देखते ही देखते, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के कहने के बाद भी

लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है, उनके आत्मसम्मान पर चोट लग रही है। न कोई इल्ज़ाम है, न कोई सबूत है, सिर्फ मनगढंत बातों पर लोगों आत्मसम्मान का हनन हो रहा है। अगर हम इस पर बात नहीं करेंगे तो कौन करेगा? इसलिए आज मैंने आपके माध्यम से यह कोशिश की है कि देश के लोगों को यह बताया जाए कि देश में जो हो रहा है, उसको लेकर सांसद भी चिंतित हैं। हम यहां केवल अपनी पार्टियों की लड़ाई करने के लिए ही नहीं हैं, हम मुद्दों की लड़ाई करने के लिए भी हैं। मेरी यह मान्यता रही है कि देश का लोकतांत्रिक शासन मुद्दों पर आधारित होना चाहिए। आज मैं इस मान्यता को आपकी अनुमति से दोहराना चाहता हूं।

हम मानव अधिकारों की बात करते हैं, तो पुलिस की हिरासत में जो अत्याचार होते हैं, मैं उनको बताना चाहता हूं। 2010 में इस सदन की सिलेक्ट कमेटी, जिसकी अध्यक्षता करने का मुझको गौरव प्राप्त हुआ था, हमने उसमें एक बिल पास किया था, The Prevention of Torture Bill, 2010. हमने वह बिल 2010 में पास किया था, लेकिन सर्वसहमति के बावजूद भी वह आज तक कानून नहीं बन पाया। छोटे-छोटे कस्बों में थानेदार गरीबों के ऊपर जिस तरह का अत्याचार करते हैं, जिन पर कोई केस नहीं बनता, जिनको हिरासत में लेने का किसी पुलिसकर्मी को अधिकार नहीं है, उनको न केवल हिरासत में लिया जाता है, अपितु उन पर अत्याचार भी किया जाता है। उनका जो उत्पीड़न होता है, शोषण होता है, आज उसकी चर्चा करने की जरूरत है। मंत्री जी, मैं कहूंगा कि Prevention of Torture Bill का लागू होना, उस एक्ट का पास होना, उसको क्रियान्वित करना आज आपकी सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जब तक इस देश में मानव अधिकार कायम हैं, तब तक इस देश का लोकतंत्र कायम है। मेरा यह मान्यता है कि जिस दिन हम मानव अधिकारों को चोट लगने से नहीं बचा सकेंगे, उस दिन हम लोकतंत्र को भी नहीं बचा सकेंगे।

उपसभापति जी, मैं आखिर में उस मुद्दे पर चर्चा करना चाहता हूं, जिस मुद्दे को लेकर सारा देश, सारे देश की राजनीति आहत है। यह सांप्रदायिकता है। जिस देश की सोच राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के साथ वाबस्ता है, जिस देश की सोच ''सर्वधर्म समभाव'' की सोच के साथ वाबस्ता है, जिस देश का अक्स हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी धर्मों में श्रद्धा से वाबस्ता है, जिस देश का एहसास इस बात के साथ वाबस्ता है कि हम अनेकता में एकता ढूंढ़ते हैं, हम डायवर्सिटी में यूनिटी ढूंढ़ते हैं, आज उस देश में इतने अधिक सांप्रदायिक दंगे हो रहे हैं। क्या यह महज़ एक इत्तफ़ाक है? नहीं, यह महज़ इत्तफ़ाक नहीं है, बल्कि संकीर्ण राजनीति का नतीजा है। आज जब हम यू.पी. में दंगों की बात करते हैं – मैं केवल यू.पी. के दंगों की बात नहीं कर रहा हूं, बाबरी मस्जिद, विंधवश से बात शुरू करें, स्टेन्स हत्याकांड, 2002 में गुजरात के दंगें, मुजफ्फरनगर के दंगों की, पुणे की घटना की, सानिया मिर्ज़ा की, मथुरा की, चपाती की बात करें, तो बात हमारी भावना की है। यह भावना कहीं न कहीं अवश्य उत्पन्न हो रही है। यह सिर्फ सरकार की बात नहीं है। सरकार का फर्ज़ है कि इन भावनाओं से उत्पन्न हुई पीड़ा और सांप्रदायिक दंगों को रोके, मगर जो सबसे अधिक जरूरी है, वह यह है कि इस भावना का अंत कैसे होगा? यूपी में 600 से ज्यादा कम्युनल इंसिडैंट्स हुए हैं। क्या यह महज़ इत्तफ़ाक है कि इनमें से 300 घटनाएं वहां पर हुईं, जहां से हमारे बी.जे.पी. के 12 सांसद जीते हैं और जहां चुनाव होने वाले हैं? यह महज़ इत्तफ़ाक नहीं है। इसलिए हमें देशवासियों को भ्रमित नहीं करना

[श्री अश्विनी कुमार]

है। कहीं न कहीं ऐसी विचारधारा उत्पन्न हो रही है, जो इस देश को विभाजित कर सकती है। इस देश को इकट्ठा रखने के लिए संविधान के निर्माताओं ने हमारे संविधान के प्रिएम्बल में सेक्यूलर के अस्पेक्ट को रखा है। इसको जो धर्मनिरपेक्ष पंथ, पंथ निरपेक्ष राष्ट्र बनाया, वह इसलिए बनाया कि जिस राष्ट्र में इतने धर्मों से संबंधित लोगा इतनी बड़ी संख्या में रहते हों, वह राष्ट्र सिवाय धर्मनिरपेक्षता के, पंथनिरपेक्षता के अतिरिक्त कुछ और हो ही नहीं सकता है। क्या भिन्नता के प्रति असहनशीलता समन्वय और राष्ट्रीय एकता की पहचान हो सकती है? यदि अनेकता की बात में यूनिटी ढूंढ़ें तो क्या उसको तुष्टीकरण कहा जा सकता है? एक दूसरे के खिलाफ नारेबाजी करके देश के सामने जो अहम मुद्दे हैं, उन अहम मुद्दों से देश की नजर को हम ओझल नहीं कर सकते। देश के सामने से इन मुद्दों को ओझल नहीं किया जा सकता। इस पर चर्चा होनी चाहिए। इस पर सरकार को कदम उठाने चाहिए, नहीं तो अगर यह नासूर आगे बढ़ गया, तो देश की आत्मा इससे इतनी पीड़ित होगी कि हम सब लोग उसको बचा नहीं पाएंगे।

मैं विनम्रता के साथ एक बात प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी साहब से पूछना चाहता हूं। उन्होंने अभी हाल में अपने एक वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस वाले अभी भी अपनी हार से सबक नहीं सीखे। मोदी जी, मैं मानता हूं कि हमें सीटें कम मिली हैं, मगर आज भी 69 फीसदी लोगों ने आपको वोट नहीं दिया है। आज भी 31 फीसदी लोगों ने ही वोट दिया है। उनका एहसास धर्मनिरपेक्ष है। चुनाव में हार होती है, जीत होती है, लेकिन अगर देश का एहसास हार गया, अगर देश की आत्मा खंडित हो गई, तो कौन हार और कौन जीता? ये सवाल उठाने हैं, उठाने होंगे, नहीं तो देश के लोग आज हम सबको, जो यहां मौजूद हैं, कभी माफ नहीं करेंगे। रामधारी सिंह दिनकर जी ने कहा था-

"समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध,
जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनका भी इतिहास।"

आज हम तटस्थ नहीं हो सकते, न्यूट्रल नहीं रह सकते। हमको आवाज बुलंद करनी होगी, वोट मिलें, न मिलें, कोई हारे, कोई जीते। यह देश की कल्पना थी, यह कांग्रेस पार्टी की कल्पना थी, यह इन्दिरा गांधी की कल्पना थी, जवाहरलाल नेहरू की कल्पना थी, राजीव गांधी की कल्पना थी। यह सोनिया गांधी की कल्पना है, हम सभी की कल्पना है। आपकी भी कल्पना होगी, मगर इस कल्पना पर पूरा उतरने, इस उद्देश्य पर पूरा उतरने का दायित्व हम पर है।

मैं आपसे एक बात और कहना चाहूंगा। ...(**समय की घंटी**)... Sir, two more minutes. भारत का जो बहु-सांस्कृतिक और बहुलवादी ढांचा है, उसमें क्या जायज है कि हम बहुसंख्यकवाद की बात करें, मेजोरिटेरियनिज्म के ऊपर चलें? हमारे संविधान की रचना में कुछ अधिकार ऐसे हैं, जिनको हमने ट्रांज़िएंट अधिकारों से ऊपर बना कर नॉन-नेगोशिएबल अधिकारों का दर्जा दिया है। कोई सरकार आए, कोई सरकार जाए, लेकिन सेकुलरिज्म, धर्मनिरपेक्षता इस देश का बेसिक स्ट्रक्चर है, इस देश की मूल बुनियाद है। उसको कोई सरकार अपनी नीतियों से तोड़ नहीं सकती। मान्यवर, इसलिए यह चर्चा एक बहुत अहम चर्चा है। देश के जिस रूप को हमने देखा है, सालों-साल, सदियों-सदी, हम अपने बच्चों को देश के उसी रूप को दिखाना चाहते हैं।

"मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना,
हिन्दी हैं हम वतन है हिन्दोस्तां हमारा।"

सर, अल्लामा इक़बाल ने जब ये बातें लिखी थीं, तो उस भारत की कल्पना को समझ कर लिखी थीं, जो भारत युगों-युगों तक रहने वाला था। आज उस भारत पर इतनी चोट लग रही है, दिन-प्रतिदिन इतनी चोट लग रही है कि अगर दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर देखें, तो कभी-कभी तो यह महसूस होता है कि हम इतने तटस्थ कैसे रह सकते हैं? ...(**समय की घंटी**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please conclude.

श्री अश्विनी कुमार : आखिरी में, साहिर ने एक बात कही है, वह कह कर मैं अपनी बात खत्म करूंगा–

"देश के आधार की बातें करें,
अजनबी सरकार की बातें करें,
अगली दुनिया के फ़साने छोड़ कर,
आओं इस जहन्नुम ज़ार की बातें करें।"

जब नरेन्द्र मोदी जी ने कहा कि उनको बहुत बड़ा बहुमत मिला है, तो उसके मुताल्लिक बहुत से विद्वानों ने एक बात कही है। मैं एक कोटेशन पढ़ना चाहता हूं। किसी ने कहा, "No election in the country's history has left the moral, social and political Iandscape of India so profoundly divided as this."

With this, मैं आखिरी में यह कहना चाहूंगा कि इन मुद्दों पर, जिनकी ओर मैंने ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की है, दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर देखें और देश को बचाने का काम करें। देश बचेगा, तो सभी बचेंगे। मोदी जी, देश की जीत होगी, तो आपकी भी जीत होगी, हमारी भी जीत होगी। देश का जीतना जरूरी है, भविष्य का प्रखर होना जरूरी है। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं आप सबका धन्यवाद करता हूं। जय हिन्द।

SHRI DILIPBHAI PANDYA (Gujarat)*: Thank you. The previous speaker Shri Ashwini Kumar talked about the victory of Hon'ble Prime-Minister Shri Narendra Modi in the Lok-Sabha elections. But I would like to talk about the other aspect of it. The eminent leaders in the Congress have now come to Rajya Sabha. And hence in Rajya Sabha, the standard of debate should be higher. This year, 15th August falls on Sunday. After completing 67 years of Independence, we would be celebrating 68th Independence Day. And whenever we would celebrate our Independence Day, whenever we would take up the discussion on Home Ministry, we would remember the name of one person - Sardar Patel. The immortal name of this great leader is associated with the Home Ministry. Everybody remembers him. Our nation became independent on

* English translation of the original speech made in Gujarati.

[Shri Dilipbhai Pandya]

15th August 1947. In November 1947, Sardar Patel met Gandhiji to discuss the project of building the Somnath temple in Gujarat. Gandhiji gave him consent on the condition that the Government fund should not be used for this purpose. After getting the consent of Mahatma Gandhi, Hon'ble Jawaharlal Nehru, who was then the Prime Minister of India, was approached. Gandhiji discussed the matter with Nehruji he agreed upon this issue. The Cabinet meeting was called to discuss this issue and a resolution was passed in the Cabinet so as to construct the temple of Somnath in Gujarat which would raise the dignity of Indian culture and heritage. The temple of Somnath was built and Sardar Patel passed away after that. Thereafter Shri K.M. Munshi, the one who was a Minister in Nehru's Cabinet, requested Hon'ble Rajendra Prasad, the then President of India for inaugurating the newly built temple. Rajendra Babu agreed to this. Jawaharlal Nehru was also conveyed the same but he did not reply. Hon'ble Rajendra Babu went to Gujarat and inaugurated the temple of Somnath. In this way, he brought glory to the Indian Culture and Heritage. In my very first sentence I said that the think tank of the congress is here. Ninety percent of the think tank of the Congress is here now. So, I would like to ask them that Hon'ble Mahatma Gandhi, Pandit Jawaharlal Nehru, Sardar Patel and Kanaiyalal Munshi were the members of Indian National Congress. Today, I would like to ask the people of Indian National Congress that these great people had put in enormous efforts to build the Somnath temple and now how would you evaluate the work accomplished by these great people? Would you call this task Secular or Non-secular? Whether you approve it or not? Mahatma Gandhi, Sardar Patel, Jawaharlal Nehru and Kanaiyalal Munshi had a great ideology. I want to ask whether today's Indian National Congress is in agreement with the ideology of these great leaders or not?

We are visualizing Hon'ble Sardar Patel in our present Home Minister Shri Rajnath Singh. I request him that the files related to Somanth temple should be made public. What was the mindset of the people of Congress at that time? What discussion took place in Parliament at that time? What was the matter that was debated upon? The people of our country have a right to know all these things. Because, every now and then, the issue of communalism is raised. We were being labeled as communal. The question arises whether Gandhiji was communal or not? Whether Jawaharlal Nehru was non-communal or not? Whether Rajendra Babu was communal or not? What is this? Every time you say that BJP will come and eat away. BJP is in power in Gujarat for the last twelve years. And the relations with the Muslims have improved a lot. The economic condition of Muslims have improved. During the past twelve years, curfew has not been imposed on a single day at a single place. Today we celebrate Eid with Muslims. And today when the

procession of Rath Yatra takes place in Jamalpur of Ahmedabad, Muslims organize lunch for the devotees. Muslims welcome us. And are you going to teach us what secularism is? Are you going to teach Hon'ble Narendra Modiji what the meaning of secularism is? He is secular right from his birth. For an ascetic what secularism and what non-secularism. Friends, we have to seriously debate upon this issue. Friends, can we build Ram Temple in Ayodhya on the path of Gandhiji, Pandit Jawaharlal Nehru, K. M. Munshi and Rajendra Babu. Should a Ram Mandir be built according to their ideology or not? Our country should debate upon this issue. Please don't shout without any reason. Whenever the issue of Article 44, Uniform Civil Code, and article 370 comes before the country, you give it a communal colour. You start talking about the Hindu-Muslim conflict. Continuously for sixty years, you have done this. You have instigated the Muslims. You just talk about Hindu-Muslim violence. Hon'ble Sir, you said that communal violence took place. Let this be investigated. Who was responsible for this violence? Why did it occur? Let the truth come out. And I demand that the issues related to Uniform Civil Code and Article 370 should be debated upon. These issues must be studied. Hon'ble Tulsiji is sitting here. He is an eminent lawyer. I have high regards for him. When the constitution was being framed, Article 44 was inserted in the Indian Constitution in the Directive Principles of State Policy. After that, Article 370 was also inserted into the Constitution. I request you to throw some light on these articles, whether the discussion upon them should take place or not. BJP has never evaluated Article 370 as a Hindu-Muslim issue. Grave injustice is done to the women of Jammu and Kashmir and hence we should debate upon the issues related to Article 370. I therefore would like to read out the manifesto of Bharatiya Janata Party with which it had contested the Lok Sabha elections.

Article 44 of the Constitution of India lists Uniform Civil Code as one of the Directive Principles of the State Policy. BJP believes that there cannot be gender equality till such time India adopts Uniform Civil Code.

Gender equality. Men and Women should be given equal rights. One of your Ministers got married to a lady from Jammu and Kashmir. This happened just two to three years ago. The young lady said that all her rights as a citizen of Jammu and Kashmir had been seized. If the sister of the Chief-Minister of Jammu and Kashmir gets married to a person belonging to some other state then her rights as a citizen of Jammu and Kashmir are seized. Anywhere in the world you go it is seen that after marriage the rights of the husband are extended to his wife and the rights of the wife are extended to her husband. And just now you were talking about the freedom of women then kindly answer whether women of Jammu and Kashmir should be given freedom or not? Whether they should be given equal rights to that of men or not? The nation should discuss this issue in the near

[Shri Dilipbhai Pandya]

future. We contested the Lok-Sabha elections with the slogan – Ab Ki Baar Modi Sarkar. In Jammu-Kashmir we are going to say – Ab Ki Baar BJP Sarkar. We shall make the best use of Article 370 by forming the Government in Jammu and Kashmir. Believe me that except two to three families no one has been benefitted by Article 370.

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल (गुजरात) : एन.डी.ए. के टाइम में क्यों बंद रखा था? ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : राष्ट्रपाल जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

Mr. Pandya, you had only eight minutes. Eight minutes are over. ...*(Interruptions)*...

SHRI DILIPBHAI PANDYA: Sir, he is interrupting. Please check the time. अगर ऐसे उनको बुरा लगता है, तो मैं धीरे बोलूंगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: There are other speakers also. Your time was eight minutes. ...*(Interruptions)*...

SHRI DILIPBHAI PANDYA: Oh Great! Are you present in the house! Really Great!

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल : आप मेरी बात सुनिए। ...(**व्यवधान**)... आज ही के पेपर में आया है कि ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Pandya, your time is over. ...*(Interruptions)*... Rashtrapalji, what are you doing? This is not your time. Please sit down. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल : वह फ्रंट पेज में आया है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Rashtrapalji, don't waste the time. You are wasting the time. Please don't do that.

SHRI DILIPBHAI PANDYA: Sir, I knew that the good people of Congress were listening to me. Senior Members like Ashwini Kumar, Law Minister, and Ex-Ministers are patiently listening to my speech. You may feel that someone should listen to me in Gujarat. But nobody is listening in Gujarat. Your deposit in Vadodara was about to be lost. You didn't even win a single seat in Gujarat. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Rashtrapal, when your party's time comes, you can speak. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रवीण राष्ट्रपाल : *

---

*Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: That is not going on record. When your party's time comes, you can speak then, but not now. Please, sit down. Mr. Pandya, आपके आठ मिनट ही थे, लेकिन 10 मिनट हो गए हैं, इसलिए अब आप समाप्त कीजिए।

श्री दिलीपभाई पंडया : उसमें से पांच मिनट तो बेकार हो गए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please conclude.

श्री दिलीपभाई पंडया : सर, मेरी गुजराती में यह मेडन स्पीच है, राज्य सभा में सबसे पहले मैं गुजराती में बोल रहा हूं, आज तक कोई बोला ही नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In Rajya Sabha, others have also spoken. ...*(Interruptions)*... Please conclude.

श्री दिलीपभाई पंडया : सर, मैं गृह मंत्रालय से संबंधित गुजरात के दो-तीन प्रश्न रखकर अपनी बात समाप्त कर दूंगा। First question is related to the establishment of a hub of the National Security Guard -- NSG in Gujarat. Gujarat shares an international boundary with Pakistan. It shares a marine as weil as a territorial boundary with Pakistan. Hence NSG shouid be formed and for this the Government of Gujarat has identified places in Bhavnagar and Anand districts. We request you to take up this task at the earliest. Such issues should be taken at War footing. Decisions must be taken in a month or two. But such matters remain pending for a long period of four to five years. The NSG must be appointed in Gujarat at the earliest. Government is ready to allocate land for this. Similarly, the task of fencing the border should be accomplished. There is a total of 508 kilometers of International boundary out of which 404 Kilometers of boundary has fencing and 104 Kilometer of the boundary falls in the Creek area. I request the Hon'ble Home Minister to kindly explain the meaning of the Creek area so that people come to know how this area has a great danger from Pakistan. Hence the issue of Creek should also be discussed. The last question. A Marine Academy must be established in Gujarat. Thank you.

श्री के.सी. त्यागी (बिहार) : उपसभापति महोदय, अगर गृह मंत्री जी भी स्वयं इस समय होते, तो ज्यादा अच्छा होता, क्योंकि हम कुछ चीजें और मजबूती के साथ उनके सामने रखना चाहते थे। 2017 में गांधी जी के भारत में आने के बाद के पहले सत्याग्रह के सौ वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, जिसे हम ''चंपारण सत्याग्रह'' के नाम से जानते हैं। मैं चाहता हूं कि भारत सरकार उसको समूचे देश में राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाएं। चूंकि 2011 में यू.एन.ओ. ने गांधी जी के साउथ अफ्रीका के सत्याग्रह की सौवीं वर्षगांठ के मौके को पूरी दुनिया में अहिंसा दिवस के रूप में मनाया था, इसलिए मैं चाहता हूं कि 2017 का सत्याग्रह जो हिन्दुस्तान में आने के बाद का गांधी जी का पहला सत्याग्रह ''चंपारण सत्याग्रह'' है, उसकी सौवीं वर्षगांठ आने वाली है, केन्द्र की सरकार से मेरा आग्रह है कि उसको राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाए। चूंकि गांधी जी भी एक ऐसी विचारधारा

[श्री के.सी. त्यागी]

है, जो आज पूरी दुनिया के गरीब लोगों के हाथ में मजबूत लोगों से लड़ने का एक मात्र हथियार है और गांधी जी माने अंबर-चरखा नहीं है, गांधी जी माने मद्य निषेध भी नहीं है, गांधी जी माने सत्याग्रह है। लोकतंत्र की स्थापना के लिए, बराबरी के अधिकार के लिए, समता के लिए, संपन्नता के लिए एकमात्र जो औजार है, वह सत्याग्रह है, इसलिए इस सत्याग्रह की सौवीं वर्षगांठ को सरकार ऊंचे पैमाने पर मनाए। इस संबंध में इनसे एक तो मेरा यह आग्रह है और दूसरा आग्रह यह है कि 1975 के जो लोकतंत्र सैनानी हैं, जो आपातकाल में जेल गए थे और एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक लगभग 01 लाख 10 हजार लोकतंत्र समर्थक जेल में रहे थे। मैं चाहता हूं कि बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात सरकारों की तर्ज पर ...(**व्यवधान**)...

श्री नारायण लाल पंचारिया (राजस्थान) : राजस्थान भी है।

श्री के.सी. त्यागी : राजस्थान सरकार ने समाप्त कर दिया। ...(**व्यवधान**)...

श्री नारायण लाल पंचारिया : राजस्थान में शुरू हो गया है।

श्री के.सी. त्यागी : आपने इसकी जानकारी दे दी, यह अच्छा किया। उत्तराखंड, हिमाचल और राजस्थान में समाप्त हो गया था। मेरा यह कहना है कि सिर्फ उनको सम्मानित करने के लिए स्वतंत्रता सेनानी के बजाय लोकतंत्र सेनानी के समकक्ष मान्यता देकर उनको भी इस देश में सम्मानित किया जाना चाहिए। मान्यवर, मैं अपनी बात पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी के वक्तव्य से शुरू करना चाहता हूं। उन्होंने वर्ष 2009 में नक्सलवाद के बारे में एक वक्तव्य दिया था, 'most serious internal threat to India.' इसी तरह का वक्तव्य देश के गृह मंत्री की तरफ से भी आया है। सर, मैं मानता हूं कि नक्सलवाद नहीं, बल्कि गरीबी और असमानता इस देश की सबसे बड़ी लानत और सबसे बड़े खतरे हैं। उपसभापति महोदय, मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहता हूं कि इस देश में ऐसे 10 राज्य और 180 जिले हैं, जो नक्सल प्रभावित माने जाते हैं। मैं पूर्व प्रधान मंत्री की पार्टी के लोगों को यह बताना चाहता हूं कि जब ''मनरेगा'' लागू हो गया तो इन 180 जिलों के बजाय 83 जिले रह गए और 10 राज्यों के बदले 9 राज्य रह गए। उनको मानना चाहिए कि नक्सलवाद नहीं, बल्कि गरीबी और गैर-बराबरी इस समय की सबसे बड़ी मुसीबतें हैं। प्लानिंग कमीशन के आंकड़ों और उसकी रपट के मुताबिक 99.99 परसेंट लोग दलित और आदिवासी हैं। उनके साथ जात-पात से लेकर आर्थिक विपन्नता तक की जो गैर-बराबरी है, उनमें से एक लो वेज़ेज भी है। उनसे उन इलाकों में लम्बे समय तक काम कराया जाता है जहां श्रम कानून लागू नहीं हैं। वे कर्ज़ा लेते-लेते बंधुआ मजदूर हो जाते हैं। मैं आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि आदिवासी इलाकों में बैंक की भी व्यवस्था नहीं है, वहां पर कोई बैंक नहीं होता है। जो प्रोड्यूसेज़ हैं, जो जमीनें हैं, उन पर उनका हक नहीं है। उनके साथ अमानवीय बर्ताव होता है, फिजिकल एसॉल्ट होता है और मालिक की तरह हुक्म देकर जनजातीय लोगों से काम कराया जाता है। सर, उनमें से 77 परसेंट के आसपास लोग लैंडलेस हैं और जिन आदिवासियों के पास ज़मीनें हैं, वे कल्टिवेशन के लिए फिट नहीं हैं। वहां फूड इनसिक्योरिटी है। 71.6 परसेंट ट्राइबल्स फूड डिफिशिएंसी में रह रहे हैं। उनके बच्चे जब पैदा होते हैं तो तीन महीने से लेकर पांच साल

तक के बच्चों की जैसे ग्रोथ होनी चाहिए, वैसी ग्रोथ उनकी नहीं हो पाती है। वहां पर स्टारवेशन डेथ सबसे ज्यादा हैं। वहां से ऐसे भी केसेज़ प्रकाश में आए हैं, जिनके अनुसार उन्हें अपने बच्चों को बेचकर अपना गुजारा करना पड़ रहा है।

सर, जहां मैं रहता हूं, उसके सामने खान मार्केट है और वहां कुत्तों को पालने का एक केन्द्र है, जिसका नाम Jaws and Paws है। मैंने अपने इस वक्तव्य के लिए उस केन्द्र की रपट मंगवायी, जिससे यह पता चला कि जो पपी है उसके खाने के लिए 2.5 के.जी. का puppy large food आता है, जो 1250 रुपये का एक पैकेट है और वह एक पपी पर दो दिनों में खर्च होता है। इसका जिक्र कभी प्रधान मंत्री जी ने किया था। उस पपी के लम्बे-लम्बे बाल होते हैं और उसके लिए Bio-Groom नामक एक शैम्पू आता है, जिसकी कीमत 1029 रुपये है। पपी के बाल इतने लम्बे होते हैं कि वह शैम्पू दो दिन में ही समाप्त हो जाता है। इसके अलावा, पपी स्नैक्स भी खाता है। आदिवासी या जनजातीय लोगों को चाहे खाने को मिले या न मिले, लेकिन पपी को स्नैक्स जरूर मिलने चाहिए और वे स्नैक्स 150 रुपये से 200 रुपये प्रतिदिन के होते हैं। वह पपी ट्वायज़ से भी खेलता है और उसे 200 रुपये से 400 रुपये तक के ट्वायज़ भी चाहिए। इसके अलावा, जाड़े के दिनों के लिए उसका बिस्तर 1800 रुपये में मिलता है।

सर, मैं यह कहना चाहता हूं कि बड़े लोगों का जो पपी है, वह हमारे इतवारी और जुम्मा, जो हमारे आदिवासी और दलित हैं, उनसे ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं। इसलिए जब आप नक्सलवाद पर चर्चा करें, तो उनके बारे में यह ध्यान रखें कि ये जो 90-98 परसेंट लोग हैं, ये इंसान के रूप में पशुओं से भी बदतर, कुत्ते-बिल्लियों से भी खराब जिन्दगी बिता रहे हैं। और यहां पर कहते हैं हम लोग, जो सभ्य समाज के लोग हैं कि वह गरीबी कोई खतरा नहीं। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश) : यह समाज सभ्य कैसे हो गया, आप इतने गुण बतला रहे हैं?

श्री के.सी. त्यागी : लो पर केपिटा इन्कम, लिट्रेसी और 67 परसेंट जो लोग हैं वे अनएजुकेटेड हैं। हैल्थ की बहुत बुरी हालत है। इन्फेंट, छोटे बच्चे पैदा होने पर सबसे ज्यादा वहां मरते हैं। 98 परसेंट चिल्ड्रेन डेफिसिएंसी के शिकार हैं। सर, मैं कहना यह चाहता हूं कि मालन्यूट्रीशन सबसे ज्यादा है। वहां पर ड्रिंकिंग वाटर की व्यवस्था नहीं है, वहां पर पानी का कोई निकास नहीं है। Infrastructure is the first casualty in *tribal* and *dalit* areas. Infrastructure includes roads, bridges, transportation, telecommunication, schools, health centres, water supply, power distribution, etc. सर, मैं कहना यह चाहता हूं कि जब तक यह गैर-बराबरी रहेगी, हम किसी महल में रहने वाले के खिलाफ नहीं, हम किसी की सम्पन्नता के खिलाफ नहीं, लेकिन सम्पन्नता के बीच में और विपन्नता के बीच में थोड़ी दूरी कम हो, यह हम चाहते हैं। हम किसी के महलों की रोशनी के खिलाफ नहीं, लेकिन जो झुग्गी में चिराग जलता है तो उस दीया बाती के अंदर भी थोड़ा बहुत तेल पड़ा रहने दिया जाए। हम इसलिए भी कहना चाहते हैं कि महलों की जो रोशनियां हैं, तब तक ही सलामत हैं जब तक झुग्गी में जलते हुए दीये के अंदर तेल सलामत रहे। जिस दिन वह तेल समाप्त होगा रोशनियों में और जगह भी गड़बड़ होगी। इसलिए भी जरूरी है कि गरीब और अमीर के बीच की दूरी कम की जाए।

[श्री के.सी. त्यागी]

दूसरा जो विषय है गृह मंत्रालय से संबंधित, वह केन्द्र राज्य संबंधों को लेकर के है। पिछले 60-70 वर्षों में लगभग 80 बार इस देश में इम्मेच्यॉर राष्ट्रपति शासन लगे हैं। राज्यपालों पर नए तरीके से बहस हो रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने सवाल उठाया है और दर्जनों बैठकें देश के अंदर हुई हैं। कैसे-कैसे * राज्यपाल आए हैं। कई बार तो मन करता है कि इस पद को ही समाप्त कर दिया जाए। * जी थे, उन पर भ्रष्टचार के आरोप थे, बिल्कुल ऑन रिपोर्ट कह रहा हूं, चूंकि एडिमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स कमेटी की रिपोर्ट है। एन.टी. रामाराव की निर्वाचित सरकार थी। 167 एम.एल.ए. उनके साथ थे। उनको बर्खास्त कर दिया। नर बहादुर भंडारी सिक्किम के मुख्यमंत्री थे। उनकी राज्यपाल से नहीं बनती थी। चूंकि आजकल राज्यपाल को लेकर बड़ी बहस चल रही है। उनको बर्खास्त कर दिया। ऐसे ही फारुक अब्दुल्ला साहब थे, कश्मीर के हमारे भाई बैठे हुए हैं। ...(**व्यवधान**)... देवी लाल जी पर भी आ रहा हूं। शरद यादव जी के नेतृत्व में हम मिलने के लिए गए तपासे साहब से। 5 बजे देवी लाल जी की शपथ होनीथी। जब शरद शदव जी, रवि राय जी और मैं तथा देवी लाल जी गए तो पता लगा कि भजन लाल जी ओथ ले चुकें हैं। ऐसा कभी दुनिया में हुआ? पश्चिमी बंगाल के हमारे साथी बैठे हुए हैं। ये चिल्लाते रहे * की जुल्म-ज्यादतियों के खिलाफ, हटाने का नाम नहीं। तो राज्यपाल का पद यह कोई शालीनता का पद नहीं बचा, यह कांस्टीट्युएशनल मामलों को ठीक करने का भी पद नहीं बचा। यह केन्द्र के लोगों के द्वारा अपनी मनमानी थोमने और वहां की सरकार को अस्थिर करने का इंस्ट्रूमेंट है। लिहाज़ मेरा सुझाव है कि जो आगे से गवर्नर बनें, वे एमिनेंट हों, Governor should be eminent in some walk of life. वह उस राज्य से बाहर का हो-नम्बर दो। यह सरकारिया कमीशन की रिकमण्डेशन में है, जो मैं बतला रहा हूं। तीसरा, पब्लिक लाइफ में किसी स्टेचर के पद पर भी वह रहा हो। चौथा, राजनीतिक जोड़-तोड़ में हिस्सा अगर कम लिया हो तो अच्छा है। * साहब हमारे यू.पी. के गवर्नर बने थे। एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स कमेटी ने कहा कि इन पर भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं। इसकी रिपोर्ट है सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स कमेटी में कि ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No. That is expunged. You cannot say that.

श्री के.सी. त्यागी : सर, इसमें मैं कोई अनकांस्टीट्यूशनल या ऐसी खराब बात तो नहीं कर रहा हूं?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : You cannot say that about fromer Governors.

श्री के.सी. त्यागी : पांच-पांच साल की लीगली इलैक्टेड गवर्नमेंट को आप 80 बार बरखास्त करोगे और फिर भी आप इनकी शालीनता के चक्कर में पड़े रहोगे?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No. That is a personal allegation.

श्री के.सी. त्यागी : सर, सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स कमेटी जिसके * चेयरमैन हैं, उनका लिखा हुआ है कि * लोगों को राज्यपाल बनया जाता है और उनके द्वारा की गई ज्यादतियां हमने देखी हैं।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

श्री उपसभापति : देखिए, आपने नाम बताया और * भी कहा, इसे तो मैं expunged करता हूं। अब बोलिए।

श्री के.सी. त्यागी : सर, उत्तर प्रदेश है, बिहार है और दर्जन भर राज्य हैं, मैं किसी एक राज्य के बारे में नहीं कह रहा हूं, उनके निर्वाचित मुख्य मंत्रियों को धमकियां दी जाती हैं। इसलिए मैं कह रहा हूं कि जब आगे से आप राज्यपाल नियुक्त करें, तो उनकी नियुक्ति राज्य के मुख्यमंत्री को विश्वास में लेकर करनी चाहिए। सर, ये राज्यपाल * और * नहीं हैं। इनके vested interests भी हैं। इन्हें अपने उपकुलपति भी चाहिए, इन्हें और कई जगहों पर अपने मनोनयन भी चाहिए। इसलिए इन्हें नियुक्त करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि ये कोई गड़बड़ न करने पाएं। सर, मैं अपने भाजपा के मित्रों से क्षमा-याचना सहित कहना चाहता हूं क्योंकि फिर मुझ पर तुष्टीकरण का आरोप लगेगा, मैं विश्व हिन्दू परिषद के कुछ साथियों के एक-दो बयान उन्हें बता दूं। प्रधान मंत्री ने कहा था कि हम चार साल देश के निर्माण का कार्य करेंगे और बाद के एक साल में राजनीतिक करेंगे सर, * विश्व हिन्दू परिषद के स्वघोषित अंतर्राष्ट्रीय महामंत्री हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री वी.पी. सिंह बदनौर (राजस्थान) : आप इंस्टीट्यूशन का नाम ले सकते हैं, लेकिन उनका नाम न लें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You sit down, let me listen. आप बैठिए।

श्री के.सी. त्यागी : आप सुन लीजिए, एक मिनट धैर्य रखिए। मैं कांग्रेस पार्टी के * के उस बयान की भी निंदा करता हूं जिसमें उन्होंने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी * करने की मांग की है। अब तो ताली बजा दीजिए। मुझे सब के लिए बोलने दीजिए। ये * हो रही हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Tyagiji, please ...*(Interruptions)*... Don't criticise anybody who cannot come here and defend himself. ...*(Interruptions)*... That's all. आप नाम नहीं लीजिए।

SHRI K.C. TYAGI: It is said, "If he does not relent, go with stones, tyres and tomatoes to his office. There is nothing wrong in it. I have done it in the past and Muslims have lost both property and money."

नहीं, यह नहीं कहना चाहिए। यह हमारे देश की साझी विरासत है और आप कहते हैं सब का विकास! सर, मेरे पास सरकार के द्वारा गठित तीन बी.जे.पी. के नाम हैं, महाराष्ट्र के * हैं, उत्तर प्रदेश के * हैं और तमिलनाडु के * हैं। इन्होंने रिपोर्ट दी है that Muslims think that they are *. ये पुलिस के तीन डी.जी.पीज़ की रिपोर्ट सारे देश की आंख खोलने वाली है। इसका उन्होंने बड़ा कारण यह बताया है कि मायनॉरिटी के लोगों का फोर्सेज में effective representation नहीं है। इसलिए गृह मंत्री महोदय से मेरा यह भी निवेदन होगा कि स्पेशल तरीके से उनकी भर्ती की जाए।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

[श्री के.सी. त्यागी]

सर, यह विषय कई बार उठा है और मैं चाहता हूं कि इस विषय पर आप अलग से बहस करा लीजिए कि धारा 37-0 किन परिस्थितियों में लगेगी। सर, यहां कर्ण सिंह जी नहीं हैं, उनके वालिद साहब राजा हरि सिंह जी, उन्होंने 15 अगस्त 1947, को अपनी रियासत का भारत में विलय नहीं कराया था। उन्होंने पाकिस्तान और हिन्दुस्तान – दोनों की सरकारों को चिट्ठी लिखी। भारत सरकार ने उनकी मांगें नहीं मानीं, लेकिन पाकिस्तान की सरकार ने उनकी छः की छः मांगें मान लीं और यह लगभग तय था कि जम्मू-कश्मीर की रियासत पाकिस्तान के साथ भी जा सकती है। यहां अपने मित्र जितेन्द्र जी बैठे हुए हैं, इनको दिल्ली में टोटल 12 हजार वोट मिले हैं और 9 लाख वोट उन लोगों को मिले हैं, जो कहते हैं कि धारा 370 रहनी चाहिए, लेकिन हमारे मित्र जितेन्द्र जी को सर्टिफिकेट मिल गया कि धारा 370 खत्म होनी चाहिए।

सर, मैं बहस के खिलाफ नहीं हूं और यह गलत प्रचार है। महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहर लाल नेहरू और शेख अब्दुल्ला – ये चारों एक राय के थे। जब शेख अब्दुल्ला जेल में थे और जवाहरलाल नेहरू उनसे मिलने गए। राजा हरि सिंह की जेल से उन्हें छुड़वाया और तब उन्हें persuade किया क्योंकि वह मुस्लिम मेजॉरिटी स्टेट थी। मुसलमानों का उन पर दवाब पड़ा... कि हम जिन्ना के पाकिस्तान में नहीं, हम गांधी के धर्मनिरपेक्ष हिन्दुस्तान में रहेंगे। तब भारत में कश्मीर का विलय हुआ ऐसा नहीं है, यह तुष्टीकरण नहीं है। इसलिए रोज-रोज जो बहस उठती है, जितेन्द्र जी, आपको वहां का पता है, लेकिन आपके हमारे माइंडसेट अलग-अलग होंगे। आप सोचते हैं कि सबके सब पाकिस्तान समर्थक हैं, हम कहते हैं कि दिल टूटे हैं। ये आपने नहीं तोड़े, हमारे इन मित्रों ने भी तोड़े हैं। जवाहरलाल नेहरू और शेख अब्दुल्ला के बीच जो इकरारनामा हुआ था, वह 1953 में इन्होंने तोड़ दिया। जो-जो चीजें तय हुई थीं, जितेन्द्र जी आप तो शायद वकील भी हैं, ...(**व्यवधान**)... डॉक्टर हैं, फिर इलाज क्यों अच्छा नहीं करते? मैं कहना चाहता हूं कि जो-जो इकरारनामें जवाहरलाल नेहरू और शेख अब्दुल्ला के बीच हुए थे, उन सभी इकरारनामों को कांग्रेस पार्टी के लोग लगातार तोड़ते रहे हैं। सदन-ए-रियासत बने थे, यहां पर कर्ण सिंह जी बैठते हैं, जब शेख अब्दुल्ला साहब वजीर-ए-आज़म बने थे, उससे पहले कांग्रेस पार्टी वैली में नहीं थी। कांग्रेस पार्टी वैली में तब बनी, जब शेख अब्दुल्ला साहब जेल चले गए थे। उसके बाद जब इंदिरा गांधी का शेख अब्दुल्ला के साथ एकॉर्ड हुआ, तो अब्दुल्ला साहब इंदिरा गांधी को चिट्ठी लिखते हैं। इंदिरा जी ने मना नहीं किया, उन्होंने कहा कि पिछले बीस साल से वैली में फ्री एंड फेयर पोल नहीं हुए। जब मोरारजी भाई देश के प्रधान मंत्री बने, तो तीस साल बाद 1978 में वैली में फ्री एंड फेयर इलेक्शन हुए। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि वहां का जो नौजवान है, उसे आप समझें। आप क्यों नहीं अटल बिहारी वाजपेयी जी की परंपरा को आगे बढ़ाते, जिन्होंने कश्मीर में जाकर कहा था कि यह सवाल इंसानियत से जुड़ा हुआ है। आप प्यार से और मोहब्बत से ही दुनिया को जीत सकते हैं। अगर ताकत के बलबूते पर दुनिया जीती जाती, तो अमरीका वियतनाम से नहीं भागता। वहां इतने लड़के हैं, बेरोजगारी है, उनके दिल टूटे हुए हैं, ऐसी आजादी की आड़ में दुनिया भर में घूम रहे हैं, तकलीफें उठा रहे हैं, लेकिन उनको भी देखना चाहिए। पहले जो गृह मंत्री थे चिदंबरम साहब और शिवराज जी, वे लोग ऑल पार्टीज़

3.00 P.M.

डेलिगेशन लेकर गए थे। मैं कहना चाहता हूं कि वक्त आ गया है, आप जम्मू भी जाइए, आप लद्दाख भी जाइए, लेकिन कश्मीर के बाशिंदों से मिलकर उनकी तकलीफों को जानने का प्रयास कीजिए कि वे क्यों दर्द में हैं। जिस तरह के अंतर्राष्ट्रीय कानून हो गए हैं और जिस तरह की बात है, आप गंभीरता के साथ कभी सोचना। वहां से 2014 में अमरीका चला गया, जिस तरह की फोर्सेज एक्टिव हैं, हम आपसे कम कंसर्न किसी चीज में नहीं हैं। यह वतन हम सब का है। आज जो पाकिस्तान के हालात हो गए हैं, जिस तरह की ताकतें अफगानिस्तान, पाकिस्तान पर कब्जा कर रही हैं, पश्चिम एशिया जिस तरह से लहूलुहान है, मैं कहना चाहता हूं कि अगर आप कश्मीर को बचाना चाहते हो, तो बगैर कश्मीर की अवाम का दिल जीते, डंडे के जोर पर कभी उनको अपने साथ नहीं ला सकते, इसलिए आप उनसे डायलॉग कीजिए। हम यह नहीं कहते कि अलगाववादी ताकतों के सामने झुकिए। बिल्कुल नहीं कहते, लेकिन कुछ लोगों का दिल वैली में मजबूत कीजिए। उनकी ईद नहीं मनी, उस समय भी हड़ताल रही। आप कुछ ऐसे प्रोविजन्स कीजिए, यह कोई तुष्टीकरण नहीं है, यह यथास्थितिकरण है। आप हर चीज में ऐसा कह देते हैं। अगर कोई भी जरा अल्पसंख्यकों के बारे में, गरीब लोगों के बारे में कहे, तो कह देते हैं कि यह तुष्टीकरण नहीं है। यह तुष्टीकरण नहीं है, कश्मीर के लोगों का भारत में तुष्टीकरण है और उसी के बगैर जो शेख अब्दुल्ला साहब ने किया था, ...(**समय की घंटी**)... इस देश का इंटीग्रेशन होगा, वरना इंटीग्रेशन नहीं होगा।

श्री उपसभापति : अब आप समाप्त कीजिए। प्लीज़ वाइंडअप, समाप्त कीजिए।

श्री के.सी. त्यागी : सर, देश के सामने इतनी दिक्कतें हैं और गृह मंत्रालय से जुड़े हुए 18 तो डिपार्टमेंट्स के अंदर डिपार्टमेंट्स हैं। दो-दो मिनट भी अगर बोलेंगे, तो कितना समय लग जाएगा।

महोदय, एक तो मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी, गृह मंत्री जी, नेता सदन होते, तो अच्छा होता। जिस तरह की वारदातें हुईं, मैं इस पर भी बहस नहीं करता कि कौन कर रहा है, कौन करा रहा है, मगर कुछ लोगों का दिल टूटा है, चाहे महाराष्ट्र सदन की घटना हुई हो। मैं परसों मुजफ्फरनगर गया था, कहा गया कि खरगौधा में कांड हो रहा है, मैं जब वहां गया तो काफी लोग इकट्ठे हुए। मेरे पीछे खड़े एक सज्जन कह रहे थे कि इसको मुजफ्फरनगर करा दीजिए। मुजफ्फरनगर किसी शौर्य का नाम नहीं है, यह हिन्दू शौर्यता का नाम नहीं है। अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कंधमाल के दंगों के बाद कहा था कि मुझे शर्म आ रही है। हम सारे विश्व की मानवता के लिए चिंता करने वाली कौम हैं। गांधी जी ने कहा था कि मैं हिन्दू तब तक हूं, जब तक भारतीय समाज और हिन्दू समाज सहिष्णु है। जिस दिन हिन्दू समाज की सहिष्णुता समाप्त हो जाएगी, मैं हिन्दू होना बंद कर दूंगा। गांधी से बड़ा कोई पुरखा हमारा नहीं था। आज समाज में तनाव है, लोगों के दिल टूटे हुए हैं, यह कोई मुस्लिम तुष्टीकरण नहीं है। जिनके घर पर पर्दे डले हुए हैं ...(**समय की घंटी**)... जिनके घर में दरवाजे भी नहीं हैं, उनके लिए आप कह रहे हैं कि वहां स्टेनगन रखी हुई है?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please conclude.

श्री के.सी त्यागी : जिनकी बहू-बहन-बेटियों को हम पर्दों के बाहर झांकते हैं,...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please conclude.

श्री के.सी. त्यागी : वहां पर भी आपको शक है कि वहां उग्रवादी आ गए! जो उग्रवादी आए हैं, कानून बनाइए, आप सज़ा दीजिए, लेकिन पूरी की पूरी कौम को, इस आधार पर कि उनका धर्म अलग है...

श्री उपसभापति : आपका टाइम खत्म हो गया है।

श्री के.सी. त्यागी : आप इस तरह से उनको एंटी-नेशनल नहीं कह सकते हैं और अगर कुछ लोगों के दिल टूटे हैं, तो दो रास्ते हैं - मार-पीट करो या प्यार से दिल जीतने का काम करो। चार दिन के बाद देश की आज़ादी का दिन है और मैं इसी के साथ अपनी बात समाप्त करूंगा कि यह आजादी हमें गांधी जी के प्रयासों से मिली थी, लेकिन 15 अगस्त, 1947 को गांधी जी उस आज़ादी का जश्न देखने के लिए यहां नहीं आए थे। वे नोवाखाली में थे। हिन्दू के मोहल्ले में जाते थे, तो हिन्दू गाली देते थे और मुसलमानों के मोहल्ले में जाते थे, तो मुसलमान गाली देते थे, लेकिन बापू डरते नहीं थे, वे सत्याग्रह में बैठे थे। पटेल साहब और जवाहरलाल उनको मनाने के लिए गए, लेकिन वे बोले-नहीं, जब तक लोग प्रायश्चित नहीं करेंगे, मैं अपना अनशन समाप्त नहीं करूंगा। तो सर, जिनकी बदौलत यह देश आजाद हुआ, जिनकी बदौलत हम यहां बैठे हैं, उनको चार दिन बाद स्मरण करने का दिन है, 15 अगस्त, 1947 का दिन, इसलिए मैं चाहता हूं कि 15 अगस्त पर प्रधान मंत्री जी लाल किले से कहें कि चुनावों के अंदर जो हुआ, वह हुआ, लेकिन अब यह देश सबका है। जाति, धर्म, भाषा, लिंग किसी भी आधार पर ...(**समय की घंटी**)... अब कोई भेदभाव नहीं होगा, तो शायद ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please conclude.

श्री के.सी. त्यागी : लाल किले की प्राचीर पर खड़ा हुआ नरेन्द्र मोदी प्रधान मंत्री के पद से बड़ा लगेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

प्रो. राम गोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति जी, यह अच्छी बात है कि आज हम गृह मंत्रालय पर चर्चा कर रहे हैं। गृह मंत्रालय देश का सबसे महत्वपूर्ण मंत्रालय है और जितना यह महत्वपूर्ण है, माननीय गृह मंत्री जी, उतना ही आपके लिए यह कांटों का ताज भी है, क्योंकि आपको तो बहुत सारी समस्याओं को झेलना ही पड़ता है, देश की जनता के प्रति संसद के माध्यम से और अन्य तरीकों से जवाबदेह होना पड़ता है, लेकिन आप अपने क्षेत्र के लोगों से न मिल पाते हैं, न उनके लिए कुछ कर सकते हैं, इसलिए आम तौर पर जो गृह मंत्री होते हैं, वे चुनाव हार जाते हैं। इसलिए मैंने कहा कि यह कांटों का ताज भी होता है, लेकिन यह बहुत महत्वपूर्ण मंत्रालय है और बहुत सारी समस्याएं हैं, इसलिए मैं अपना समय देखते हुए nutshell में, बहुत संक्षेप में कुछ बिन्दुओं पर आपसे बात करूंगा।

महोदय, देश के सामने आज सबसे बड़ी समस्या है आंतरिक सुरक्षा की, हालांकि बाहर से आने वाले आतंकवादी भी बहुत बड़ी समस्या हैं, लेकिन देश के अंदर, चाहे वह नक्सलवाद हो, माओवाद हो, पी.डब्ल्यू.जी. हो या नॉर्थ-ईस्ट के बहुत सारे इस तरह के ग्रुप्स हों, जो देश को तोड़ने या लोगों के साथ मनमानी करने के लिए काम कर रहे हों, यह ऐसी समस्या है जो आए दिन आपके लोगों को, क्योंकि मिलिटरी से भी आगे पोस्ट होती है बी.एस.एफ., जो आपके अधीन आती है। जो मिलिटरी पोस्ट होती है, उससे आगे भी मिलिटरी और दूसरे बॉर्डर के बीच में बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के लोग होते हैं। उस पर सबसे पहले आपका, जो बाहर से आने वाले आतंकवादी हैं, उनसे पाला पड़ता है और देश के अंदर तो आप देख ही रहे हैं, चाहे छत्तीसगढ़ हो, चाहे महाराष्ट्र का गढ़चिरौली हो, चाहे झारखंड हो या बिहार का कुछ हिस्सा हो – उत्तर प्रदेश के दो जिलों में भी यह आ गया था लेकिन वह नियंत्रित हो गया था, वहां लम्बे अरसे से इस तरह की कोई घटना नहीं हुई। इन सब चीजों को रोकने के लिए, जैसा त्यागी जी ने कहा, इसकी जड़ तक जाने की जरूरत है कि आखिर ऐसा हुआ क्यों? क्यों आदिवासी लोगों ने अस्त्र उठाए? वक्त के साथ-साथ उसमें कुछ असामाजिक तत्व भी घुस गए जो गरीबों से जुड़े थे, वे गरीबों की ही मारने लगे, लोगों को ही मारने लगे। उनकी जमीन-जायदाद, जो बाप-दादा के ज़माने से जोतते चले आ रहे थे, सात-सात पुश्तों से जोतते चले आ रहे थे, उसके मालिक वे नहीं थे। उनके बच्चे जब पढ़-लिखकर बड़े हुए तो उन्हें यह लगा कि हमारा तो इसमें कुछ है नहीं। फिर उन्होंने हथियार उठा लिए। इसलिए भूमि सुधार और तमाम तरह की बातें हैं – न वहां पढ़ाई की कोई सुविधा है, न उनके गांव तक सड़कें हैं, न उनके लिए पीने के पानी की कोई व्यवस्था है - इन सारी उपेक्षाओं से नाराज़ होकर कुछ लोगों ने यह शुरू किया और कुछ स्वार्थी तत्व लूटपाट के उद्देश्य से उसमें जुड़ गए और जिस उद्देश्य से उन लोगों ने हथियार उठाए थे, वह उद्देश्य ही बेकार हो गया। नतीजा यह है कि सरकारें भी बहुत सख्त कदम उठाने से डर रही हैं। अच्छी बात यह है कि पहली बार गृह मंत्री ने यह कहा है कि हम छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों को हेलीकॉप्टर्स भी उपलब्ध कराएंगे और अगर जरूरत पड़ेगी तो इन हेलीकॉप्टर्स का प्रयोग इन नक्सलवादियों या माओवादियों को कंट्रोल करने के लिए कर सकते हैं। एक तो यह बहुत बड़ी समस्या है।

नॉर्थ-ईस्ट की स्थिति यह है कि आप अपने बजट में earmark करते हैं कि इतना परसेंट नॉर्थ-ईस्ट को जाएगा। एक बार Public Accounts Committee के सामने उस वक्त के नॉर्थ-ईस्ट के इंचार्ज मंत्री थे, आपकी सरकार थी, अरुण शौरी साहब, वे हम लोगों के सामने आए। उन्होंने यह स्वीकार किया कि अगर हर व्यक्ति को पैसा दे दिया जाता, दो-दो, चार-चार, दस-दस लाख, तो सब लखपति हो जाते और पैसे का सदुपयोग हो जाता, लेकिन जो यह पैसा जा रहा है, जो वहां के आतंकवादी किस्म के लोग हैं, secessionist हैं, वे इसमें से हिस्सा लेते हैं और सही बात तो यह है कि जो अफसरों का वेतन है, उसमें से भी कुछ परसेंट पैसा वे लोग लेते हैं, वरना काम नहीं करने देते। एक ही प्रोजेक्ट को अलग-अलग नाम से बार-बार दिया जाता है, जब कि कोई पैसा खर्च नहीं होता है और काम दिखा दिया जाता है। पूरा बजट ऐसे ही चला जाता है। इसको कैसे सुधारेंगे, इस संबंध में हम तो ज्यादा सुझाव नहीं दे सकते, लेकिन स्थिति बहुत गंभीर है। यह आपकी जिम्मेदारी है, आप उस इलाके से भी आते हैं, आप देखें कि जो पैसा आपकी

[प्रो. राम गोपाल यादव]

गवर्नमेंट देती है, वह, जो उग्रपंथी लोग हैं, उनसे हटकर जनता के बीच कैसे जाए, कैसे डेवलमेंट के काम हों।

महोदय, राज्यों में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति का सवाल उठता है। यह सही है कि यह विषय तो राज्य का होता है, लेकिन केन्द्र सरकार को, केन्द्रीय गृह मंत्री को राज्यों से रिपोर्ट मांगने, उनको एडवाइजरी देने का हक होता है। बार-बार उत्तर प्रदेश की चर्चा होती है। अभी अश्विनी कुमार जी और अन्य सदस्य बोल रहे थे, तब भी उत्तर प्रदेश की चर्चा हुई। युनाइटेड नेशंस की और नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट मेरे पास है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के हिसाब से 2013 में जो रेप की घटनाएं हैं, वे उत्तर प्रदेश में 3,050 हैं, जबकि मध्य प्रदेश में, 4,355, राजस्थान में 3,285 और महाराष्ट्र में 3,063 हैं। डकैती की महाराष्ट्र में 833, उत्तर प्रदेश में 596, बिहार में 579, ओडिशा में 436 घटनाएं हुई हैं। हत्या की घटनाएं उत्तर प्रदेश में 5047, बिहार में 3441, महाराष्ट्र में 2512, मध्य प्रदेश में 2112 हुई हैं। आप देखेंगे कि प्रति एक लाख पर जो क्राइम रेट है, उसमें उत्तर प्रदेश का स्थान 23वां है। उत्तर प्रदेश से ऊपर असम, केरल, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, मेघालय, हरियाणा, मणिपुर, ओडिशा, बिहार, कर्णाटक, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, गोआ, मध्य प्रदेश, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा, सिक्किम, उत्तराखंड़, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु हैं, उनके बाद उत्तर प्रदेश आता है। इसके अलावा महिलाओं के प्रति अपराध की भी बहुत चर्चा होती है। बड़े शहरों में – दिल्ली, मुम्बई, बंगलौर, अहमदाबाद, कोलकता, हैदाराबाद, विजयवाड़ा, जयपुर, लखनऊ हैं। पिछले वर्ष दिल्ली में 11449 घटनाएं हुईं, मुम्बई में 2946 घटनाएं हुईं, बंगलौर में 2608 घटनाएं हुईं, अहमदाबाद में 2449 घटनाएं हईं, वह प्रधानमंत्री जी के राज्य की राजधानी है, कोलकता में 2399 घटनाएं हुईं, हैदाराबाद में 2132 घटनाएं हुईं, विजयवाड़ा में 2071 घटनाएं हुई हैं, जयपुर में 2033 घटनाएं हुई हैं, लखनऊ में 1431 घटनाएं हुई हैं। यह रिपोर्ट क्राइम ब्यूरो की है। दंगों के बारे में भी एक रिपोर्ट है जो यूनाइटेड नेशन्स की रिपोर्ट है। इसमें आपको यह देखना पड़ेगा कि जुडिशियल सिस्टम में जब लोगों को लगता है कि वे अपराध करेंगे तब भी मुकदमे से छूट जायेंगे, जब उन्हें लगता है कि अपराध करने के बाद भी वे छूट जायेंगे, तो उन्हें कानून का कोई खौफ नहीं होता है और वे बेखौफ होकर अपराध करते हैं। जब उन्हें लगता है कि वे अपराध करेंगे और छूट नहीं पायेंगे, तभी अपराधों में कुछ कमी आती है। दोष सिद्ध का जो रेट है, जिसमें सजा हुई, वह रेट उत्तर प्रदेश में 50.9 परसेंट है। यह हत्या के मामलों में है। महाराष्ट्र में 27.4 परसेंट है, कर्णाटक में 17.7 परसेंट है, गुजरात में 22.8 परसेंट है, छत्तीसगढ़ में 35.7 परसेंट है, बिहार में 24.7 परसेंट है और आन्ध्र प्रदेश में 31 परसेंट है। इतने बड़े पैमाने पर हत्या जैसे गंभीर मामलों में लोग छूट जाते हैं। बार-बार उत्तर प्रदेश की चर्चा होती है।

माननीय उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से मैं एक बात कहना चाहता हूं कि देश को मिडिया के माध्यम से बदनाम करने की बहुत कोशिश की गई, दुनिया भर में बदनाम करने की कोशिश की गई। यह यू.एन. की रिपोर्ट है जिसके हिसाब से बलात्कार में जो दर है प्रति एक लाख पर वह हिन्दुस्तान में 1.8 है, अमेरिका में 27.3 है, स्वीडन में 63.5 है, फ्रांस में

16.2 है, यूनाइटेड किंगडम में 28.8 है। यह स्थिति है। जब कोई घटना घट जाती है, तो हमारा मीडिया इतना चिल्लाता है कि हमारे यहां जो आने वाले लोग हैं, जो टूरिस्ट्स आते हैं, उनकी संख्या में 30 परसेंट की कमी आ गई है। इसके बारे में हमें सोचना पड़ेगा। जब WTC पर हमला हुआ तब 25 हजार लोग मारे गए, क्या किसी ने एक लाख भी टी.वी. पर देखा, क्या कभी एक डैड बॉडी दिखाई गई? यहां अगर गोधरा में लाखों को निरंतर टी.वी. पर न दिखाया जाता तो गुजरात में कोई गड़बड़ी नहीं होती।

ऐसी तमाम घटनाएं हैं, जो टेलीविजन और मीडिया की वजह से इतने बड़े पैमाने पर फैलती हैं कि उनको नियंत्रित करना मुश्किल हो जाता है। माननीय गृह मंत्री जी, हमें इस चीज पर भी ध्यान रखना पड़ेगा। हम नहीं चाहते कि मीडिया पर कोई पाबंदी लगे, लेकिन मीडिया के लोगों को भी राष्ट्रहित में यह सोचना चाहिए कि दूसरे देशों में हिन्दुस्तान की तुलना में इतने बड़े पैमाने पर ज्यादा अपराध हो रहे हैं, चाहे वह बलात्कार हो, चाहे हत्या हो। या केवल एक मामला नहीं है। यू.एन. की रिपोर्ट के हिसाब से हत्या के मामले में भी हिन्दुस्तान का रेट एक लाख में 3.5 है, जबकि दूसरे देशों में बहुत ज्यादा है। दस-बारह बड़े देशों में से इंडिया में यह सबसे कम है, दूसरी जगह यह इससे भी कई गुना ज्यादा है। इसलिए आपको यह सोचना पड़ेगा और मीडिया के लोगों से मिलकर यह कहना पड़ेगा कि देश को बहुत बड़े पैमाने पर बदनाम करने की कोशिश मत कीजिए। बदायूं का मामला यू.एन. तक चला गया और जब सी.बी.आई. ने जांच की तब क्या निकला? तब यह मामला ऑनर किलिंग का निकला। यह मामला यूनाइटेड तक नेशन्स में चला गया। जब इतने बड़े पैमाने पर ये चीजें होंगी, देखिए पोलिटिकल इन्टरनेट अलग चीज होती है, लेकिन देश बड़ा है। देश राजनीतिक दल से या किसी व्यक्ति से बहुत बड़ा है। देश के हितों के खिलाफ या देश का सम्मान दुनिया की नजर में गिरे, ऐसी कोई कार्यवाही नहीं होनी चाहिए, हमारा यह प्रयास होना चाहिए।

माननीय गृह मंत्री जी उत्तर प्रदेश से ही आते हैं। मैं उनसे यह कहना चाहूंगा कि बिल्कुल डिस्पेशनेट होकर, इसमें कोई राजनीतिक नहीं है कि वे अपनी पार्टी के पदाधिकारियों से, मैंने उनको एक दिन यहां कहा भी था कि उनको यह निर्देश दें कि जब केन्द्र में उनकी सरकार है, अगर उत्तर प्रदेश में दंगा कराने की कोशिश करोगे, तो उसके छींटे आप पर आएंगे, आप बच नहीं सकते। इसको बढ़ाने की कोशिश न करें और गृह मंत्री होने के नाते उनके दल के लोगों की भी जिम्मेदारी है कि वे यह देखें कि जब देश का गृह मंत्री हमारा है, तो हम कोई ऐसा काम न करें कि जिसकी वजह से अंगुली उठे कि इनकी वजह से यह गड़बड़ी हो रही है। मैं उनको अकेले में सारे सुबूत दे दूंगा। उनके लोग क्या बात करते हैं, सी.सी.टी.वी. कैमरे की फुटेज, उनके स्टिंग ऑपरेशन्स और किस तरह से कैसा दंगा कराया जाए, कैसे और कहां हमला किया जाए, ये सारी बातें हैं, जो कभी अकेले मिलकर मैं माननीय गृह मंत्री जी को दूंगां। इसके साथ ही यह भी बताऊंगा कि लोग क्या कर रहे हैं। बहुत प्रचार होता है कि लोगों को अपीज़ करने के लिए कार्रवाई की जाती है। अभी सहारनपुर में एक झगड़ा हुआ और उस झगड़े में दो लोग मारे गए। सारे देश में ऐसे दिखाया गया कि बहुत बड़ा दंगा हुआ है और कहा कि एक पक्ष के साथ, मतलब मंशा यह थी कि जो माइनॉरिटीज के लोग हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होती और जो दूसरे लोग हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही होती है। बिना जानकारी प्राप्त किए, ऐसा प्रचार करते हैं। मैंने

[प्रो. राम गोपाल यादव]

पता किया तो पता चला कि जो 17 लोग गिरफ्तार हुए, वे सभी मुस्लिम्स थे और उनमें एक भी सिख गिरफ्तार नहीं हुआ। लेकिन बी.जे.पी. के लोग सब प्रचार कर रहे हैं कि अपीजमेंट की पॉलिसी चल रही है, एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई होती है। जो दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मैं गृह मंत्री जी से एक बात और कहना चाहूंगा IPS का जो ट्रेनिंग सेन्टर है, जहां पर उनको ट्रेनिंग देते हैं, उसमें उनको एक ऐसी ट्रेनिंग और दिलवाइए, क्योंकि जब दंगे-फसाद होते हैं, तो हमने यह देखा कि निर्दोष हमेशा मारे जाते हैं और दंगा कराने वाला हमेशा बच जाता है। कोई ऐसा सिस्टम होना चाहिए, आई.पी.एस. ऑफिसर्स के लिए कोई ऐसी ट्रेनिंग होनी चाहिए कि अगर कोई मरे तो दंगा कराने वाला मरे, निर्दोष कोई न मरे। दंगे रुक जाएंगे। हमने एक-दो जगहों पर देखा है, जहां पर इस तरह की कार्यवाही हुई है, वहां बाद में कभी दंगा हुआ ही नहीं। मैं आपसे एक और अनुरोध करना चाहूंगा कि आप पुलिस बल का आधुनिकीकरण करने के लिए पैसा तो बहुत दे रहे हैं, लेकिन आप उसको मॉनिटर कीजिए। हथियार हल्के होने चाहिए, उनकी मार बहुत अच्छी होनी चाहिए, जैसे विदेशों में हैं। हमारा कांस्टेबल दस किलों की राइफल लेकर किसी के पीछे नहीं दौड़ सकता है। आप उनको बहुत बढ़िया किस्म के वैपन्स दीजिए, उनको लाभ दीजिए। गाड़ियां ऐसी हैं कि आप मंत्री हैं, आपके साथ जब एस्कॉर्ट चलता है, तो आपकी गाड़ी आगे निकल जाती है और एस्कॉर्ट मीलों पीछे रह जाता है। गाड़ियों की व्यवस्था अच्छी होनी चाहिए, असला बहुत अच्छा होना चाहिए। सभी राज्यों में बड़े पैमाने पर जो पुलिस फोर्स की कमी है, आप उसके लिए राज्य सरकारों को निर्देश दीजिए कि जितनी भी एप्रूव्ड पोस्ट्स हैं, उनके अगेंस्ट एपोइन्टमेंट्स होनी चाहिए। वहां पुलिस फोर्स की कमी नहीं होनी चाहिए। आपने ही आंकड़ा दिया है कि हमारे उत्तर प्रदेश में अभी भी दो लाख से ज्यादा वैकेन्सीज़ हैं। हम भी उत्तर प्रदेश सरकार से बात करेंगे कि आखिर इतनी अधिक कमी क्यों है? हमको जो एडिशनल एस.पी. पोस्ट यानी आई.पी.एस. मिलता है, वह यहां से मिलता है, आपको यहां भी अपने विभाग से कहना पड़ेगा कि जिनकी प्रमोशन ड्यू है, उनको जल्दी प्रमोट करके नोटिफाई करें।

आज जेलों में सुधार की बहुत जरूरत है। उसके लिए राज्यों को पैसा दीजिए। कभी-कभी ऐसा होता है कि इसकी वजह से अपराधी बढ़ और जाते हैं। यदि अच्छा आदमी भी जाए, तो वह अपराधी बनकर ही निकलता है।

आज लोगों के हाथ में साइबर क्राइम सबसे ज्यादा खतरनाक औजार आ गया है। मनचाहे तरीके से, जैसा चाहें, वैसा वीडियो भेज देंगे, तनाव पैदा करने की कोशिश करेंगे। आज सांप्रदायिक दंगा कराने, बढ़ाने, आग लगाने में सबसे बड़ा काम साइबर क्राइम का है। इसलिए आप साइबर क्राइम से संबंधित जो कानून है, उसको सख्त बनाइए, अपराधियों पर जल्दी कार्रवाई हो सके, उसके लिए कानून के लोगों को ट्रेनिंग दीजिए तथा पुलिस वालों को यह जानकारी होनी चाहिए कि किस तरीके से इनको गिरफ्तार करके कार्रवाई की जाए।

एक दूसरी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दे दिया है कि अगर किसी को सात साल से कम सजा होती है, तो पुलिस उसको गिरफ्तार नहीं कर सकती है। इसने ऐसा झमेला पैदा कर

दिया है कि अगर कोई लाठी मारकर आपकी बांह तोड़ दे, तो पुलिस मुकदमा लिख लेगी, चार्टशीट देगी, मुकदमा चले और सजा हो जाए, वह अलग बात है, But the police can't arrest you. इसको रिव्यू करने के लिए मेरी आपसे अपील है कि आप सुप्रीम कोर्ट से कहें कि यह जो फैसला है, जिसमें सात साल से कम सजा वाले लोगों को गिरफ्तार न करने के लिए कहा है, इस पर पुनर्विचार करे और पुलिस को लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की छूट मिलनी चाहिए।

एक संसदीय राजभाषा समिति होती है, जिसके गृह मंत्री अध्यक्ष होते हैं। आपने संसदीय राजभाषा समिति के लिए जो कानून बनाया, वह 1963 में बना था और 1976 में लागू हुआ था, लेकिन अभी भी, कानून होने के बाद भी, केन्द्रीय भाषाओं में हिन्दी का चलन ठीक तरह से नहीं हो रहा है। गृह मंत्री जी उस समिति के अध्यक्ष हैं, वे देखें कि इस पर सही तरीके से अमल हो रहा है या नहीं हो रहा है।

फेडरल सिस्टम को बचाये रखना हमारे गृह मंत्री जी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बनती है। इस ओर त्यागी जी और अन्य लोगों ने भी इशारा किया है। लोगों को बार-बार डायरेक्ट या इन-डायरेक्ट वे में धमकियां दी जाती हैं। आपकी पार्टी के उत्तर प्रदेश के जो अध्यक्ष हैं, वे रोजाना धमकी देते हैं, जैसेकि उत्तर प्रदेश की सरकार कोई गाजर या मूली हो, जिसको उखाड़कर फेंक देंगे। यह जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है। यह कहना कि यह नवंबर से पहले खत्म हो जाएगी, इसके बाद नहीं चल सकती है, ऐसी धमकियां देना बंद कीजिए। हम लोग डॉ. लोहिया के अनुयायी हैं, हमने जीवन भर संघर्ष किया है। जब कुछ नहीं थे, तब से संघर्ष किया है। संघर्ष किया है, इसलिए कभी किसी की परवाह नहीं की। आप जानते हैं कि जब आप बहुत बड़ी ताकत में थे, हमने तब भी परवाह नहीं की। आप 73 हैं, आपको उत्तर प्रदेश में 60 से 8 पर लाने का काम भी समाजवादी पार्टी ने कर दिया है। आप इस गलतफहमी में मत रहिएगा कि 73 सीटें जीत गए तो दोबारा जीत जाओगे। This performance will never be repeated.

इसलिए घमंड में आकर आपके प्रदेश के पदाधिकारी अपनी सीमाओं से बाहर जाकर राज्य सरकार को अस्थिर करने के लिए जनता की निगाह में ...(**समय की घंटी**)... अगर धमकियां देने काम करेंगे, तो इसके परिणाम ठीक नहीं होंगे। गृह मंत्री देश की एकता का प्रतीक होता है। गृह मंत्री का राज्य उत्तर प्रदेश है। इसलिए गृह मंत्री को चाहिए कि वे उत्तर प्रदेश में अपनी पार्टी के पदाधिकारियों को इंस्ट्रक्ट करें कि वे न तो दंगा फैलाने की बात करें, न राज्य सरकार को बर्खास्त करने की धमकी देने की बात करें। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री के.सी. त्यागी : सर, मैंने आपको सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव कमीशन की जो रिपोर्ट सुनाई थी वह लोक सभा की प्रोसीडिंग्स का हिस्सा है। इसमें * और * का ज़िक्र है। इसलिए मेरा निवेदन है कि आप रिपोर्ट मंगवा लीजिए और अगर उस रिपोर्ट में इन दोनों के नाम हों, तो मैं चाहूंगा कि यह सदन की कार्यवाही का हिस्सा बने और अगर नाम नहीं हैं, तो आप इन्हें निकाल दीजिए, लेकिन I am on record to say this. इसलिए इनको काटा न जाए। मैं बाकायदा शपथपूर्वक आपसे कह रहा हूं कि सेन्ट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव कमीशन की रिपोर्ट के तहत * वहां के गवर्नर थे, जिन्होंने एन.टी. रामाराव जी को हटाया था। मैं ऑन रिकार्ड कह रहा हूं। *, जो उत्तर प्रदेश के राज्यपाल

* Expunged as ordered by the Chair.

थे...

श्री उपसभापति : आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... ठीक है, आप बैठिए। You have made your point.

श्री के.सी त्यागी : यह कार्यवाही का हिस्सा बने।

श्री उपसभापति : आप अपनी बात कह चुके। ठीक है, आप बैठिए। डा. अशोक एस. गांगुली।

DR. ASHOK S. GANGULY (Nominated): Mr. Deputy Chairman and hon. Members, through you, Sir, I address the Department of Home and the Minister of State who is there. ...*(Interruptions)*... The Home Ministry ...*(Interruptions)*... Excuse me, please. ...*(Interruptions)*...

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE) *in the Chair.*]

The Home Ministry is the guardian of the quality of glue of national unity and integrity. I want to raise a few points within the time given to me on the following issues for your kind attention, hon. Minister.

I think the biggest priority today in the minds of the people is the safety of women on our streets.

The second big worry that the person on the road has is the political influence on the police virtually across the country. I think this issue is reaching levels where unless the Home Ministry takes some initiatives along with the States, it will get from bad to worse.

The next issue that I wish to bring to your kind attention is the challenge that we face in the North-Eastern States of India. The creeping influence of China and the dumping of huge amounts of cheap goods are creating an environment which is not conducive to the security of the country.

In this regard, I will move to my third point and which is the ISI surveillance from Sri Lanka on US and Israel Consulates in Tamil Nadu and on the creation of a network of Indian moles which, I think, is a dangerous beginning to what some neighbours wish to do not only in the North East but across our boundaries, including the South of India as well.

The eventual aim is to create a Nov. 2008 Bombay-type terrorist attacks in other parts of India. I think we should learn a very important lesson from the Hedley episode. In this regard, 1 would request you to kindly share with this House, Mr. Minister, the snooping by the United States which was discussed, apparently, with Mr. Kerry during his recent visit to Delhi and to also share with this House the issues of security that transpired

which can be put in the public domain. The next point, which I wish to raise, is with regard to rise in social unrest and communal riots in this country, which the other speakers have also referred to, combined with naxalism, the LET especially after withdrawal of US troops from Afghanistan in 2015 and the disturbances that will ensue from now onwards, until all the US troops are withdrawn. These are all extremely disturbing issues. The Home Ministry has a particular responsibility to give the top-most priority to deal with the disturbances that will be caused from across border, even with greater intensity than in the past.

I think, we would like the Home Ministry to share with this House whether the funds, which are being allocated to modernize our police forces and other civil agencies, are sufficient. Are we doing enough or are we still continuing with the spectacle that I personally witnessed on 26th November, 2008, in Mumbai?

Finally, I would request you to share with us some of the measures that you are able to do regarding domestic security, public safety and the independence and freedom of the citizens of India and those who visit this country. You have come new in the Government and you have a special responsibility for reinforcing our faith in our Home Ministry. When you reply to the discussion in this House, I would particularly like you to focus on some of the issues that I have raised. I don't want to repeat a number of issues which have been brought up by the speakers who spoke before me. ...*(Time-bell rings)*... They cannot be ignored. We depend on the Government and its pronouncements and its actions to reassure us that our national unity and integrity will not only sustain, but will be further strengthened.

Thank you very much.

DR. K. KESHAVA RAO (Andhra Pradesh): Sir, when we are talking about the Home Ministry, it is some kind of an umbrella Ministry. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V. P. SINGH BADNORE): You have seven minutes. ...*(Interruptions)*...

DR. K. KESHAVA RAO: This is what exactly troubles me. The moment you say I have seven minutes, my thoughts run faster than the words and I get confused. Every time, so, this is the problem. Seven minutes are given to a party Member who is, perhaps, the seventh largest political party in Parliament! ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Arguing this way, you are wasting your time. ...*(Interruptions)*...

DR. K. KESHAVA RAO: I will not speak on this subject, but let me clarify you. I belong to a newly-created State. It is a ruling party. The issue is whether the Home Ministry will deal with the State legislations or with the Government on many issues. Naxalite issue concerns me. So, at least, give me some more time and give me a hearing.

As I have said, it covers all the things. I had, in fact, listed five-six issues. But I will drop all of them because Mr. Ashwani Kumar talked about the first perception. When you got elected, we all congratulated you. You have full mandate. You have people with you. And you have raised hopes in them. They have a lot of expectations. But let us also remember there is a strong perception in the people. The perception comes when the consciousness becomes fixed. This perception is about communal divide, communal polarisation or your own views on that.

How you act, it is for you to decide. Because, mere slogan mongering or ritual things will not help us. If there is an action, perhaps, it will be able to overcome it. That is why I wanted to refer to what Ashwani Kumar said. He spoke at length and deserves your attention. I shall drop that subject now.

Sir, my next point is this. There is a report here. It speaks of Centre-State relations. It says we will have best relation and cooperation built. As far as the States are concerned, it said that you will be the best model for federalism. Nobody can be more happy than us as a new State when we know we will have that kind of a cooperation. The Prime Minister talked to us; he gave us special time, met us personally, again, took us inside and said 'I have been the Chief Minister for long. I know the problems of the State. So, 1 care for the best relations.' Sir, this was only 90 days ago. Mr. Vice-Chairman, Sir, believe me. Today, Now I have a missive in my hands. There is a letter which I may not like to dwell at length. Because, this morning, I believe in the Lok Sabha when this issue was raised, the Home Minister said, "I have not looked into it. I will consider it. I will revisit it." But what does the letter say? It says that the 29th new State created out of Andhra Pradesh whose powers, that are drawn from the Constitution, will be curtailed. Powers are there in the Constitution. Nobody needs to give us. The Seventh Schedule tells us about the powers that go to State. The law and order is in the hands of the State. That is a well-settled matter. I am not trying to repeat it. It is a fact. However, in the Reorganisation Bill, section 8 uses the word 'special responsibility of the Governor'. It shall be read like Article 162(2) in a particular scheme, not in the self-effacing system. Today, we received a letter, Mr. Vice-Chairman, Sir, which says that a Sub-Inspector and an Inspector will be appointed by the Governor in the State of Telangana. Can there be a greater shame than this? I am a Constitutionalist. I like democracy, I like federalism, I like my own governance. I am

an elected Government, I can understand the Governor coming and trying to advise us or being helpful to us in governance if there is something wrong because there have been two regions that really are at loggerheads. You may try to solve it. You are sitting with us because that is exactly what 'special responsibility' meant. Special responsibility on law and order meant that. It did not mean the Governor will come and appoint the Sub-Inspectors and Inspectors. We were talking yesterday to West Bengal and Odisha leaders on that issue. We are not trying to cope with it. So, that is the question how this is being dealt with. You must look into this. Mere words will not help you. Talking high about federalism will not help you unless you have understood what exactly the federalism is in a Parliamentary democratic system. Anyway, I am not trying to stretch this long, because the Home Minister seems to have intervened in other House and said 'He will look into the letter'. This is about the first letter. They have also sent another letter. When the first letter was referred to the Home Minister, he said, "He has not seen that letter. He would not agree to the wordings of the letter." Again, the second letter came. Today, it was raised in the Lok Sabha. So, I would not dwell on it. But I would only caution ...*(Time- bell rings)*... as I had requested you that let us have a better understanding.

Sir, now I come to another issue. Everybody is talking about naxalism. Telangana was one of it. Mr. Dua had raised it. Mr. Tyagi spoke about the conditions of tribal. There is Mr. Jairam Ramesh. Of the 83 districts, he must have gone to 40 or 50 districts. He made many reports. But what is it that government have done? We always talk about naxalism. All right. But what is naxalism? It is only a 'label'. It is a delayed response to development. You have developed yourselves. We had come to know of it only today, after 50 years of Independence. When we come and assert ourselves now, we become naxalites to the people. What exactly is this naxalism all about? Have you read the reports? At least, I ask because there is a Member here who has said that there are 50 reports that he made. Have you read them to know why had they come at all? They are not asking for mere development, Mr. Vice-Chairman, Sir. They are seeking empowerment. There is a difference between development and empowerment. The nuances between development and empowerment are well known. They want you to deal with them as equals. They want you to understand their sentiments. What is happening? What is PESA? We have the PESA in the statute. It is in the law books. But what did you do to the PESA? I will give you the example of Polavaram. Shri Jairam Ramesh will be unhappy with it, but I will quote it. Without asking tribals, you took their lands and 2 lakhs of them are being sent out. Did you talk to them? Are they not worth talking? Is it not necessary that their economic conditions to be factored in every scheme of yours? This has not been factored in. You all sit here and decide about it. Somebody talked about development. ...*(Time-*

[Dr. K. Keshava Rao]

bell rings)... I don't know what that development is. Sir, I was in charge of Jharkhand. In Jharkhand, we did attempt the development. We did have the roads. But hardly anybody uses those roads. The roads are around the hills but the tribal take the shortest route to come down.

Sir, I don't want to take much of your time: I straightway come to the main point. How do we tackle it? In the MHA Consultative Committee, Mr. Dua and I had given one proposal to the then Home Minister. Why don't MPs go there? I have gone there. As far as Andhra Pradesh is concerned, Mr. Vice-Chairman, Sir,...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Your time is up.

DR. K. KESHAVA RAO: Sir, I will take only one minute. There are two things.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Take one minute only.

DR. K. KESHAVA RAO: In Andhra Pradesh's case, the Prime Minister did not agree to have a talk with the Naxalites. I, as the President of the Congress Party, held the first peace talk in the country with the Naxalites. Today none of your reports speaks about Naxalites in Telangana. Why? I don't say Naxalism has vanished. But, nonetheless, we don't have that kind of serious problem. In West Bengal, when Mamtaji and others went to Jangalmahal, everybody criticized it. There was a hue and cry in the entire nation as if sky was falling. ...*(Time-bell rings)...* What happened? She won the Tribal hearts. We have seen its results today. We are not talking about the Naxalites todays, but deprived.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Thank you very much.

DR. K. KESHAVA RAO: It is the people of the remote areas who should be taken into confidence. You should blend with them. You should understand them. You should understand their sentiments.

Then only will we be able to solve their problem. Otherwise, mere words won't help.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Thank you.

DR. KESHAVA RAO: Sir, last one sentence only. Whenever we talk of Police, whenever we talk of Naxalism, we talk about modernization of police. What is this modernization, I don't know. That means, mere guns;.that means, weaponry. What kind of weaponry is this? Instead, we need to go to them to understand their hearts, understand their needs. That will help you and not your guns and weaponry.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE): Dr. Keshava Rao, I have to call the next speaker now. Thank you very much.

DR. K. KESHAVA RAO: So, in conclusion, Sir, first, I would say that it is high time the Central Government thought of having some kind of Council for inter-state issues, wherever the new States are in trouble, when there are differences between the two States. They should work on it.

As far as Naxalism is concerned, mere police and modern weaponry will not help you. Think of identifying yourself with their sentiments. Thank you.

श्री दिग्विजय सिंह (मध्य प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आज गृह मंत्रालय पर चर्चा हो रही है, लेकिन मुझे अच्छा तो तब लगता, जब माननीय राजनाथ सिंह जी यहां मौजूद होते। भारतीय जनता पार्टी ने सरदार वल्लभभाई पटेल, इस देश के पहले गृह मंत्री जी को अपना एक आदर्श माना है और वे आदर्श के लायक थे भी, क्योंकि उन्होंने सही तरीके से संघ की विचारधारा को समझा था और उस पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन उस समय सरदार वल्लभभाई पटेल गृह मंत्री थे, पूरे गृह मंत्रालय के अधिकार उनके पास थे, लेकिन धीरे-धीरे गृह मंत्रालय के अधिकार कम होते चले गए। सी.बी.आई. को हटा लिया गया, आई.बी. चीफ प्रधानमंत्री को रिपोर्ट करने लगा और अटल जी के समय एन.एस.ए. का गठन करके, चाहे वह अटल जी ने अपने राजनीतिक तरीके से किसी के पर काटने के लिए सोचा हो, लेकिन एन.एस.ए. के गठन के बाद सिक्युरिटी के सारे मसले प्रधानमंत्री कार्यालय में समाहित हो गाए।

महोदय, सरकार और सत्ता इक़बाल से चलती है और उस दिन राजनाथ सिंह जी का इक़बाल कम हो गया, जिस दिन माननीय गृह मंत्री जी को आपना निजी सचिव नियुक्त करने का अधिकार उनसे छिन गया।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, और तो और उस समय जख्म में और नमक लगा दिया गया, जब प्रधानमंत्री सचिवालय से दूसरी घोषणा यह हुई कि अब माननीय गृह मंत्री जी के निजी सचिव फलां-फलां होंगे। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, ए.सी.सी., यानी Appointments Committee of the Cabinet की पहले यह प्रक्रिया होती थी कि डी.ओ.पी.टी. के सेक्रेटरी डी.ओ.पी.टी. के मिनिस्टर को फाइल भेजते थे, फिर डी.ओ.पी.टी. के मंत्री उसे गृह मंत्री जी को भेजते थे, उसके बाद गृह मंत्री जी उसे कैबिनेट सचिव को भेजते थे और तब कैबिनेट सचिव उसे माननीय प्रधानमंत्री जी को भेजते थे। यह प्रक्रिया रही है। मोदी जी के आने के बाद उस प्रक्रिया में परिवतन हुआ और डी.ओ.पी.टी. के मिनिस्टर को उससे अलग कर दिया गया। यही नहीं, उसके बाद उसमें एक और परिवतन यह किया गया कि डी.ओ.पी.टी. के सेक्रेटरी अब फाइल को सीधे कैबिनेट सचिव के पास भेजते हैं, कैबिनेट सचिव के बाद वह फाइल माननीय प्रधानमंत्री जी के पास जाती है और माननीय गृह मंत्री जी के पास सूचनार्थ पहुंच जाती है कि फलां व्यक्ति की एप्वाइंटमेंट फलां जगह हो गई है। माननीय गृह मंत्री जी की * इस सरकार ने बता दी। यही नहीं, मैं नहीं जानता कि यह बात कहां तक सही है, लेकिन ऐसी चर्चाएं हैं कि दिल्ली पुलिस के थानेदार, ए.सी.पी. और डी.सी.पी. की नियुक्तियां भी अब प्रधानमंत्री कार्यालय से...

* Expunged as ordered by the Chair.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्री थावर चन्द गहलोत) : आप इतना हल्का मत बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : ठीक है, गृह मंत्री को उत्तर देने दीजिए, आप उनकी पैरवी क्यों कर रहे हैं, थावर चन्द जी? मैं यह कहना चाहता हूं कि प्रधानमंत्री जी ने हमेशा यह कहा है, "minimum Government and maximum governance." मिनिमम गवर्नमेंट, यानी प्रधानमंत्री सचिवालय और बाकी सब...

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, किसी भी माननीय मंत्री जी को कार्य करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए, जिसका उल्लेख अभी हमारे प्रोफेसर साहब और अश्विनी जी ने किया। हम लोगों ने यह पढ़ा कि नितिन गडकरी जी की फोन बगिंग हो रहा है और उसी के साथ-साथ अन्य मंत्रियों की भी फोन बगिंग हो रही है। महोदय, यह एक चिन्ता का विषय है, क्योंकि सरकार में अब ऐसे लोग पहुंच गए हैं, जिनके ऊपर प्रथम दृष्टया इस प्रकार के आरोप हैं। स्वयं माननीय प्रधानमंत्री जी जब गुजरात के मुख्य मंत्री थे तो गृह मंत्रालय उनके पास था। वहां एक महिला की फोन टैपिंग हुई है, उन्होंने स्वयं एक कमीशन बिठाया है, इंडियन टेलिग्राफ ऐक्ट का उल्लंघन हुआ है, आई.टी. एक्ट का उल्लंघन हुआ है, वे अब प्रधानमंत्री हैं। इसी सरकार में एक राज्य मंत्री भी हैं, जिन्होंने सेना में Technical Support Division का गठन किया था। इसके साथ-साथ, मैं यह भी बताना चाहता हूं कि गुजरात के एक तत्कालीन आई.जी. साहब ने 2002-2003 में यह बयान दिया था कि गुजरात के तत्कालीन गृह राज्य मंत्री के टेलिफोन बगिंग का आदेश मुख्य मंत्री ने दिया था और बाद में उनकी हत्या कर दी गई। यही नहीं, गुजरात के डी.जी.पी. पाठक साहब ने 2012 में यह बयान दिया था कि लगभग 97000 फोन टैपिंग के उदाहरण गुजरात के हैं, जिनमें जज़ेज भी शामिल हैं और राजनेताओं की तो होती ही होगी। मैं इस बारे में आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि Technical Support Division के गठन की सूचना के बाद तत्कालीन रक्षा मंत्री जी ने स्वयं अपने बयान में जो कहा था, उसे मैं क्वोट करता हूं, "The inquiry was conducted on the request of the Home Ministry, which is auditing phone tapping equipment imported by various stockolders, not only for the Army, but was taken all over India by many people." माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, यह गंभीर विषय है, क्योंकि आज कई ऐसी कम्पनियां है और equipment अब केवल लैपटॉप पर आ रहा है। किसी का भी फोन टैप हो सकता है। अगर केन्द्र सरकार की प्राइवेसी रिपोर्ट में, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर चले जाइए, तो आपको इस बात के उदाहरण मिलेंगे कि हजारों इस प्रकार की मशीनें इम्पोर्ट हुई हैं। आज किसी का भी फोन अभी भी टैप हो सकता है। स्वयं सेना ने भी, रक्षा मंत्रालय ने आठ इस प्रकार के off-air interceptors इम्पोर्ट किए थे। सेना को disturbed zones में तो फोन टैंपिग के अधिकार हैं लेकिन इस डिविजन से दिल्ली के फोन भी टैप हो रहे थे और उस समय 2010 में मेरा भी फोन था, जब आर्मी के इसी डिविजन ने फोन टैप किया था। यह ऑन रिकार्ड है। माननीय, मुझे इसमें आपत्ति नहीं है। ...(**व्यवधान**)... मुझे चिंता नहीं है। मुझे चिंता मंत्रियों की है। अगर मंत्रियों के फोन टैप हो रहे हैं तो एक अविश्वास की स्थिति बनी हुई है पूरी सरकार में। इसी के साथ-साथ अगर गृह मंत्रालय ने इसका ऑडिट किया है ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आपकी सरकार को आपसे ही डर था क्या?

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय, मुझे सख्त आपत्ति है और मैं चेयरमैन साहब से शिकायत करुंगा कि चेयर ने इस प्रकार की टिप्पणी की है।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : मैं मजाक भी तो कर सकता हूं न।

श्री दिग्विजय सिंह : मजाक आप घर में बैठ कर करें, सिर्फ बाहर करिए, यह रिश्ता है। ...(**व्यवधान**)... लेकिन चेयर पर बैठकर आपकी इस टिप्पणी पर मुझे घोर आपत्ति है।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : मजाक करने में भी तकलीफ हो गई।

श्री दिग्विजय सिंह : चेयर को मज़ाक करने का अधिकार नहीं है और इस प्रकार की टिप्पणी ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE) : I am sorry. अगर यह बात है तो।

SHRI DIGVIJAYA SINGH : We know each other for a long time. यह मजाक आप बाहर करते तो हम लोग चाय पीते साथ में।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं, यह भी हम गृह मंत्रालय से जानना चाहते हैं कि अगर इस ऑडिट रिपोर्ट में यह बात आई है, मेरी जानकारी कहां तक सही है, मैं नहीं जानता। जो आठ मशीनें इम्पोर्ट की गई थीं, रक्षा मंत्रालय ने वह दो मशीनें corporate sector को बेची हैं, नीलाम की गई हैं और उनका रिकार्ड इसलिए नहीं है कि सारा जो लेन-देन हुआ है वह SS funds के माध्यम से हुआ है और उस SS funds में डिफेंस सेक्रेट्री के आज तक हस्ताक्षर नहीं हैं, यह चिंता का विषय हम सब के सामने है, जिस पर गृह मंत्री जी को सोचना चाहिए।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस देश में आज सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद का है। आतंकवाद कहां से जन्म लेता है? यह घोर साम्प्रदायिक विचारधारा ही आतंकवाद को जन्म देती है। कांग्रेस पार्टी ने इन साम्प्रदायिक शक्तियों से हमेशा लड़ाई लड़ी है। कांग्रेस पार्टी जहां एक तरफ हिन्दु साम्प्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई लड़ती रही है, इसी प्रकार मुस्लिम साम्प्रदायिकता के खिलाफ भी हम लड़ाई लड़ते रहे हैं। आजादी के पहले यहां हिन्दु महासभा और आर.एस.एस. के खिलाफ हम लड़ते थे तो मुस्लिम लीग के खिलाफ भी हम लड़ते थे। मैं कहना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रभात झा (मध्य प्रदेश) : उसी का आपने हमेशा समर्थन लिया।

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय प्रभात झा जी मेरे बहुत पुराने मित्र हैं। मैं उनको तब से जानता हूं जब ...(**व्यवधान**)... I am not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE) : Silence please.

श्री दिग्विजय सिंह : मैं कहना चाहता हूं कि मुख्य मंत्री के रूप में मैं इस देश में पहला मुख्यमंत्री था जिसने एक तरफ बजरंग दल दूसरी तरफ SIMI के खिलाफ बैन करने के लिए केन्द्र सरकार को अनुरोध किया था, क्योंकि मेरी यह मान्यता है कि साम्प्रदायिक शक्तियां चाहे हिन्दुओं की हों, चाहे मुसलमानों की हों, चाहे सिखों की हों, चाहें ईसाइयों की हों, ये सब देश के लिए अहितकर हैं। इस विचारधारा से हमारी लड़ाई है। मैं तो आज भी इस बात को कहता हूं कि अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में Wahhabi विचारधारा और तालिबान विचारधारा आज इस विश्व की शांति के लिए खतरा हैं। लेकिन उसी तरफ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि उतना ही खतरा हमें संघ की विचारधारा से भी है, जो इस देश में अशांति फैला रही है। अभी प्रोफेसर साहब बतला रहे थे और मैं इस बात को कहता हूं कि पूरे देश में एक ऐसा वातावरण निर्मित किया जा रहा है, पेम्फलेट के माध्यम से, पुस्तकों के माध्यम से ...(**व्यवधान**)...

श्री अविनाश राय खन्ना (पंजाब) : सर, यह ...(**व्यवधान**)...

SHRI DIGVIJAYA SINGH : I am not yielding.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI V.P. SINGH BADNORE) : The Chair is on his legs ...*(Interruptions)*... आप लोग विराजिए। The Chair is on his legs. आप लोग विराजिए।

श्री अविनाश राय खन्ना : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक देशभक्त संस्था है ...(**व्यवधान**)... उसके बारे में ऐसी बात नहीं करनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)... यह बिल्कुल गलत जानकारी दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, यह एक ऐसा संगठन है जो रजिस्टर्ड बॉडी नहीं है, जिसकी मेम्बरशिप नहीं है। ...(**व्यवधान**)... उसमें इनको क्या आपत्ति है। ...(**व्यवधान**)...

श्री अविनाश राय खन्ना : यह दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**श्री वी.पी. सिंह बदनौर**) : आप लोग विराजिए। अविनाश जी, विराजिए। देखिए, जब चेयर पर बैठे व्यक्ति खड़े होते हैं, तो आप लोगों को बैठ जाना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... मैं उनको भी कहूंगा। आप विराजिए।

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय, इस प्रदेश में जो सांप्रदायिक विचारधारा को प्रतिपादित करने के लिए pamphlets छापे जा रहे हैं, किताबें लिखी जा रही हैं जिन पर publishing house का नाम नहीं है। मैं आपको दो उदाहरण देना चाहता हूं। कंधमाल के विषय पर ये दो किताबें हैं। एक किताब का नाम है 'Harvest of Hate - Kandhamal in Crossfire' इसके लेखक का नाम Micheal Parker है। इसी प्रकार की दूसरी किताब word-to-word, 'Odisha in the Crossfire-Kandhamal Burning' by Brannon Parker. ये माइकल से हटकर ब्रेनन हो गए और मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि जिस इंडिया फाउंडेशन ने इस किताब को छपवाया है और जो पता दिया है, उसका हमने द्वारका जाकर पता लगाया। एक निजी व्यक्ति उस फ्लैट में रहता है। वहां इंडिया फाउंडेशन का दफ्तर नहीं है। हमने इंडिया फाउंडेशन को नैट पर देखा ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रभात झा : आप गलत जानकारी दे रहे हैं ...(**व्यवधान**)... मेरी आपको चुनौती है ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि नैट पर इंडिया फाउंडेशन नहीं है। मैं चुनौती देता हूं और यह भी कहता हूं कि इस किताब का फौरवर्ड हमारी माननीया राज्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने लिखा है।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आपका टाइम 15 मिनट था।

श्री दिग्विजय सिंह : ये लोग मुझे डिस्टर्ब करते हैं। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मुझे बोलने का समय दीजिए।

श्री उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आपकी पार्टी के हिसाब से आपको 15 मिनट का समय दिया गया है।

श्री दिग्विजय सिंह : इस पर हमें रोक लगाने की आवश्यकता है, इस पर भी जांच कराने की आवश्यकता है। यदि आपने इस विचारधारा के लोगों की किताबों को ऐसे बंटने की इज़ाजत दे दी, तो मैं समझता हूं कि हमारे देश में सांप्रदायिकता का ज़हर और तेज़ी से फैलेगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : थैंक्यू। आपकी पार्टी ने ही आपको 15 मिनट का समय दिया है।

श्री दिग्विजय सिंह : मेरे 10 मिनट तो इन्होंने बिगाड़ दिए। महोदय, आज सोशल मीडिया सब से बड़ा खतरा बना हुआ है। अगर आप सोशल मीडिया की बात को देखेंगे तो अभी प्रो. राम गोपाल जी ने कहा है कि पुणे में, मुजफ्फरनगर में, जितने भी ऐसे प्रकरण हैं, उनके अंदर इस प्रकार की बातें आई हैं। गृह मंत्री जी, आपसे निवेदन है कि इस पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है। हर कोई फेक आइडेंटिटी बनाकर कुछ भी लिख सकता है। इसलिए आपको इस बारे में ज्वाइंट पार्लियामेंटरी कमेटी बनाकर इस पर विचार करना चाहिए।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपसे टेरर केसेज के बारे में अनुरोध करना चाहता हूं। टेरर केसेज को फास्ट ट्रैक में डालना आवश्यक है, लेकिन अज़मेर ब्लास्ट और समझौता एक्सप्रेस ब्लास्ट के अंदर जिस व्यक्ति का एफ.आई.आर. में नाम दर्ज है, वह आज बयान देता है कि जो हिन्दु आतंकवाद के केसेज में हैं उनको तो बेल दे दी जाए, लेकिन मुसलमानों को न दी जाए। इस प्रकार की विचारधारा ही इस देश के लिए खतरा बनी हुई हैं। मैं आपसे यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि जो फाल्स एनकाउंटर्स हुए हैं और इस देश में आज जिन लोगों पर चार्जशीट लगी है, उनमें इस बात को देखना आवश्यक है कि चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान हो, इनके केसेज का तत्काल निराकरण होना चाहिए।

हमारे अनिल दवे साहब 'गुड गवर्नेंस' की बात करते रहे हैं, लेकिन क्या गुड गवर्नेंस का मतलब यह है कि गुजरात के अंदर 50 हजार कांस्टेबल्स के पद खाली हैं? क्या गुड गवर्नेंस यह है कि वहां के कांस्टेबल्स और थानेदारों को कांट्रैक्ट जॉब दिया जाता है? पांच साल के लिए। ...(**व्यवधान**)...

4.00 P.M.

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आप सुन लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : सर, मैं आपसे कहना चाहता हूं, हमारे यहां बुंदेलखंड में एक कहावत है कि "सौ के सत्तर दे दो, नाम दरोगा धर दो"। आप गुड गवर्नेन्स की बात करते हो, पचास से ज्यादा पुलिस ऑफिसर्स जेलों में बंद हैं। ...(**व्यवधान**)... क्या गुड गवर्नेन्स यह है कि थानेदारों को आप कांट्रेक्ट पर लाएं? ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : प्लीज़, जब आप लोगों को मौका मिलेगा, तब आप जवाब दे दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : मैं दो चीजों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : प्लीज़, प्लीज़, बैठिए, विराजिए। ...(**व्यवधान**)... The Chair is on his feet. ...*(Interruptions)*... The Chir is on his feet.

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपसे यह अनुरोध करना चाहता हूं कि आर्म्स लाइसेंस की नयी guidelines के ऊपर हमारी आपत्ति है। हमारे पूर्व के माननीय गृह मंत्री जी ने आर्म्स एक्ट की जो गाइडलाइन्स हैं, उनके विपरीत निर्णय ले लिया, जिसकी वजह से पूरे देश में आर्म्स-लाइसेंसधारियों को काफी दिक्कत हो रही है। पार्लियामेंटर की स्टैंडिंग कमेटी ने यूनेनिमस उन गाइडलाइन्स को विद्ड्रा करने का निर्णय लिया, लेकिन अभी तक उसमें कुछ नहीं हुआ है। माननीय गृह मंत्री जी से मैं अनुरोध करता हूं कि वे इस पर पुनर्विचार करें। यदि ड्राइविंग लाइसेंस लाइफ टाइम का दे सकते हैं, जो आर्म्स लाइसेंस को भी आप लाइफ टाइम का क्यों नहीं कर सकते?

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : क्या यह निर्णय अभी किया गया है या पहले किया गया था? आप जरा यह समझा दें।

श्री दिग्विजय सिंह : तो मैं आपके माध्यम से अनुरोध कर रहा था। आपके हित की भी बात कर रहा था।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : यह निर्णय पहले किया गया था, या बाद में किया गया?

श्री दिग्विजय सिंह : जी, जैसा मैंने कहा था कि पूर्व सरकार ने किया। आपके हित की बात कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : मेरे हित की नहीं, सबके हित की बात आप कीजिए।

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय, अपराध जो इल्लीगल आर्म्स हैं, उनसे ही होते हैं, 95 परसेंट क्राइम इल्लीगल आर्म्स के माध्यम से होते हैं। इसलिए आप इस पर पुनर्विचार करें।

सर, नक्सल की समस्या के बारे में माननीय गृह मंत्री जी की उस टिप्पणी पर मुझे आपत्ति

है, जो उन्होंने अपने उत्तर में कह दिया था कि जीरम घाटी के अंदर जब घटना हुई, तो कांग्रेस के नेताओं को कह दिया गया था कि आप मार्ग बदल दीजिए। तो यह और भी गंभीर विषय हो जाता है, अगर वहां की सरकार ने वहां पर मार्ग बदलने का उनको नहीं कहा और उसके बाद यह घटना हुई। इसमें तो छत्तीसगढ़ की सरकार इससे कटघरे में खड़ी होती है।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : धन्यवाद।

श्री दिग्विजय सिंह : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आखिर में यह अनुरोध करना चाहता हूं कि हमारी सहानुभूति माननीय गृह मंत्री जी के साथ है। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि इनका पुरुषार्थ, इनका क्षत्रित्व जागृत हो, यही मैं कामना करता हूं। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : श्री नारायण लाल पंचारिया।

श्री शरद यादव (बिहार) : सर, एक मिनट।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आप कुछ बोलना चाह रहे हैं या खाली इंटरवीन करेंगे? आपका तो टाइम है, आप ले लेना। ...(**व्यवधान**)...

श्री शरद यादव : सर, अभी मुझे जाना है।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आप दो मिनट में खत्म करेंगे।

श्री शरद यादव : जी, दो मिनट में खत्म कर दूंगा।

डिप्टी चेयरमैन सर, मैं इस बहस में पूरी तरह से शिरकत न करते हुए एक बात जरूर कहना चाहता हूं कि जो पुलिस है, उसका बहुत बुरा हाल है। आज जो अपराध हैं, जो देश की परिस्थिति है, वह लगातार बिगड़ती जा रही है और जो पुलिस है, जो उसकी हालत है, उसके जवान बहुत बुरी हालत में रहते हैं। आजकल एक और बात हो गई है कि हमने पुलिस के मामले में पूरे देश में यह मन बना लिया है कि इसको किसी तरह से कंडम करके बाहर करो। इसमें बहुत अच्छे लोग भी हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : आप सुझाव दे दें।

श्री शरद यादव : सर, इसलिए मेरा सुझाव है। आजकल तो सभी नौकरियां बंद हो गई हैं, फौज के सिवा, पुलिस के सिवा कोई नौकरी नहीं बची है। भारत सरकार आजकल ऐसी नौकरियां ज्यादा दे रही है। आजकल यह अकेली पुलिस की एक फोर्स बची है, जिसमें लोगों की, बच्चों की नौकरियां लगती हैं, लेकिन उसकी हालत इतनी विकट है, इतनी बुरी है और उसे आप बगैर सुधारे कानून-व्यवस्था को सुधारने का काम कर रहे हो। यह अजीब बात है। यह अजीब बात है कि कुएं में पानी नहीं है और बालटी डालते जा रहे हैं। तो इसको कम से कम इतना तो कीजिए कि यह फौज जिस दुर्गति के दौर से गुजर रही है - उनकी गाड़ी बेकार है, उनका असला बेकार है, उनकी सब चीजें बेकार हैं और आप सोचते हैं कि वह हर तरह से हिन्दुस्तान की सारी कानून व्यवस्था को ठीक करेगी...करना चाहिए उसको, उसकी जिम्मेदारी है, लेकिन उसके प्रति मानवीय दृष्टिकोण रखना चाहिए, और उनके ऊपर जब हमला होता है, तो आजकल ऐसा

[श्री शरद यादव]

दिखाया जाता है, आजकल तो मीडिया बहुत बढ़ गया है। पुलिस के आदमी को कोई मार रहा है, तो वह सबसे ज्यादा दिखाया जाता है और राजनीतिक आदमी के ऊपर कोई हमला हो जाए, तो उसको भी दिखाया जाता है। इसलिए मेरा निवेदन यह है कि होम मिनिस्टर साहब यहां बैठे हैं, यह मामला गंभीर है और मानवीय दृष्टिकोण से ये इंसान हैं ...(**समय की घंटी**)... हमारे ही लोग हैं, वे या तो खेत में काम करते हैं या पुलिस में काम करते हैं।

श्री नारायण लाल पंचारिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, अपने मुझे देश के सर्वोच्च सदन में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मान्यवर, यह मेरा बोलने का पहला अवसर है।

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : क्या आपकी मेडन स्पीच है?

कुछ माननीय सदस्य : जी हां, इनकी मेडन स्पीच है।

श्री नारायण लाल पंचारिया : श्रीमान् जी, यहां पहली बार मेरा भाषण है। पंद्रह मिनट दे दीजिएगा, धन्यवाद। श्रीमान् जी, सदन में मेरी आयु मात्र दो महीने की है या यह कह दूं कि मेरा शिशु काल चल रहा है। मैं आपके सहयोग की अपेक्षा रखूंगा, साथ ही मेरे सदन के वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद भी चाहूंगा। मैं अब अपनी बात को शुरू करता हूं।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सर्वप्रथम मैं आपके माध्यम से हमारे इस महान देश की जागरूक जनता को कोटि-कोटि धन्यवाद देना चाहूंगा, जिसने भारत को भय, भूख और भ्रष्टाचार से मुक्त करने के लिए आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी देश के प्रधानमंत्री बनें, इस भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी को उदार हृदय से आशीर्वाद दिया। मैं ऐसा सोचता हूं कि बहुत लंबे अंतराल के बाद किसी एक दल को स्पष्ट बहुमत मिला है।

मान्यवर, मैं धन्यवाद देना चाहूंगा, देश के जन-जन के नेता और हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी सहित हमारी पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को और राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे जी, हमारे प्रदेश के नेतृत्व को, जिन्होंने पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती जिले जोधपुर से 140 किलोमीटर दूर एक गांव फलौदी में रहने वाले मेरे जैसे एक सामान्य कार्यकर्ता को राज्य सभा का सदस्य बनाकर यहां पर भेजा है। मान्यवर, मैं पेशे से वकील हूं, इसलिए नियमावलियां पढ़ने की मेरी स्वाभाविक रुचि है और मैंने उनका ठीक प्रकार से अध्ययन भी किया है। मैं लगातार इस गरिमामय सदन में हो रही सारगर्भित चर्चा को सुन रहा हूं, समझ भी रहा हूं। मान्यवर, एक दिन सदन में एक ऐसे विषय पर चर्चा हुई उस समय मेरे मन-मस्तिष्क में कुछ विचार आए, आपकी अनुमति से मैं वे विचार आज प्रकट करना चाहूंगा। चर्चा चल रही थी कि सपने देखने चाहिए या नहीं। इस गरिमामय सदन के माध्यम से सपने न देखने का संदेश अगर इस देश के अंदर जाएगा, तो मेरी ऐसी मान्यता है कि युवा वर्ग के साथ भारी अन्याय होगा। देश में युवा वर्ग एक आशा के साथ सपने देखता है, माननीय महोदय, इस संदर्भ में मैं एक बात कहना चाहूंगा। मैंने सुना था कि आदरणीय श्री नरेन्द्र भाई मोदी ने सन् 1975 में, इस देश में जब आपातकाल की भारी त्रासदी का दौर चल रहा था, उस समय के युवा नरेन्द्र भाई मोदी ने एक सपना देखा था। वह सपना देखने के बाद लक्ष्य तय किया था और मन में एक विचार किया कि:

'लक्ष्य तक पहुंचे बिना पथ में पथिक विश्राम कैसा,
लक्ष्य है अति दूर, दुर्गम मार्ग हम जानते हैं,
किन्तु पंथ के कंटकों को, हम सुमन ही मानते हैं।'

वह सपना क्या था? वह लक्ष्य क्या था? वह सपना था, कांग्रेस मुक्त भारत। वह सपना साकार हुआ और लक्ष्य प्राप्त हुआ - सन् 2014 के लोक सभा चुनाव में। ...(**व्यवधान**)... माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने देश के लोगों को कहा है। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : उनकी maiden स्पीच है। ...(**व्यवधान**)... maiden स्पीच है।

श्री नारायण लाल पंचारिया : सपने देखो, लक्ष्य तय करो, परिश्रम की परिकाष्ठा करो। ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : उनकी maiden स्पीच है। प्लीज़, बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री नारायण लाल पंचारिया : सपना साकार होगा। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, परेशानी तब होती है जब हम मुंगेरी लाल की तरह सपने देखने लग जाते हैं। ...(**व्यवधान**)... देश में 'मैं और मेरा' - इस प्रकार की राजनीतिक संस्कृति का अंत हो चुका है। अब 'हम और हमारा' का दौर चला है। ऐसा दौर शुरू हो चुका है। इसी विचार को आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी ने चुनाव के दौरान एक स्लोगन के नाते, एक नारे के रूप में जनता के सामने रखा। वह नारा था, 'सबका साथ, सबका विकास।' उस नारे को जनता ने समर्थन दिया, जनता का आशीर्वाद मिला। हमारे प्रधानमंत्री महोदय जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। आपने देखा है, देश में ही नहीं, विदेश में भी आज सबको साथ लेकर निरंतर आगे बढ़ने के संकल्प का दौर चल रहा है। महोदय, अब मैं गृह मंत्रालय की कार्यकरण की चर्चा पर आ रहा हूं। महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय गृह मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने देश की ज्वलंत समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2014-15 के आम बजट में गृह मंत्रालय को 65,775 करोड़ रुपया आवंटित करवाया है, जो पिछले साल के आवंटन से 6,504 करोड़ रुपए अधिक है।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं गृह मंत्रालय की मांग, क्रमांक 55, जो अति महत्वपूर्ण मद है, उस पर चर्चा करना चाहूंगा जिसका हेड है - पुलिस, जिसका सीधा संबंध देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा से है। पुलिस में विभिन्न नामों से दल, बल और ब्यूरो होते हैं, जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, सीमा सुरक्षा बल, असम राइफल्स, सशस्त्र सीमा बल सहित उनकी कुल 18 शाखाएं हैं। इसमें कुल 41,152.80 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट सत्र 2014-15 में किया गया है, जो गत वर्ष की तुलना में 2,971.88 करोड़ रुपए से भी अधिक है। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री महोदय को धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने देश में पुलिस तंत्र को मजबूती प्रदान करने हेतु कदम बढ़ाया है ताकि देश के नागरिक सुख, शांति और अमन चैन की जिंदगी बसर कर सकें।

[श्री नारायण लाल पंचारिया]

दूसरा विषय आता है, सीमा प्रबंधन। माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे देश में पड़ोसी देशों के साथ भू-सीमा की लम्बाई कुल 15106.7 किलोमीटर की है, जिसमें से विशेषकर बंगलादेश, चीन और पाकिस्तान के सीमा प्रबंधन को अत्यधिक मज़बूत करने की आवश्यकता है। बंगला देशी घुसपैठियों की समस्या आज भी हमारे सामने विकराल रूप लिए खड़ी है। उसका साम्यिक समाधान भी ढूंढ़ना होगा। माननीय गृह मंत्री महोदय, भारत-पाकिस्तान सीमा की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि भारत-पाकिस्तान की सीमा कुल चार राज्यों से लगती है। पंजाब, राजस्थान, जम्मू और कश्मीर और गुजरात की कुल लम्बाई 2308 किलोमीटर है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान से आता हूं मेरे प्रदेश की 1037 किलोमीटर की सीमा पाकिस्तान से लगती है और मेरे पड़ोसी राज्य पंजाब की 553 किलोमीटर सीमा पाकिस्तान से लगती है।

जहां तक सीमा पार से घुसपैठ का सवाल है। इन दोनों राज्यों में सीमा पार घुसपैठ पर काफी हद तक रोक लगी है। लेकिन माननीय गृह मंत्री जी, एक बहुत बड़ी समस्या सीमा पार से हमारे सामने खड़ी है, जिसे मैं आतंकवादी घुसपैठ से भी ज्यादा खतरनाक मानता हूं। वह समस्या सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी की है। उपसभाध्यक्ष महोदय, गत वर्षों में गृह मंत्रालय ने नशीले पदार्थों की जब्ती की है। जो पाकिस्तान की सीमा से लगे हुए भारतीय राज्य हैं - गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू-कश्मीर, उनके आंकड़े बताते हैं कि किस कदर नशीले पदार्थों की तस्करी हमारे देश में होती है, जिनमें गांजा, कोकीन, हेरोइन, हशीश, जिसे हम स्मैक भी कहते हैं, अफीम और डोडा इत्यादि शामिल हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारा देश युवाओं का देश है। युवाओं का देश कहलाने वाले भारत देश पर यह जबरदस्त आक्रमण हो रहा है। हमारे देश का युवा वर्ग बहुत बड़ी संख्या में नशे की चपेट में आ चुका है। मैं गांव का रहने वाला हूं, केवल शहरों में ही नहीं, बल्कि गांवों तक नशीले पदार्थों की पहुंच होने लगी है। हमारे देश का बहुत बड़ा युवा वर्ग नशीले पदार्थों का सेवन करके अपने स्वास्थ्य को कमजोर कर रहा है। साथ ही देश में बेरोजगारी की मार के कारण वह आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर भी बढ़ रहा है। देश में लगातार अपराध बढ़ रहे हैं, चाहे चोरी हो, डकैती हो, बलात्कार हो, हत्या हो, यदि अपराधी की जांच करवाई जाए, तो उनमें से अधिकतर अपराधी किसी न किसी नशे की लत से ग्रसित निकलेंगे।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि आपके विभाग में कोई ठोस कार्य योजना बनाकर सीमा पार से हो रही नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जाए। ...(**समय की घटी**)... मैंने गृह मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट का भी अध्ययन किया है। वर्ष 2013-14 की रिपोर्ट को देखने से साफ पता चलता है कि भारत माता का मुकुट कहा जाने वाला हमारा जम्मू-कश्मीर, जिस प्रकार कश्मीर घाटी में पिछले 10 वर्षों में सीमा पार से घुसपैठ और आतंकवादी हिंसा की घटनाएं हुई हैं, उनका यदि कोई एकमात्र कारण है, तो वह राजनैतिक इच्छाशक्ति का अभाव है। सन् 2005 से लेकर मार्च, 2014 तक जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हिंसा की कुल 7220 घटनाएं हो गईं। भारत माता के सपूत 778 सुरक्षा बलों के जवान शहीद हो गए। ...(**समय की घंटी**)...

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात को दो मिनट में पूरा करूंगा। इन आतंकवादी हिंसक घटनाओं में 1378 नागरिक मारे गए हैं। जम्मू एवं कश्मीर राज्य में सुरक्षा की स्थिति का अंतर्राष्ट्रीय सीमा और सीमा पार से नियंत्रण रेखा से घुसपैठ के साथ प्रत्यक्ष संबंध रहा है। पिछले 10 वर्षों में जम्मू और कश्मीर में 3818 बार घुसपैठ के प्रयास किए जा चुके हैं। मैं माननीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह जी से निवेदन करूंगा कि वे अपनी राजनैतिक इच्छा-शक्ति का प्रकटीकरण कर सीमा पर तैनात हमारे नौजवानों को 'सिंहनाद' करने की अनुमति दें ताकि सीमा पार से घुसपैठ तथा आंतकवादी हिंसक घटनाओं पर विराम लग सके। ...(**समय की घंटी**)...

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक विनम्र निवेदन माननीय गृह मंत्री महोदय से करना चाहूंगा कि आप गृह मंत्रालय की 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट के पृष्ठ संख्या 6 को देखिए। ऐसे मेरे देश के जवान, ऐसे भारत माता के लाडले, आतंकवादियों से लड़ते हुए, जब शहीद हो जाते हैं, तो उनके लिए लिखा गया है कि 'मारे गए सेना के कर्मी' आतंकवादियों द्वारा मारे गए सैनिकों के लिए, मेरा माननीय गृह मंत्री जी से निवेदन है कि इस 'मारे गए' शब्द को हटाकर, शहादन देने वाले जवानों के आगे 'शहीद हुए सेना कर्मी' शब्द को जोड़ने का आदेश दीजिए।

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सीमा प्रबंधन के संबंध में मैंने अभी चर्चा की है। मांगपत्र के क्रमांक 55 के कॉलम संख्या 3 पर सीमा प्रबंधन के बारे में पहली बार व्यवस्था की गई है। और तो और कुल मिलाकर 2150 करोड़ रुपए का प्रावधान आदरणीय गृह मंत्री जी ने किया है। साथी ही क्रम संख्या 36 पर पुलिस बल व अन्य बलों के आधुनिकीकरण हेतु पहली बार 117 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार सीमा क्षेत्र के विकास कार्यक्रम हेतु ...(**समय की घंटी**)... प्रथम बार 990 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मैं एक अंतिम बात कह कर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। श्रीमान् जी, मैं राजस्थान की धरती से आता हूं। आप बार-बार घंटी बजा रहे हैं। मैं अपनी बात श्रीमान् जी के सामने रखकर ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री वी.पी. सिंह बदनौर) : अब आप समय का ध्यान रखिए।

श्री नारायण लाल पंचारिया : मेरी ऐसी मान्यता है कि इस सदन के अंदर और मेरे प्रदेश राजस्थान के करोड़ों लोग बरसों पुरानी एक जायज मांग को लगातार उठा रहे हैं। मैं आदरणीय राजनाथ सिंह जी से निवेदन करना चाहूंगा कि राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने हेतु निश्चित तौर पर कार्यवाही करवाएं। मैं यह भी निवेदन करना चाहूंगा कि इस समय सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजस्थानी भाषा बोलने वालों की संख्या पूरे भारतवर्ष में 5,47,79,000 है। जो हमारी मान्यता प्राप्त सूची है, उसके अंतर कम से कम 17 ऐसी भाषाएं हैं, उनसे अधिक राजस्थानी बोलने वालों की हमारी संख्या है।

मैं एक निवेदन और करूंगा कि यह मांग मैं पहली बार सदन में रख रहा हूं, ऐसी बात नहीं है। इससे दो वर्ष पूर्व 17 मई, 2012 की तत्कालीन गृह मंत्री जी ने एक ध्यान आकर्षण प्रस्तान के उत्तर में स्पष्ट कहा था कि हम मानसून सत्र में भोजपुरी और राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं सूची में सम्मिलित कर देंगे। महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि राजस्थान की

[श्री नारायण लाल पंचारिया]

विधान सभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित करके केन्द्र सरकार के पास भेज दिया है। मेरा आपसे आग्रह है कि राजस्थानी भाषा को मान्यता देने में आप सहयोग करें। मैं अंत में दो पंक्तियां कहने के लिए आपकी अनुमति चाहूंगा। महोदय, मेरा ऐसा मत है कि सदन में अंदर जितने भी माननीय सदस्य विराजमान हैं, चाहे मेरे इधर बैठे हों, चाहे इधर हों या फिर चाहे बीच में विराजमान हों, अगर उन सबसे यह पूछा जाए, अगर किसी धार्मिक व्यक्ति से पूछा जाए कि आपका लक्ष्य क्या है, तो वह एक ही बात कहेगा कि मोक्ष प्राप्त करना मेरा लक्ष्य है। अगर राजनीतिज्ञों से पूछा जाए कि आपका लक्ष्य क्या है, तो सबका लक्ष्य मात्र एक ही होगा, सब कहेंगे कि देश का विकास हो, ...(**समय की घंटी**)... और भारत सर्वोच्च स्थान पर पहुंचे, तो सभी सदस्य मिलकर आज यह संकल्प लें ...(**समय की घंटी**)... मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत माता के लिए भारत का विकास हो, देश का विकास हो।

'जीवन पुष्प चढ़ा चरणों में मांगें मातृभूमि से यह वर।
तेरा वैभव अमर रहे मां, हम दिन चार रहें ना रहें।'

भारत माता की जय।

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR (Nominated): Sir, thank you for allowing me to participate in this important debate on the Working of the Ministry of Home Affairs. Maintenance of law and order and protection of lives and properties of citizens has been the most important responsibility of the modern nation State and, it is carried out through the Home Ministry, which is, variously called the Interior Ministry or the Internal Security Ministry in some of the countries. Already, there are a number of challenges before the Home Ministry. The menace of Naxal violence, lack of women safety and security because of various kinds of attacks, including rapes, that are growing in number in the country which is always saying, 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।' No other country in the world is having so much difference, as Dr. Lohia used to say, between 'उक्ती और कृती' that is, preaching and practice. Recently, it was reported that there is nearly 30 per cent drop in the number of tourists in the city of Delhi alone. Lakhs of children are missing every year, many of whom remain unnoticed, and the Police, sometimes, do not even register-cases. Atrocities against the Scheduled Castes and the Scheduled Tribes are growing in a multiple way. In a year, nearly 2,000 Scheduled Caste and Scheduled Tribe women are raped and the entire society is, unfortunately, indifferent, insensitive and callous.

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair*.)

Every year, more than 20 lakh females are, unfortunately, becoming victims of human trafficking and put into the profession of prostitution. Sir, there are shameful

incidents of honour killings, mostly in the Northern parts of the country, due to perverse arrogance of caste superiority and purity of blood. Sir, ail these are grave challenges in their own ways, and the Ministry of Home Affairs will have to deal with them in all sorts of firmness and determination. But, Sir, the most formidable challenge in the country today, before the Government and before the entire nation, is that of growing instances and intensity of the communal violence. I shall be speaking on this one point only because many of the Members of this August House, who spoke before me, have dealt with many aspects as far as this challenge is concerned.

Sir, the demolition of Babri Masjid, nearly 430 years old, was the darkest event in India's post-independent political history. It changed the social, political and cultural discourse of the country. I, being a democrat to the core, congratulate the Bharatiya Janata Party on coming to power by getting 283 seats. I say this because when the country was discussing about the continuation of the coalition era, the BJP has proved it wrong. And, in their own strength, they managed to get 283 seats. But this is one side of the story. I had written personal letters to all, including the hon. Home Minister and the hon. Prime Minister, and the Home Minister was very prompt to send me the 'thanks' note. But the other side of the story is that after the BJP's coming to political power, there is growing tendency of divisive politics along religious lines. That has come to threaten the social, religious and cultural harmony in the country which is the most formidable challenge before the nation. Talking about the BJP's thinking to eliminate the Indian National Congress, after 1952, when we started the first General Election, there has not been a single political party, having a diverse political ideology, which has used this language of 'elimination of another political party'. Parliamentary democracy is the battlefield for competitive political ideologies. Political parties come and political parties go. They lose and win. But elimination of a particular political party, this language has never been spoken before 16th May, 2014. Sir, elimination implies two kinds of elimination. The first one is physical elimination and the other one is ideological elimination. So far as physical elimination is concerned, I think, the BJP has not started speaking that kind of language. When they are speaking of elimination, they are speaking, I think, about ideological elimination of the Indian National Congress. Now, I do not think that BJP has seriously thought about the meaning, content and the essence of ideological elimination of Indian National Congress.

Sir, BJP and all other political parties come to power at the Centre through Parliamentary democracy. But, let us not forget the fact that Parliamentary democracy, which has been embodied in the Indian Constitution, is the single biggest gift of the Congress Party to this nation, because it is the product of the Indian Freedom Movement in

[Dr. Bhalchandra Mungekar]

which, regretfully, BJP and its earlier incarnation, Bharatiya Jan Sangh, did not participate. Therefore, elimination of INC means, elimination of Parliamentary democracy, throwing away the Fundamental Rights and the Directive Principles of the State Policy. Elimination of Congress Party means, no protection to weaker sections through affirmative action. It means no protection of religious and cultural rights to linguistic and religious minorities. And, Sir, most importantly, I would like to bring to the notice of the BJP and its all brotherly and sisterly organisations that elimination of INC means, elimination of Indian nationalism, which is based on India's 5,000 year old composite culture. Sir, BJP generally calls cultural nationalism which is a changed name for Hindu nationalism. Let me make one thing clear in this house. Hindu nationalism has nothing to do with common Hindus in this country; there is nothing like Hindu Nationalism. The question is: This kind of cultural nationalism, replacing the broad Indian nationalism, based on composite culture, there is no doubt in my mind, I beg to submit with maximum humility at my credit, based on the predominance of any particular religious community, ...*(Time-bell rings)*... Sir, I have got ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nine minutes are already over.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: How can it be nine minutes?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Look at the display board.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: It is only seven minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Look at the display board.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: Okay; I will take three minutes. Now, let us not waste time on this.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: But, see the display board also.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: I will take two minutes, okay.

Replacing the Indian nationalism with cultural nationalism, there is no doubt in my mind, is Indian version of fascism. Sir, fascism in any country, particularly in India, will not come through the way it came in Germany and Italy. Sir, let me give a few instances. Recently, it is reported that there are nearly 600 incidents of communal violence, in UP.

AN HON. MEMBER: Also in Maharashtra.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: I am reducing 200. It is in Maharashtra and everywhere in the country. Right now, we are discussing UP, because you have emerged

as the single largest party with 72 out of 80 Lok Sabha seats. See the casual attitude. Sir, be slightly lenient towards me. The hon. Prime Minister said -- the hon. Home Minister should note this -- that there have been some small incidents in certain parts of the country. A single instance of violence is not acceptable to BJP. ! Now, Sir, 600 incidents of communal violence, out of which 2/3rd took place in the 12 constituencies where elections are due and the hon. Prime Minister calling them 'small instances' surprises me. Does he mean that he wants to repeat what happened in Godhra in different parts of the country? One is not happy with the 600 incidents of communal violence? Sir, there are two or three other instances. Sir, two minutes more.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, please conclude.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: Sir, just two more minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: So many speakers are to speak.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: Sir, I can understand. I will be finishing within two minutes.

One question is, hon. Minister, Sushri Uma Bharati is here. I learnt from a newspaper that she is a devotee of Sai Baba. The chief of an organization of the Hindu Parivar said that Sai Baba belonged to the Muslim community and, that is why, she should not be a devotee of Sai Baba. Ninety-five per cent of devotees of Sai Baba are Hindus. Nobody remembers that Sai Baba belonged to which religion.

* Mahabharata is one of the classic epics in the world. * That is my suggestion, Sir. * ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...*(Interruptions)*... See, even though you have not mentioned the name *, it is very clear. So, such a name can be brought only by a substantive motion. Therefore, that portion is expunged.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: If you want to expunge, you are free to expunge. * There is no doubt in my mind. In your own right, * you can take the decision*.

Sir, the question, again, is that incidents of this kind of ...*(Time-bell rings)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You see, instead of ten minutes, you have ...*(Interruptions)*...

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: Sir, my last point.

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; I can't allow. If I allow like this, the discussion will not be over today. There are fifteen more speakers.

DR. BHALCHANDRA MUNGEKAR: Sir, lastly, I have only one suggestion. The Bharatiya Janata Party does not have anything to do with Mahatma Gandhi, does not have anything to do with Nehru, does not have anything to do with Sardar Patel but for the big statue. But, they should not forget, at least, the legacy of Atal Bihari Vajpayee. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. Shri Ramdas Athawale. He is not present. Shri Vijay Goel.

श्री विजय गोयल (राजस्थान) : माननीय उपसभापति जी, मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। गृह मंत्रालय एक बहुत बड़ा मंत्रालय है। इसके अंतर्गत आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबन्धन, जम्मू-कश्मीर, नक्सलवाद, राजभाषा आदि बहुत सारे विभाग आते हैं। इनका काम भी बहुत बड़ा है और वह नये गृह मंत्री के बहुत सबल कन्धों पर है।

उपसभापति जी, रामायण में एक कहनी आती है। जब ऋषि विश्वामित्र राम जी और लक्ष्मण जी को ताड़का का वध करने के लिए ले गये थे, तो रास्ते में जाते हुए उन्होंने राम जी और लक्ष्मण जी को समझाना शुरू किया कि देखो, दशरथ जी तुम्हारे पिता हैं, लेकिन वे राजमहलों में बैठे हुए हैं। उनको पता नहीं है कि ये जितने भी जंगल है, ये जितनी भी सीमाएं हैं, किसी समय में ये सभी तुम्हारे राज्य की ही सीमाएं थीं। इनके ऊपर धीरे-धीरे रावण के लोगों ने अपने आतंकवाद को दिखा-दिखा कर कब्जा कर लिया, अधिकार कर लिया।

उपसभापति जी, इसी तरह से पिछले 60 सालों के अन्दर जो भी सरकारें रही हों, उनके ध्यान न देने की वजह से इस देश के अन्दर आतंकवाद, नक्सलवाद पनपा और पता नहीं कितनी-कितनी जगहों पर कब्जा हो गया। ...(**व्यवधान**)...

श्री नरेश अग्रवाल (उत्तर प्रदेश) : इसमें 7 साल तो अटल जी की सरकार थी।

श्री विजय गोयल : मैं भी 60 साल कह रहा हूं, अभी 67 साल हुए हैं, उनमें से 7 घटा दीजिए, तो 60 ही आता है। ...(**व्यवधान**)... मैंने अभी सरकार का नाम नहीं लिया, वे तो सरकार का नाम लेना चाह रहे थे।

इन सालों में आतंकवाद और नक्सलवाद खूब बढ़ा। अभी गुलाम नबी जी की पार्टी के नेता दिग्विजय सिंह जी कह रहे थे कि सरकार का इक़बाल होना चाहिए। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि इन 60 सालों के अन्दर कांग्रेस का इक़बाल कहां था? वे कह रहे थे कि इकबाल पी.एस. लगाने में मत देखों कि पी.एस. लगा सकते हैं या नहीं लगा सकते। अगर इकबाल लगाना था, तो आपको आतंकवाद को रोकने के लिए लगाना था। अगर इकबाल लगाना था तो जम्मू-कश्मीर में, जहां से आप आते हैं, वहां आपको लगाना था कि जम्मू-कश्मीर में किस प्रकार से लगातार आतंकवादी घटनाएं बढ़ती रहीं और हम इसे रोक नहीं पाए। अगर इकबाल लगाना था तो नॉर्थ-

ईस्ट में लगाते, जहां विभिन्न राज्यों में अन्दर ऐसी-ऐसी जगहें बन गई हैं, जहां पर पुलिस और आर्मी आज घुस भी नहीं सकती है।

सर, मैं स्टैंडिंग कमेटी के साथ मेघालय में गया था। मैं एक व्यापारी के घर गया, तो उसने अपने दोनों दरवाजे बन्द किए, मुझे अन्दर बुलाया और कहने लगा कि यहां पर एक्सटॉर्शन बहुत है। तो मैंने पूछा कि वे कैसे मांगते हैं? तब वह कहने लगा कि यह लेटर पैड है, इस लेटर पैड पर लिख कर कहते हैं कि दो लाख रुपये अभी दे जाओ और हर महीने एक-एक लाख की किश्त बंधवाते हैं। वहां इस तरीके से खुलेआम होता है। मैंने त्रिपुरा में यही देखा और यही मैंने दूसरे राज्यों में देखा। उपसभापति जी, मैं कहता हूं कि अगर इनको इकबाल लगाना था, तो यह देश लुट गया, नक्सलवाद, आतंकवाद के अन्दर फँस गया, हिंसाएं होने लगीं, साम्प्रदायिक दंगे हो गए, तब इन सरकारों का दायित्व बनता था।

उपसभापति जी, इन सबको रोकने के लिए जिन आदमियों को सबसे ज्यादा सुविधाएं होनी चाहिए थीं, जिनका सबसे ज्यादा ख्याल रखना चाहिए था, मैं आज उन लोगों की बात करने जा रहा हूं। सर, मैंने देखा है कि हमारे इस मंत्रालय के अंतर्गत बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स, इंडो-तिब्बतियन बॉर्डर फोर्स, सशस्त्र सीमा बल, नेशनल सिक्योरिटी गार्ड, सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स, सेंट्रल पैरामिलिट्री फोर्स वगैरह बहुत सारी फोर्सेज़ हैं। परन्तु इन फोर्सेज़ के ऊपर आज ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वह बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, जो इंडो-तिब्बतियन बॉर्डर फोर्स है, वह इंडो-चाइनीज़ बॉर्डर पर रहती है, चाइना से लगी हमारी सीमाओं की रक्षा करती है। मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि उसकी हालत बहुत खराब है। पिछले कई सालों से इनके लोग 15 हजार फीट ऊंचाई पर भी काम कर रहे हैं, उनको पूरी सुविधाएं नहीं हैं। उपसभापति जी, इन फोर्सेज़ का लगभग वही काम है, कम से कम मैं यह कह सकता हूं, जो बी.एस.एफ., इंडो-तिब्बतियन बॉर्डर फोर्स, सी.आर.पी.एफ. और दूसरी फोर्सेज का है, जो की आर्मी की फोर्सेज़ हैं, किन्तु आर्मी के मुकाबले इनको बहुत कम सुविधाएं दी गई हैं। सर, जो बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स पाकिस्तान और बंगला देश से लगे हुए बॉर्डर पर काम करती है, वहां पर पानी नहीं है, बिजली की कमी है, टेलिफोन की सुविधा नहीं है और सबसे बड़ी बात यह है कि इनको अपनी लाइफ लोनली बितानी पड़ती है। इनके पास इनकी फैमिलीज़ नहीं रहती हैं। इनको छुट्टियां नहीं मिलती हैं। अगर ये छुट्टी मांगते हैं, तो छुट्टी लेने पर भी इनको बहुत कम समय मिलता है। समय-समय पर पाकिस्तान की ओर से बॉर्डर पर फायरिंग हो सकती है, यह होती रहती है, इसलिए मैं चाहता हूं कि इनको ये सारी सुविधाएं दी जानी चाहिए। अभी भी आज-कल के अन्दर हमारे दो जवान मारे गए हैं। इसी तरीके से इंडो-तिब्बतियन बॉर्डर फोर्स है, इसको भी ठंड से बचने के लिए हम कपड़े तो देते हैं, परन्तु उनकी क्वालिटी ऑर्मी के जवानों से भी इनफीरियर होती है। ये फ्रीज़ हो जाते हैं। इनकी राशन मनी भी फौज के मुकाबले बहुत कम है।

उपसभापति जी, मैं दिल्ली से आता हूं। मैं यह कहना चाहता हूं कि ये जो फोर्सेज़ इनमें अब डीमोरेलाइजेशन है। अब इनमें आत्महत्याएं हो रही हैं। और इनमें से बहुत से लोग ऐसे हैं, जो बीस साल की अपनी सर्विस पूरी करने से पहले ही इसको छोड़ देते हैं, जिससे फोर्सेज को भी बहुत बड़ा नुकसान होता है। उपसभापति जी, अगर आप आंकड़े उठाकर देखें तो पाएंगे कि जिस

[श्री विजय गोयल]

तरीके से अभी दिल्ली के अन्दर डकैती की घटनाएं, जो पिछले साल 32 थीं, इस साल 58 हो गई हैं, मर्डर्स 621 से 656 हो गए हैं और रेप के केसेज़ में भी बढ़ोतरी हुई है। मेरा यह कहना है कि आज जो दिल्ली पुलिस का जवान है, उसके पास किसी प्रकार की सुविधा नहीं है। मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि दिल्ली पुलिस को सुविधाएं देनी बहुत आवश्यक है। आये दिन होने वाले बलात्कार, हत्या, चोरी फिरौती, कार चोरी, लूटपाट, बच्चों के अपहरण आदि सारी घटनाएं पुलिस को रोकनी होती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि अपराधियों में भय नहीं है। नयी सरकार आने के बाद, मैं समझता हूं कि इतनी सख्ती होनी चाहिए कि जनता में पुलिस का भय खत्म हो और अपराधियों के अन्दर पुलिस का भय हो।

उपसभापति जी, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि इस समय दिल्ली पुलिस का कोई सिपाही काम करे तो कैसे? हमें उनसे अपेक्षाएं बहुत हैं, किन्तु उनको सुविधाएं बहुत कम हैं। दिल्ली में 87000 की पुलिस फोर्स है। आपको जानकार आश्चर्य होगा कि इनमें से 10 परसेंट लोग मानसिक रोग से पीड़ित हैं, जो ठीक तरह से काम नहीं कर पाते और बहुत से लोगों ने तो आत्महत्या भी की है। आज अपराधियों के पास तेज वाहन हैं। मैं गृह मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि हमारे पास जो वाहन थे, उन जिप्सीज़ को बदल कर दूसरे वाहन आ गये हैं, किन्तु हमारे पास पहले वर्षों तक घिसी-पीटी जिप्सीज़ ही रहीं। हमारे पास रॉयल इन्फील्ड थी जिसको हमारा कोई पलता सिपाही खड़ा भी नहीं कर सकता था। किन्तु अभी दोबारा से इन्होंने एक अच्छी मोटरसाइकिल दी है, उसके लिए मैं इनको बधाई देना चाहता हूं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज भी हवलदार को साइकिल का एलाउंस मिलता है, वह भी 20 रुपए प्रतिमाह मिलता है और अगर उसके पास अपनी मोटरसाइकिल भी है, तब भी उसको 20 रुपए प्रतिमाह साइकिल एलाउंस मिल रहा है। आज जिनके पास कार भी है, उनको मोटरसाइकिल का एलाउंस मिल रहा है और वह भी 150 रुपए प्रतिमाह मिल रहा है, जिससे आज सिर्फ दो लीटर पेट्रोल आता है। आज भी सरकारी यूनिफॉर्म ऐसी मिलती है, जिसको कि पहनने का मन नहीं करता है। अब ये दिल्ली पुलिस के लोग, फोर्सेज के लोग अनुशासित फोर्स होने के कारण खुद तो कह नहीं सकते, इसलिए सदन में मैं उनका मामला उठा रहा हूं क्योंकि सरकार को इनके ऊपर ध्यान देने की बहुत आवश्यकता है। आज भी 87 हजार पुलिसमैनों पर पांच प्रतिशत भी मकान नहीं है, इसके कारण उनके परिवार दिल्ली से बाहर रहते हैं और जब वे दिल्ली से बाहर रहते हैं, तो आप समझिए हम दिवाली, होली, रक्षा बंधन आदि सब त्योहार मनाते हैं और ये जो पुलिस वाले हैं, ये 24-24 घंटे ड्यूटी पर रहते हैं। इनको छुट्टियां नहीं मिलती है, ये छुट्टी नहीं कर सकते और जब आदमी 8 घंटे की जगह 24 घंटे ड्यूटी करेगा, तो वह अपना खर्चा भी पूरा करता है। तब हम कहते हैं कि पुलिस भ्रष्ट है, किन्तु पुलिस के भ्रष्टाचार को रोकना है, तो उनके ड्यूटी ऑवर्स में कमी करनी चाहिए। महान किराया बेसिक सैलेरी का सिर्फ 15 परसेंट है और एक सब-इंस्पेक्टर को किराए के नाम पर सिर्फ दो हजार रुपए मिलते हैं। राशन मनी केवल 15 सौ रुपए महीने मिलती है, किन्तु ये 24 घंटे काम करते हैं।

महोदय, जैसा मैंने आपको कहा कि इनकी छुट्टियां बिल्कुल न के बराबर हैं, लेकिन इनकी छवि ऐसी बना रखी है कि मानो कि पुलिस के अंदर सारे के सारे लोग भ्रष्ट हों। मैं यह ध्यान

दिलाना चाहता हूं कि ये जितनी भी फोर्सेज़ है और जितनी भी पुलिस हैं, जो हमारे गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती हैं, मुझे पूरा विश्वास है, अब ऐसे गृह मंत्री, ऐसे प्रधानमंत्री आए हैं, जो इन फोर्सेज़ का भी ध्यान रखेंगे।

महोदय, मैं एक और मुद्दे के ऊपर ध्यान दिलाना चाहता हूं और वह मुद्दा यह है कि पूरे विश्व में जहां-जहां भी हिन्दु रहता है, जब वह वहां से तंग आ जाए, जब उसके ऊपर atrocities हो जाएं, जब उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं हो, तब उसके पास शरण लेने के लिए सिर्फ एक ही देश बचता है और वह भारत देश है, जहां पर कि आ सकता है। किन्तु पिछले दिनों यह जाती-जाती सरकार सिटिजनशिप के लिए जो पांच सौ रुपए की फीस थी, उसको 20 गुना बढ़ा करके गई है और आज उसकी फीस 10 हजार रुपए हो गई है। मैं चाहता हूं कि इसके ऊपर ध्यान दिया जाना चाहिए। मैंने 2003 में यह कहा था कि हम कैम्प लगा कर इन लोगों को सिटिजनशिप देंगे, किन्तु अभी पिछले सालों में इसके ऊपर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया गया है और इसकी फीस 20 गुना बढ़ा दी गयी है। जब एक-एक परिवार 15-15 जनों के साथ मजबूरी में आता है, तो आप समझ सकते हैं कि वे यहां पर अपना लालन-पालन किस तरह से कर पाएंगे, क्योंकि उनको यहां पर कोई नौकरी भी नहीं मिलती है। अंत में मैं इतना ही कहना चाहता हूं दिल्ली में, देश में और खास तौर से असम में या सभी जगहों पर बड़ी संख्या में अवैध घुसपैठ हो रही है। उस समय कहा गया था कि एक नेशनल रजिस्टर फॉर सिटिजनशिप बनाया जाएगा। मैं यह जानना चाहूंगा कि असम के अन्दर जो इसकी शुरुआत हुई थी, वह किन कारणों से बंद हो गई? पिछली सरकार वोट बैंक पॉलिटिक्स पर काम करती थी, इसलिए इसमें उनकी किसी प्रकार की कोई रुचि नहीं थी कि इन लोगों को identify करके इनको वापस भेजा जाए, किन्तु यह जो सरकार आई है, मैं समझता हूं कि वह इस ओर ध्यान देगी, क्योंकि बड़ी संख्या में दो से पांच करोड़ लोग अवैध रूप से इस भारत देश के अंदर रह रहे हैं। जिसके कारण जगह-जगह पर संबंधित क्षेत्र की डेमोग्राफी बदल गई है, संस्कृति बदल गई है, कल्चर बदल गया है और इसके लिए जरूरी है कि जितने भी लोग अवैध रूप से यहां पर रह रहे हैं, उनको जल्द से जल्द यह सरकार बाहर करे, उनको identify करे। यही मैं कहना चाहता हूं। आपने मुझे पूरा समय दिया, इसके लिए मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। धन्यवाद।

DR. M.S. GILL (Punjab): Thank you, Sir. I am grateful that you have given me the time. I am sorry that my friend, the hon. Home Minister, has just got up and gone. I hope he comes back quickly. ...*(Interruptions)*... I will explain why I am saying this.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He will come back.

DR. M.S. GILL: I will explain why I am saying this because the House knows that I come from another background and another experience in administration. So, I want to put a few points, which are of interest to the Home Minister. That is why, I would like to see him present here. I won't take too much time, Sir. The other day, the Home Minister gave an answer to a question here on the 'police'. I have kept those papers since then.

[Dr. M.S. Gill]

It was a very detailed answer which gave us a lot of information. There is a clear basic idea for the 125 crore Indians. The number of policemen and police officers is abysmally small, totally inappropriate and you cannot do the job of giving security to the Indian people. Look at these figures. Italy has 550 policemen, per one lakh of citizens; Japan has 200; America has 225; New Zealand has almost 200; Spain has more than 300. All of them have this and their challenges, their conditions are not as bad, as difficult as ours. I see from the table he gave me, India has 136 policemen, per one lakh of population. These are all Government's figure. But I am talking beyond Government, from my background on subject that is relevant. That is why, I am missing him. Bad luck! The sanctioned police strength of India, by various Governments of the past, is 182 policemen, per one lakh of population. But, 'in position' is only 136 for the total country. And, look at the States. Bihar has only 68, and you know the problems they have. UP, about which we talk so much, has only 81. West Bengal has 77. I remember Bengal, when I was CEC, had something around 70. How difficult was it, to hold any elections in such a difficult State of 9 crore population. This is our position. Actually, the sanctioned strength by the Home Minister is absolutely poor. The officers and whoever have been in those chairs, I think, have something to answer for and something to correct quickly.

India has a vast number of law and order and security problems. All States have this problem. When I look at the IPS officers, the Indian Cadre, in 2014, of total police is 4,728. Even the British had more than this level of officers for governing an India of 30-40 crores then. As against the sanctioned strength, what you have in place is less than 4,000 – you can say 3,800. And, when I look at the States, particularly, Bihar there are only 193 officers. There is a great shortage. In Uttar Pradesh, there are. 384. officers. The State of Uttar Pradesh is bigger than almost all countries in the world. It has a population of almost 20 crore. In West Bengal, there is again a huge shortage of more than 100. But the total strength sanctioned by the Home Ministry is not acceptable, if you really look at it. But, as far as constables' strength is concerned, you know it, the States have to do it. They don't like to spend the money, or, they don't have it. So, who is going to do it? The Home Ministry say that they have written to them and they do whatever they do, or, they don't do it. This is a major problem. The Home Minister should find a way, to even give them assistance, to overnight add, say, 50,000 constables in UP. Let us recruit them. Let us give a minimum. Instead of 136, India should have, at least, 200 to 250 policemen per one lakh of population. Unless you correct this, you are not going to go anywhere. Some States have more problems, but nobody has less problems. You can take any State. The same is the case with IPS and IAS.

I left the IAS a long time ago. I still remember, when I was a young officer, we dreamt of coming up as Joint Secretaries. The Government of India would choose sometimes fairly, by grade selection, mostly, and sometimes by nepotism, whatever that might be. But we dreamt and we were wanted here. I have been a Minister. I had the IAS people working with me. Most of them were from the Postal Services, and other services. Those were all great services. I am not an IAS man looking down upon them. But they are not trained for this job. But now in all Ministries, an IAS officer who has that general background -- is a rarity. Therefore, all these cadres need to be given a big recruitment jump. I am glad the Home Minister is here. How does the Home Ministry work? There is a Ministry of Personnel for the matters of IAS, IPS and other services, and that is with the Prime Minister. Some time back, it was taken away from the then Home Minister. I am not sure it was a good idea. There is the Home Ministry and the Home Minister, who has to answer to everybody in India. Sir, I believe, it is an unpopular job now. Be it any Government, any Party, they all want something else. The poor Home Minister wants a Policeman, the IPS and the IAS, etc. The Personnel Minister is looking somewhere else, and he is somebody else and nothing is moving. I am aware that the new Government and the new Prime Minister says, हम तो इसको आगे ले जाएंगे but, Sir, unless you and the Prime Minister sit down together, and override a lot of my colleagues, Civil Servants -- I am one of them -- you will get nowhere. And the States also find a way, give money and then direct that it be used to recruit more people immediately more people and not be put in another scheme. Now, for recruitment also, there is the UPSC. I have appeared before them. They are still in the old system, 1951 Constitution, absolutely 'stick in the mud', as we call it in English! And, then they have to deal with the Finance Ministry, the Home Ministry, the Personnel Ministry, and if Finance Ministry says they won't give them money, then nothing moves. I am glad my friend is shaking his head, because I think he agrees with me. He can go on writing and talking to them. वह कहते हैं गाली तो इनको ही मिलेगी अगर बलवा हो गया। we will carry on doing what we are doing. So, how to get not just India moving, but this business also moving, this is my question.

Sir, who do you recruit and how do you recruit? First, there is a clear idea in this country to have more women. The Government of India for the last 10 years have been saying this. I hope you are going to push it, and give at least 30 per cent women quickly. Your problems of women, their security and all sorts of crime will not go away, be it Delhi or any other town anywhere, wherever it happens, unless there is that strength of women in the Police force, in the jobs of SHO, DSPs and District SPs. I have watched over a long time; Kiran is not the only I.P.S., now it is a common business. There are plenty of girls, mostly, better than the men. This is a general

[Dr. M.S. Gill]

5.00 P.M.

perception in all jobs. We know it. Therefore, Sir, if you manage somehow to quickly recruiting a lot of more IPS and DSPs, the cutting edge, and put them in position, you will see your law and order will be taken care of. आदमी भी कैसे भी हों, किस जगह के भी हों आपके या मेरे, लेकिन वे डरते हैं जब थोड़ी गिनती में औरतें खड़ी हों। इसीलिए we want more women in the Lok Sabha and that too will change. ...*(Time-bell rings)*... So, Sir, you need to do this. Sir, I will finish quickly. I am sorry I have taken more time.

Sir, now I come to recruitment. We have been arguing here over questions of which language, and how much of which language. Sir, I will say only-one thing. India is a sub-continent. It is not a unilingual State. Every language is regional and not known elsewhere. Therefore, whoever you recruit for the superior services, Police or Civil, they have to be able to function in deep Karnataka, in deep Tamil Nadu, in deep Assam and in deep UP, on the Assam border. They have to.

[THE VICE-CHAIRMAN, (SHRI P. RAJEEVE) *in the Chair*.]

Sir, one is the question of language. We have 22 languages. All are equal under the Constitution. If you are going to focus on that, please do it, but, then all of them will have to be used.

The second issue is CSAT, what exam and how we take it. On that also, whatever mechanism the UPSC and you decide should be there. I do not want to go into the details. Sir, on that also, whatever mechanism the UPSC and you decide – I don't want to go into the details – please make sure that you get the bodies you want. If you take a 'fish' for a 'fowl' or 'cheese' for 'chalk' or 'a man like me' for 'an engineer', how will I work? So, whoever goes and works in far-off India–India is a subcontinent–he has to be able to talk to the people there, the leaders there and the remote villagers. So, let us not say, I will have my language,' Never mind, if we all are talking Greek to each other, it won't work. That is all I have to say on that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude.

DR. M.S. GILL: Sir, I am aware, I won't waste your time. Sir, take Delhi which is important for all sorts of things. When I was the Minister of Youth -- women from Eastern States had a terrible time here, even men. Because they look different, people from roundabout here want to bash them up and beat them up. They come here for jobs because Delhi is a magnet. It attracts most from the neighbouring States. But now

people from Eastern India, all our brothers from those States, are coming क्योंकि दाल-रोटी के लिए यहां चांस है। This is all right. We want it. But, then, how do you give them security? I know every Home Minister and everyone tries, tries as hard as he can. When I was the Minister for Youth Affairs, something happened to a girl. I was the only Minister who called all the student leaders of all the Eastern States, and I spent two hours listening to them. Even that was a relief to them कि चलो किसी ने तो बात सुनी। I wrote long letters to Mr. Chidambaram then, and I must say that something got done. Sir, the Delhi Police is a national police. The mechanism somehow -- and the way it has been kept in that control; I won't say manipulation -- is that they are all neighbourhood people. I recognize them and I am one of them. No, there have to be enough Constables, enough DSPs and SHOs from Eastern States; and also from South India, from, elsewhere. I also see that after 1984, I don't see certain people who look like me at all in Delhi. Why? Surely, they also have a right to come back. Or, is that now a 'line has been marked' against them.

So, Sir, please give us a national police here. I will give you a technical reason for that. Men of Kerala do not want to come, because they can't live here. Today, your criminal and often your men in the Police are from the same village and cousins. ...*(Time-bell rings)*... I want a Keralite or a Tamil or an Assamese. But they need some place to stay. Organize staying for those people who come from far and take a job here as Constables. If you do that and give the National Capital a National Police of an effective mix, you will see all your crimes disappear. Otherwise, we all go and visit the victims and give them relief. But nothing will happen.

Sir, I have taken too much time. I thank you and I thank everyone, and I would request the hon. Home Minister to look into this.

श्री जी.एन. रतनपुरी (जम्मू और कश्मीर) : मैंने होम मिनिस्ट्री की पिछले साल की कारकर्दिगी की रिपोर्ट पढ़ी है। उसमें दिए गए आंकड़ों के हिसाब से जम्मू कश्मीर के हिंसा की तशद्दुद की लेवल कम होती जा रही है और पिछले साल में बहुत तेज़ी से कम हुई है। खुशी की बात है कि हिंसा के वाकयात में कमी हुई है, इसमें मरने वालों की तादाद में कमी हुई है और यह रियासत तेजी से नॉर्मल मामूल-ए-सूरते-हाल की तरफ बढ़ रही है। इसके बरअक्स देश के दूसरे कई हिस्सों में माओस्टि वॉयलेंस और Left extremism के वाकयात बढ़े हैं। उन्हों रोकने के लिए पिछले साल के दौरान जो कार्रवाई की गई है, उसके यकीनन कुछ अच्छे असरात निकले हैं।

रियासते जम्मू कश्मीर में कानून की सूरते हाल का जायज़ा रेगुलरली यूनीफाइड कमांड लेती है जिसके सरबराह चेयरमैन और रियासत के चीफ मिनिस्टर हैं। उसमें होम मिनिस्ट्री के इंटैलिजेंस एजेंसीज व डिफेंस मिनिस्ट्री के नुमाइंदे भी शामिल होते हैं। और कोशिश यह होती है, जैसा कि हमें बताया गया है, फैसले कॉनशिएन्स से लिए जाते हैं और कॉनशिएन्स में चेयरमैंन का

[श्री जी.एन. रतनपुरी]

लफ्ज हरफ़े आखिरी लास्ट वर्ड होता है, लेकिन पिछले दस-बारह साल से देख रहे हैं कि रियासत के चीफ मिनिस्टर बार-बार यह मुतालबा कर हैं कि यूनिफाइउ कमांड के अंदर AFSPA को हटाया जाए, यूनिफाइड कमांड से बाहर किया जाए। खामोशी के साथ अपने खत्तो-किताबत में, करस्पोंडेंस में, प्रेस में, असेम्बली में हर जगह यह बात उठी और पार्लियामेंट में भी यह बात उठी, लेकिन इसमें शायद फोर्स की वीटो को आख्तियार है। यूनिफाइड कमांड में चेयरमैन को जो हरफ़े आखिरी लास्ट वर्ड हासिल होना चाहिए था, वह नहीं है। इसके बुरअक्स वे हर बार बेबस दिखाई देते हैं।

सर, मैंने यहां इस सदन में कई बार सवाल उठाया और होम मिनिस्ट्री के बारे में और कई सवाल उठाए। जैसे जो चार वर्किंग ग्रुप्स प्रधानमंत्री ने बनाए थे, उनकी सिफारिशात के बारे में मैंने सवाल उठाए, लेकिन मुझे अफसोस इस बात का है कि जवाब में कुछ ज्यादा रिवील करने के बजाय बहुत ज्यादा छिपाने की कोशिश की गई। इस सेशन में भी मैंने सवाल रिपीट किया और मैंने यह जानना चाहा कि स्पेसिफिकली मुझे बताइए कि वर्किंग ग्रुप्स की कौन सी रिंकमडेशंस हैं, कौन सी सिफारिशात हैं, तो लागू की गई हैं? अब तक मुझे बताया गया था कि जितनी भी जरूरी हैं, वे लागू की गई हैं? मैंने अब पूछा था कि स्पेसिफिक एक, दो, तीन करके मुझे बताइए कि क्या सिफारिशात लागू की गई हैं, लेकिन अब की बार भी यही जवाब मिला कि जो जरूरी था वह किया गया। जब इस एवान में यह हाल हो कि हमें सवाल का जवाब मिलने के बजाय हमसे छुपाए जाने की कोशिश की जाए, तो बाकी जो फोरम हैं उनमें क्या हाल होगा? इससे कौनसी रियासत और मरकज़ के दरमियान कांफीडेंस बढ़ेगा? यह कोई भी सोच सकता है। जो वर्किंग ग्रुप खास तौर से सेंटर स्टेट्स रिलेशन की जांच करने के लिए जस्टिस सगीर अहमद की कयादत में कायम किया गया था, उसने सिफारिश की थी रियासते-जम्मू और कश्मीर की आटोनॉमी बहाल की जाए। उसने यह सिफारिश की थी कि दफा 370 को हटाने की बात न की जाए, बल्कि वह इस रियायत की अवाम पर छोड़ा जाए, जब वह इसमें कोई नज़रे-सानी चाहेंगे तो उस वक्त की जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है, बल्कि रियासत में उस वक्त की सरकार ने जितने भी स्टेकहोल्डर्स हैं उनके साथ बात करके मरक़जी हुकूमत के नुमायंदों के साथ बात करके, असेम्बली में बहस करके एक रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट को तैयार करने के बाद फिर असेम्बली में मुकम्मल अकसरीयत साथ कॉनशिएन्स के साथ मरकज़ी सरकार को पेश की थी और मरकज़ी सरकार ने यह फैसला किया कि इस रिपोर्ट को पढ़ने के बजाय रद्दी की टोकरी में डाल दिया जाए।

एक वक्त था, जब इस ऐवान में जितनी भी जमायतें हैं उनकी नुमाइंदी करने वाले लीडरों ने दिल्ली आकर यह कहा था कि रियासते-जम्मू कश्मीर की अवाम अलाहदगी से जो भी चाहें, मिल सकता है। एक वक्त था भूटान स्टेप्स की बात होती थी और आज यह मरहला आया है कि कोई बात सुनने के लिए, कोई बात डिस्कशन्स करने के लिए भी तैयार नहीं है और एरोगेन्स का यह हाल है कि इस ऐवान में भी सवालों के जवाब देने के बजाय टाले जाते हैं। एक और वर्किंग ग्रुप ने रियासते-जम्मू कश्मीर में इक्तिसादी तरक्की के लिए जो पिछले बीस-बाईस वर्षों के दरमियान तबाही हुई थी, उसका अज़ाला करने के लिए और रिकंस्ट्रक्शन के लिए सिफारिशात की थीं, जिसके नतीजे में उस वक्त के प्रधानमंत्री ने 24000 करोड़ के रिकंस्ट्रक्शन प्रोग्राम ऐलान किया और वह भी अभी तक इंप्लीमेंट नहीं हुआ है। इस सिलसिले में जब भी हमने जानने की कोशिश

की तो इरेसिव जवाब मिला, जबकि हमने स्पेसिफिक जवाब जानने की कोशिश की थी। इसी वर्किंग ग्रुप ने रियासते जम्मू-कश्मीर के जवानों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए एक स्कीम स्किल्ड डेवलमेंट की तय की थी। इरादा यह था, टारगेट यह था कि 40 हजार जवानों को पांच वर्षों के अंदर-अंदर तरबियत दी जाएगी, ताकि उन्हें मुनासिब रोजगार हासिल हो। इनमें इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स, डिप्लोमा होल्डर्स और ग्रेजुएट कोर्स शामिल थे। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक और जो रिपोर्ट है, उसके मुताबिक 40 हजार के बजाय सिर्फ 7919 शॉर्टलिस्ट हुए, उनमें से 4314 को चुना गया। 1,451 ने ट्रेनिंग कंप्लीट की, 942 को jobs दिए गए और मुझे कोई यह नहीं बताया कि वे jobs में क्यों हैं, क्योंकि मेरी जानकारी यह है कि जिन लोगों को jobs दिए गए, उनके लिए वे jobs attractive नहीं थे and most of them have opted out.40,000 में से सिर्फ 942 और 942 भी कहीं पर काम नहीं कर रहे हैं, वापस भेजे गए हैं।

इस सदन में उक्त के फाइनेंस मिनिस्टर ने डॉ. अभिजीत सेन की कयादत में एक कमेटी बनाई थी, लद्दाख और जम्मू रीजन्स की कम-तरक्की की शिकायतों का जायज़ा लेने के लिए। उसने एक सिफारिश की थी, कुछ प्रोजेक्ट उन्होंने आइडेंटिफाई किए थे। उनके लिए वित्त मंत्री ने डेढ़ सौ करोड़ जम्मू के लिए और एक सौ करोड़ लद्दाख के लिए मरकजी बजट पेश करके ऐलान किया, लेकिन बाद में यह पता चला कि पिछले तीस वर्षों से यह रकम, जो प्रोजेक्ट मरकजी सरकार ने आइडेंटिफाई किए, जिनकी तरजीहात प्रॉयोरिटीज़ मरकज़ी सरकार ने दीं और जिनके लिए फंड्ज़ का ऐलान इस पार्लियामेंट में हुआ, लेकिन पैसा फिर रियासती सरकार को अपने बजट से देना पड़ा और इस पैसे का बोझ उस रिक्ते पर पड़ा, जो लेफ्ट आउट था, जो टास्क फोर्स ने जायजें में नहीं लिया था और इसके बारे में भी, जितने भी सवाल हमने कभी यहां पूछे, उनका जवाब भी यहीं से मिला। ...(**समय की घंटी**)... कभी इसमें हमें कुछ ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Please conclude.

श्री जी.एन. रतनपुरी : मुझे थोड़ा टाइम दे दीजिए। मुझे अफसोस इस बात का है, जो मेरा तजुर्बा यहां रहा, मरकज़ी सरकार ने जब भी रियासते जम्मू-कश्मीर के मसले को हल करने की कोशिश की, तो शायद यह जानकारी कि जम्मू-कश्मीर में कोई भी कौमपरस्त नहीं है, नेशनलिस्ट नहीं है, इसलिए शायद हमेशा लाइकीज़ और एजेंट्स को पाने की, कोलैबोरेटर्स को पाने की कोशिश की। आज जब भाजपा यह कह रही है कि हमने जम्मू-कश्मीर में 44+ का आंकड़ा रखा है, हम जम्मू-कश्मीर में आने वाले इन्तिखाबात में भाजपा की सरकार चाहते हैं, तो वह allies की तलाश में नहीं है, वह कोलैबोरेटर्स की तलाश में है, वह लाइकीज़ की तलाश में है, वह एजेंटस की तलाश में है। यहां से भाजपा के जो बड़े नेता जाते हैं, वे अलहदगी पसंदों से मिलते हैं। जो लोग आज़ादी से कम कुछ नहीं चाहते, उन्हें किस बात के लिए, किस बात पर, किस सौदे में ये तैयार कर रहे हैं कि भाजपा की सरकार अगर कभी बनती है, तो वे उसका हिस्सा बनें और इसके लिए अगर दियानतदारा कोशिशें की जाएं, मुझे कोई आपत्ति नहीं है अगर भाजपा कोशिश करती है कि जम्मू-कश्मीर में उसकी सरकार बने, लेकिन उसके लिए ट्रांसपेरेंट और दियानतदाराना पुरखुलूस कोशिशें होनी चाहिए, या नहीं कि आज ...(**समय की घंटी**)... मैनिपुलेशन्स और मैकिनेशन्स की कोशिश की जा रही है, यह देखा जा रहा है कि वादी में कौन-कौन सी कंस्टीट्यूएंसीज़ में नॉन-मुस्लिम्स की थोड़ी सी कंसंट्रेशन, चार परसेंट या पांच परसेंट जो ग्रोथ है...

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. राजीव) : कृपया समाप्त कीजिए।

श्री जी.एन. रतनपुरी : वहां मैनिपुलेट किया जाए, बॉयकॉट और ऐसी कोशिश की जाए कि अक्सरियती तबका जो है, वहां वोट न दे और चार परसेंट और तीन परसेंट वोटों की बुनियाद पर

[श्री जी.एन. रतनपुरी]

कुछ ...(**व्यवधान**)... को ढूंढ़ कर लाया जाए और एक सरकार बनाई जाए। यह बहुत बड़ा खतरनाक खेल है। यह इन्तहाई खतरनाक खेल है। मैं चाहूंगा कि होम मिनिस्टर साहब ध्यान दें। मेरी नज़र से एक तसवीर गुजरी, एक कैम्प में एक सिक्योरिटी फोर्स के कंपनी हैडक्वार्टर पर बड़े अक्षरों में लिखा है- Catch them by their balls, hearts and minds will follow'. यह इन्तहाई अफसोसनाक और शर्मनाक बात है कि सिक्योरिटी फोर्सेज के कैम्प पर लिखा हो, ऐसी नसीहत दी गई हो। इनको आइडेंटिफाई किया जाए और जिस अफसर ने यह किया है, उसे ऐसी सज़ा दी जाए कि बाकी के अफसर ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Ratanpuri *ji*, please conclude.

श्री जी.एन. रतनपुरी : आप क्या कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोगों के ...(**व्यवधान**)... देखने की कोशिश करना है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Ratanpuri *ji*, please conclude.

श्री जी.एन. रतनपुरी : अगर आप इसमें मुखलिस हैं, अगर आप सच में चाहते हैं, अगर आपको यक़ीन है कि हां, जम्मू-कश्मीर में यक़ीनन नेशननलिस्ट इंडियन्स हैं, तो उनके साथ बात कीजिए। कोलैबोरेटर्स और एजेंट्स को तलाश करने की बात छोड़ दीजिए। इसी के साथ मैं एक गुजारिश और करूंगा कि जम्मू-कश्मीर की असेंबली में, जम्मू-कश्मीर की अवाम ने बाकी मुल्क की आवाम के नुमाइन्दों के साथ बात करके जो autonomy की रिपोर्ट पेश की है, जिसकी प्रधान मंत्री की तरफ से कायम वर्किंग ग्रुप ने सिफारिश की है, उस autonomy को बहाल करने की कोशिश कीजिए ओर एक मैसेज दीजिए कि जम्मू-कश्मीर की आईनी हैसियत में कोई भी तब्दीली वहां की आवाम की मरजी के बगैर नहीं होगी, शुक्रिया।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Now, Shri Mohd. Ali Khan; you have five minutes.

श्री मोहम्मद अली खान (आन्ध्र प्रदेश) : शुक्रिया वाइस चेयरमैन साहब, आपने वज़ारते-दाखला की इस बहस में मुझे बोलने का मौका दिया, मैं आपका बहुत ही शुक्रगुज़ार हूं। वाइस चेयरमैन साहब, इस बहस का जब आगाज़ हुआ था, जुम्मे के दिन, तब मैंने बर्सरे-इक्तिदार पार्टी के एक मोज़्ज़िज रुक्न को मैंने सुना। बड़ी खुशी हुई। उन्होंने अपनी पार्टी की जानिब से अपना हवाला देते हुए कहा कि हम इस देश को मजबूत बनाना चाहते हैं और इस देश को हम यकजेहती के दायरे पर लेकर जाना चाहते हैं। लेकिन मैं याद दिलाता चलूं, जब इलेक्शन करीब आ रहा था तो इस देश के नौजवानों के साथ यह वायदा किया गया, इस देश की आवाम के साथ यह वायदा किया गया कि हम इस देश से, भारत के करप्शन को पाक करेंगे, तो अच्छा एडमिनिस्ट्रेशन लाएंगे और आवाम के नौजवानों की जो उम्मीदें हैं, उन उम्मीदों को पूरा करने की हम कोशिश करेंगे। बिल्कुल, यह जरूर कीजिए, लेकिन जब इलेक्शन में जीतकर बी.जे.पी. की सरकार इक्तिदार में आयी तो उन्होंने अपना पैतरा बदलकर फिर यह शुरू किया कि चार रियासतों के अंदर इलेक्शंस हैं, इन इलेक्शंस के बाद हम फिर इसको मद्देनजर रखेंगे। मुकर्रिर ने अपनी बहस का आगाज़ करते हुए एक बात का इशारा जरूर दिया था कि भारत का जो आईन

बना है, वह आईन अंग्रेजों की चर्बी की नक्ल है, मैं इसकी सख्ती से मजम्मत करता हूं क्योंकि यह जो आईनन बना है, इसको आईन बनाते समय हिन्दुस्तान के बुजुर्गों ने, हिन्दुस्तान की हमारी जो बड़ी पीढ़ी थी, उन्होंने आजादी में अपनी कुर्बानी देकर इस हिन्दुस्तान को आज़ाद करवाया था, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इक्तिदार में जो लोग हैं, उस आज़ादी की जंग के अंदर और जंग के वक्त उनका कहीं नामों-निशान नहीं था। मैं यह जरूर कहूंगा कि वह दर्द है, दस्तूरे-हिन्द की बका और उसकी हिफाज़त करने का दर्द, जिसमें आज़ादी-ए-मुल्क के बाद हमारे बुज़ुर्गों ने गंगा-यमुना तहज़ीब की सलामती के लिए इस दस्तूर को मुरत्तब किया था। हमारे बुजुर्गों में मौलाना आज़ाद, पंडित जवाहरलाल नेहरू, डा. भीमराव अम्बेडकर और डा. राजेन्द्र प्रसाद जैसे कौमपरस्त और वतन के तईं वफादार थे। सदियों से पनपती, संवरती, परवान चढ़ती हिन्दुस्तान की गंगा-यमुना तहज़ीब दुनिया भर में अपनी मिसाल आप है। इस तहज़ीब के रखवाले इस मुल्क के बाशिंदे रहे हैं। सूफी और संतों की तालीमात ने हिन्दुस्तान को ऐसी हम आहंगी बख्शी कि हम अपने ईमान की हिफाज़त करते हुए भी एक-दूसरे से मोहब्बत की डोर में बंधे रहे हैं, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि आज की सरकार इन बातों को नज़रअंदाज करते हुए सिर्फ अपने इक्तिदार के लिए अवाम को गुमराह करके एक बात लेकर जाना चाहती है। मैं एक बात कहना चाहता हूं। जो जमात हो या कौमपरस्त हो, हुब्बुल-वतनी का दावा तो करती है, लेकिन इस समाज को जोड़ने का काम नहीं तोड़ने का काम करती है। बी.जे.पी. की बुनियादी पालिसी आर.एस.एस. और उसकी फैक्टरी में तैयार होती है। तशद्दुत और फिरका परसती की पालिसी। इन लोगों को कम से कम मुल्क और कौम की मफ़ाद में बदलने की जरूरत है। एक हकीकी कौमपरस्त, हुब्बुल-वतन वही होता है जो तमाम तबक़ात को साथ लेकर मसावी दर्जा देते हुए पसमांदा तबकात अक्लियतों को साथ लेकर चलता है, जिससे मुल्क में अमन और शांति कायम रह सकती है। मुल्क की तरक्की के लिए यह जरूरी है कि चारों तरफ से अवाम और भाईचारे का माहौल बना रहे। अवाम को नॉर्मल हालात में काम करने के मौके मौजूद रहें। इसके अलावा मुल्क में सनअती इनकिलाब लाने के लिए बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर और बढ़िया किया जाए ताकि तरक्की याफता मुमालिक हिन्दुस्तान में कसीर सरमाया मशगूल कर सके, जिससे मुक़ामी लोगों के लिए रोज़गार के मौके भी पैदा हों। बदकिस्मती से संघ परिवार की जमातें हर हिन्दू त्योहार के मौके पर अपनी तकरीरों के जरिए इस मुलक को कमज़ोर करने की बातें कहते हैं। राम मंदिर तामीर करने की बात होती है, तो कभी यकसां सिविल कोड की बात होती है तो कभी कश्मीर के खूसूसी मोक़फ़ को लेकर इस मुल्क की तहज़ीब को बिगाड़ने की बात कही जाती है। यह मुल्क के मफाद में नहीं है। कांग्रेस पार्टी के अलावा समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल, सी.पी.आई. सी.पी.एम.., तृणमूल कांग्रेस, जनता यूनाइटेड दल, डी.एम.के., अन्य डी.एम.के. - कई ऐसी जमातें हैं जो हिन्दुस्तान की सियासत में अपना पूरा हक रखती हैं और काम करती आ रही हैं। ये लोग हमेशा जम्हूरियत और सेक्युलरिज्म पर अपना यक़ीन रखते हैं। मुसलमान हो या दीगर तबक़ात हो, उनको साथ लेकर चलने की बात करते हैं। वाइस चेयरमैन साहब, मैं आपके तवस्सुत से इस सरकार से और खुसूसन वज़ीरे दाखला साहब से यह कहने की जुर्रत करूंगा क्योंकि आप हालात को मद्देनज़र रखते हुए देखिए, आज हिन्दुस्तान के हालात हिन्दुस्तान के अवाम के दिल में एक शक-ओ-शुबहा की नज़र से सरकार के बीच में हैं, माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। मैं एक हिन्दुस्तानी हूं और मैं फंख के साथ कहता हूं कि मैं एक मुसलमान हूं। इसलिए हर हिन्दू भाई को, हर सिख को, हर

[श्री मोहम्मद अली खान]

ईसाई को अपने साथ लेकर चलना चाहता हूं। इस देश को अगर वाकई आप मजबूती के साथ, यकजेहती के साथ, इस मुल्क को कायम रखना चाहते हैं, तो आपको हिन्दुस्तान की अवाम का दिल जीतना होगा। हिन्दुस्तान की यकजेकती को बरकरार रखते हुए, आपको दिलों को जोड़ना पड़ेगा। चाहे बाहर के आतंकवादी हों, चाहें अंदर के फंसादी हों, इनका मुकाबला करने के लिए मजबूत इरादे के साथ, आपको यकजेहती कायम करनी पड़ेगी। आपको पुलिस फोर्स को मजबूत करना पड़ेगा। पुलिस को तबको में बांटकर नहीं, आपको यकजेहती के लिए काम करना पड़ेगा। महिलाओं को इसमें ज्यादा मौके फराहम किए जाएं। जो लोग गुनहगार हैं, जो लोग फ़सादात करते हैं, जो लोग फ़सादी बयान देते हैं, उनके खिलाफ आपको कार्यवाही करनी चाहिए। मैं आपसे अपील करूंगा जब आतंकवादी घुसपैठ की बात आती है, तो एक जुमला, एक बात मैं दोहराये बगैर नहीं रह सकता। अगर कांग्रेस पार्टी आतंकवादियों से या फसादियों से हस्बे तसफ़िया कर लेती, तो मैं आपके सामने इस हाउस में, सारी दुनिया में, फख्र से कहता हूं कि मेरी काइद इंदिरा गांधी हमारे बीच में होतीं। हमने कभी घुसपैठियों से, फसादियों से या आतंकवादियों से समझौता नहीं किया। हम अगर किसी मुल्क के साथ दोस्ताना माहौल पैदा करते हैं, तो उसके मायने यह नहीं है कि हम किसी से दुश्मनी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हम दोस्ताने के तौर पर इस मुल्क को आगे ले जाना चाहते हैं।

†[**جناب محمد علی خان (آندھرا پردیش)** : شکریہ وائس چیئرمین صاحب، آپ نے وزارت داخلہ کی اس بحث میں مجھے بولنے کا موقع دیا، میں آپ کا بہت ہی شکر گزار ہوں۔ وائس چیئرمین صاحب، اس بحث کا جب آغاز ہوا تھا، جمعہ کے دن، تب برسراقتدار پارٹی کے ایک معزّز رکن کو میں نے سنا، بڑی خوشی ہوئی، انہوں نے اپنی پارٹی کی جانب سے اپنا حوالہ دیتے ہوئے کہا کہ ہم اس دیش کو مضبوط بنانا چاہتے ہیں اور اس دیش کو ہم یکجہتی کے دائرے پر لے کر جانا چاہتے ہیں۔ لیکن میں یاد دلاتا چلوں، جب الیکشن قریب آ رہا تھا تو اس دیش کے نوجوانوں کے ساتھہ یہ وعدہ کیا گیا، اس دیش کی عوام کے ساتھہ یہ وعدہ کیا گیا کہ ہم اس دیش سے، بھارت سے کرپشن کو پاک کریں گے، ایک اچھا ایڈمنسٹریشن لائیں گے اور عوام کے نوجوانوں کی جو امیدیں ہیں، ان امیدوں کو پورا کرنے کی ہم کوشش کریں گے۔ بالکل، یہ ضرور کیجئے، لیکن جب الیکشن میں جیت کر بی جےپی کی سرکار اقتدار میں آئی تو انہوں نے اپنا پینترا بدل کر پھر یہ شروع کیا کہ چار ریاستوں کے اندر الیکشنس ہیں، ان الیکشنس کے بعد پھر اس کو مدّنظر رکھیں گے۔ مقرّر نے اپنی بحث کا آغاز کرتے ہوئے ایک بات کا اشارہ ضرور دیا تھا کہ بھارت

†Transliteration in Urdu Script.

کا جو آئین بنا ہے، وہ آئین انگریزوں کی چربی کی نقل ہے، میں اس کی سختی سے مذمت کرتا ہوں کیوں کہ یہ جو آئین بنا ہے، اس کو آئین بناتے وقت ہندوستان کے بزرگوں نے، ہندوستان کی ہماری جو بڑی پیڑھی تھی، انہوں نے آزادی میں اپنی قربانی دے کر اس ہندوستان کو آزاد کروایا تھا، لیکن مجھے افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ آج اقتدار میں جو لوگ ہیں، اس آزادی کی جنگ کے اندر اور جنگ کے وقت کہیں نام و نشان نہیں تھا۔ میں یہ ضرور کہوں گا کہ وہ درد ہے، دستور ہند کی بقا اور اس کی حفاظت کرنے کا درد، جس میں ملک کی آزادی کے بعد ہمارے بزرگوں نے گنگا جمنی تہذیب کی سلامتی کے لئے اس دستور کو مرتب کیا تھا۔ ہمارے بزرگوں میں مولانا آزاد، پنڈت جواہر لال نہرو، ڈاکٹر بھیم راؤ امبیڈکر اور ڈاکٹر راجندر پرساد جیسے قوم پرست اور وطن کے تئیں وفادار تھے۔ صدیوں سے پنپتی، سنورتی، پروان چڑھتی ہندوستان کی گنگا جمنا تہذیب دنیا بھر میں اپنی مثال آپ ہے۔ اس تہذیب کے رکھوالے اس ملک کے باشندے رہے ہیں۔ صوفی اور سنتوں کی تعلیمات نے ہندوستان کو ایسی ہم آہنگی بخشی کہ ہم اپنے ایمان کی حفاظت کرتے ہوئے بھی ایک دوسرے سے محبت کی ڈور میں بندھے رہے ہیں، لیکن مجھے افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ آج کی سرکار ان باتوں کو نظر انداز کرتے ہوئے صرف اپنے اقتدار کے لئے عوام کو گمراہ کرکے ایک بات لے کر جانا چاہتی ہے۔ میں ایک بات کہنا چاہتا ہوں۔ جو جماعت قوم پرست ہو، حبّ الوطنی کا دعوی تو کرتی ہے، لیکن اس سماج کو جوڑنے کا کام نہیں توڑنے کا کام کرتی ہے، بی جے پی کی بنیادی پالیسی آر۔ایس۔ایس۔ اور اس کی فیکٹری میں تیار ہوتی ہے تشدد اور فرقہ پرستی کی پالیسی۔ ان لوگوں کو کم سے کم ملک اور قوم کے مفاد میں بدلنے کی ضرورت ہے۔ ایک حقیقی قوم پرست، حب الوطن وہی ہوتا ہے جو تمام طبقات کو ساتھ لے کر مساوی درجہ دیتے ہوئے پسماندہ طبقات، اقلیتوں کو ساتھ لے کر چلتا ہے۔ جس سے ملک میں امن اور شانتی قائم

کا جو آئین بنا ہے، وہ آئین انگریزوں کی چربی کی نقل ہے، میں اس کی سختی سے مذمت کرتا ہوں کیوں کہ یہ جو آئین بنا ہے، اس کو آئین بناتے وقت ہندوستان کے بزرگوں نے، ہندوستان کی ہماری جو بڑی پیڑھی تھی، انہوں نے آزادی میں اپنی قربانی دے کر اس ہندوستان کو آزاد کروایا تھا، لیکل مجھے افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ آج اقتدار میں جو لوگ ہیں، اس آزادی کی جنگ کے اندر اور جنگ کے وقت کہیں نام و نشان نہیں تھا۔ میں یہ ضرور کہوں گا کہ وہ درد ہے، دستور ہند کی بقا اور اس کی حفاظت کرنے کا درد، جس میں ملک کی آزادی کے بعد ہمارے بزرگوں نے گنگا جمنی تہذیب کی سلامتی کے لئے اس دستور کو مرتّب کیا تھا۔ ہمارے بزرگوں میں مولانا آزاد، پنڈت جواہر لال نہرو، ڈاکٹر بھیم راؤ امبیڈکر اور ڈاکٹر راجندر پرساد جیسے قوم پرست اور وطن کے تئیں وفادار تھے۔ صدیوں سے پنپتی، سنورتی، پروان چڑھتی ہندوستان کی گنگا جمنا تہذیب دنیا بھر میں اپنی مثال آپ ہے۔ اس تہذیب کے رکھوالے اس ملک کے باشندے رہے ہیں۔ صوفی اور سنتوں کی تعلیمات نے ہندوستان کو ایسی ہم آہنگی بخشی کہ ہم اپنے ایمان کی حفاظت کرتے ہوئے بھی ایک دوسرے سے محبت کی ڈور میں بندھے رہے ہیں، لیکن مجھے افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ آج کی سرکار ان باتوں کو نظر انداز کرتے ہوئے صرف اپنے اقتدار کے لئے عوام کو گمراہ کرکے ایک بات لے کر جانا چاہتی ہے۔ میں ایک بات کہنا چاہتا ہوں۔ جو جماعت قوم پرست ہو، حبّ الوطنی کا دعوی تو کرتی ہے، لیکن اس سماج کو جوڑنے کا کام نہیں توڑنے کا کام کرتی ہے، بی جے پی کی بنیادی پالیسی آر۔ایس۔ایس۔ اور اس کی فیکٹری میں تیار ہوتی ہے تشدد اور فرقہ پرستی کی پالیسی۔ ان لوگوں کو کم سے کم ملک اور قوم کے مفاد میں بدلنے کی ضرورت ہے۔ ایک حقیقی قوم پرست، حب الوطن وہی ہوتا ہے جو تمام طبقات کو ساتھ لے کر مساوی درجہ دیتے ہوئے پسماندہ طبقات، اقلیتوں کو ساتھ لے کر چلتا ہے۔ جس سے ملک میں امن اور شانتی قائم

یکجہتی کے ساتھہ، اس ملک کو قائم رکھنا چاہتے ہیں، تو آپ کو ہندوستان کی عوام کا دل جیتنا ہوگا ہندوستان کی یکجہتی کو برقرار رکھتے ہوئے، آپ کو دلوں کو جوڑنا پڑے گا۔ چاہے باہر کے آتنک وادی ہوں، چاہے اندر کے فسادی ہوں، ان کا مقابلہ کرنے کے لئے مضبوط ارادے کے ساتھہ، آپ کو یکجہتی قائم کرنا پڑے گی۔ آپ کو پولیس فورس کو مضبوط کرنا پڑے گا۔ پولیس کو طبقوں میں بانٹ کر نہیں، آپ کو یکجہتی کے لئے کام کرنا پڑے گا۔ مہیلاؤں کو اس میں زیادہ موقعے فراہم کئے جائیں۔ جو لوگ گناہ گارہ ہیں، جو لوگ فسادات کرتے ہیں، جو لوگ فسادی بیان دیتے ہیں، ان کے خلاف آپ کو کاروائی کرنی چاہئے۔ میں آپ سے اپیل کروں گا جب آتنک وادی، گھس پیٹھہ کی بات آتی ہے، تو ایک جملہ، ایک بات میں دوہرائے بغیر نہیں رہ سکتا۔ اگر کانگریس پارٹی آتنک وادیوں سے یا فسادیوں سے حسب تصفیہ کر لیتی، تو میں آپ سامنے اس ہاؤس میں، ساری دنیا میں، فخر سے کہتا ہوں کہ میری قائد اندرا گاندھی ہمارے بیچ میں ہوتیں۔ ہم نے کبھی گھس پیٹھیوں سے، فسادیوں سے یا آتنک وادیوں سے سمجھوتہ نہیں کیا۔ ہم اگر کسی ملک کے ساتھہ دوستانہ ماحول پیدا کرتے ہیں، تو اس کے معنی یہ نہیں ہیں کہ ہم کسی سے دشمنی کی آگے بڑھانا چاہتے ہیں۔ ہم دوستانے کے طور پر اس ملک کو آگے لے جانا چاہتے ہیں۔]

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. राजीव) : धन्यवाद।

श्री मोहम्मद अली खान : कांग्रेस पार्टी ने 60 साल इतना काम किया जो आज भी एक मिसाल है। कई मुल्क चाहते थे कि इस हिन्दुस्तान को तबकों के बीच में, मजहबों के बीच में बांटा जाए, लेकिन वे लोग आज तक, 60 साल में ऐसा नहीं कर सके।

†[**جناب محمد علی خان** : کانگریس پارٹی نے 60 سال اتنا کام کیا جو آج بھی ایک مثال ہے۔ کئی ملک چاہتے تھے کہ اس ہندوستان کو طبقوں کے بیچ میں، مذہبوں کے بیچ میں بانٹا جائے، لیکن وہ لوگ آج تک، 60 سال میں ایسا نہیں کر سکے۔ کیوں کہ ہماری آپسی بھائی چارگی، یکجہتی اور ہم تمام لوگوں کا مذہبی عقیدہ بہت مثبت ہے،]

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Please conclude.

†Transliteration in Urdu Script.

श्री मोहम्मद अली खान : मेरी आपके माध्यम से इस सरकार से अपील है कि आप मजहबों को, तबकों को बांटने की बात मत कीजिए, सिविल कोड की बात मत कीजिए, हिन्दुत्व की बात मत कीजिए, देश को जोड़कर रखने की बात कीजिए। देश जुड़कर रहेगा, तो आने वाले हर गठजोड़ से, आने वाले हर मुकाबले से, आप फसाद को रोक सकेंगे। ...(**समय की घंटी**)... हम आपसी भाईचारगी को बरकरार रख कर, आने वाले हर मुकाबले का डटकर सामना करेंगे। आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। जय हिन्द।

†[**جناب محمد علی خان :** میری آپ کے مادھیم سے اس سرکار سے اپیل ہے کہ آپ مذہبوں - کو، طبقوں کو بانٹنے کی بات مت کیجئے، یکساں سول کوڈ کی بات مت کیجئے، ہندوتو کی بات مت کیجئے، دیش کو جوڑ کر رکھنے کی بات کیجئے۔ دیش جڑ کر رہے گا، تو آنے والے ہر باہر کے گھس پیٹھ سے مقابلے کریں گے، آپ اندرون فساد کو روک سکیں گے --(وقت کی گھنٹی)-- ہم آپسی بھائی چارگی کو برقرار رکھہ کر، آنے والے ہر مقابلے کا ڈٹ کر سامنا کریں گے۔ آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا، اس کے لئے میں آپ کو بہت بہت دھنیواد دیتا ہوں۔ جے ہند۔

SHRI D. RAJA (Tamil Nadu): Thank you, Sir. The Home Ministry is a crucial Ministry in nation building. It has been headed by a galaxy of leaders, starting from Sardar Patel. Even during the United Front Government, Communist leader, Indrajit Gupta, headed the Home Ministry. Now, history has given an opportunity to my friend Mr. Rajnath Singh. Sir, I have listed some eleven issues before the Home Ministry -- crime and police, Supreme Court guidelines on police reforms, internal security, terrorism, left wing extremism, internal security in Jammu and Kashmir, security situation in North-East, international land borders, coastline security, Disaster Management and National Population Register. But I will be confining myself to a few issues which I think are very crucial at this point of time. Firstly, India is a democratic republic. It is not a theocratic state; it is not a theocratic nation. It is a democratic republic. Thanks to Dr. Ambedkar and others, we have a Constitution which is a republican Constitution. But India's tryst with destiny began with a tragedy; the tragedy is Gandhi*ji's* assassination. Gandhi*ji's* assassination was not just an event in history. It really symbolized the path that India should take. Sir, after Gandhi*ji's* assassination, we witnessed several conflicts in the country. But demolition of Babri Masjid in 1992 was described by the former President Shri K.R. Narayanan as the second biggest tragedy after Gandhi*ji's* assassination. In 1984, Indira Gandhi was assassinated and anti-Sikh riots took place in Delhi and other parts. After 1992, we had riots in Bombay in 1993. Then in 2002, we had riots in Gujarat. Why am I listing out all these tragedies? Because still we are not able to overcome these

†Transliteration in Urdu Script.

tragedies. Communal conflicts are there in different parts of the country, particularly in the State of Uttar Pradesh from where you come. Unless we put an end to this communal menace, we cannot save our country and we cannot keep our country united. There I think India as a democratic republic should be preserved and its secular democratic values must be protected.

I know there are forces which indulge in hate speech and hate ideological propaganda against minorities, particularly the Muslim community. It is a fact of life. Let us not argue whether Muslims are right or others are wrong.

Sir, as a party, CPI, has been fighting against communalism of all kinds. Religious fundamentalism of all shades and kinds is bad. They are detrimental to the unity of the country. But there are forces which, in the name of majoritarianism, want to question the patriotism of the Muslim brethren. That is not good for the country. That is what I want to tell you. As Home Minister, you should take note of this. And the Government should protect the secular democratic structure of our governance, of our society. This is point number one.

Two, the NDA Government is invoking Sardar Patel's name frequently. But I would like to remind you that the spirit of cooperative federalism was significant to Patel's method of political mobilisation by which he could successfully persuade more than 492 princely States to join the Indian Union. It was the greatness of Sardar Patel. He had the spirit of cooperative federalism.

Now when you talk of cooperative federalism, I think you will have to carry that forward. Here I think the Centre-State relations assume very crucial importance. We should have strong States. Then only can we have a strong Centre. To have a strong Centre, there should be strong States. There is a need for a fair share of economic and political powers with the State Governments. There is a need for frequent meetings of Inter-State Council. There is an apprehension, you can say it is a misplaced apprehension, that the Centre is not giving adequate attention to the problems of South or East or North-East. There are some grievances. You cannot say that there is nothing like that. There are grievances. But to overcome these grievances, I think the Inter-State Council should meet frequently.

Now I come to Left Wing Extremism. It is not that there is just Left Wing Extremism. We have Right Wing Extremism also. The Left Wing Extremism poses a challenge to the State, the Government. Even they question all fundamental principles. I agree there. But the Right Wing Extremism poses a grave threat to the idea of India as a nation. That is where the danger should be understood. We will have to work out a mechanism how to curb the activities of right-wing extremists and these forces.

[Shri D. Raja]

Sir, most of the law and order problems are alleged to be happening both in Schedule V areas and Schedule VI areas. What is the reason behind this? Mining and other projects are taken up by private corporates either on their own or in the name of PPP. But the *adivasis* and the poor people are ultimately devastated, they are evicted and their livelihood is devastated. That is the breeding ground for other forces. You may call them extremist forces.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude.

SHRI D. RAJA: They are not just law and order problems. You will have to address the socio-economic root causes of these problems. Unless we address the question of poverty or the question of inequality, we can't overcome that trend. It is a trend. Left-wing extremism is a political trend. We have been fighting that trend ideologically and politically. We will continue to fight that trend. But you should understand that it is not just a law and order problem.

Sir, on the issue of the North-East, I met you. There are problems and there is a demand for the repeal of the Armed Forces (Special Powers) Act. The Centre should review the situation. You are the best judge to assess the security threats in the North-Eastern Region. You can assess the situation. But there is a demand from the people that the Armed Forces (Special Powers) Act be repealed. That demand is there in Jammu and Kashmir also. That demand is there. So, the Centre will have to review that.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude.

SHRI D. RAJA: I am concluding. That is one problem which is there. Then, in the case of Manipur, the Central Government has entered into an agreement with Naga organisation on ceasefire. But what is the status of that ceasefire? Manipur is opposing that ceasefire extended to Manipur region and the Centre will have to take note of that. In the same way, there is a question of inner line permits because Manipur's demographic composition is changing. It is a very strategic and sensitive State and the Union Government is aware of the problems. The Centre should also take note of this.

Then, Jammu and Kashmir Armed Forces (Special Powers) Act is one issue. The other issue is Article 370. Jammu and Kashmir has been given that with a specific purpose and a specific need. We cannot come to a conclusion that there is no necessity for Article 370. You will have to take the elected popular Government into confidence. You will have to take the people of Jammu and Kashmir into confidence. In fact, they are asking for more autonomy. Finally, I would like to add one point.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude within one minute.

SHRI D. RAJA: This is the last point. Again, I go to Sardar Patel because you have invoked Sardar Patel's name. You have given ₹ 200 crore to erect a huge monument. We have no problem. In fact, we have many more personalities to honour like that. But the point is, Congress also should note that once a session of the Indian National Congress was organised by earmarking a separate enclosure for *dalits*. When Sardar Patel came to attend that session, he did not approve the earmarking of a separate enclosure. Therefore, when Sardar Patel's turn to address them came, he went to the enclosure of *dalits* and addressed them.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude.

SHRI D. RAJA: I am concluding. That affinity and identification with dalits, which we learnt from Sardar Patel's life, has to be learnt for giving them due justice. When Mr. K.R. Narayanan, as President of India, unveiled the statue of Sardar Patel, he cited the example in his speech, "Sardar Patel stood for social justice and by serving the cause of social justice, we can strengthen the cause of cooperative federalism". As the Home Minister, you should keep this in mind. But the reality is something different. I can tell you that in 1991, the number of cases of atrocities against dalits including rapes, arson, kidnapping, dacoity, robbery, etc. was 17,646.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude.

SHRI D. RAJA: I am concluding. In 2013, it was 39,480. During the entire period, one can say, 6,34,319 cases have been reported. There has been an increase of 223 per cent. This has been done by one civil society, NACDOR. On the basis of that, The Times of India has published, Crimes against Dalits rise by 245 per cent in the last few years. So, the situation is very bad. This year is the 25th anniversary of the SCs/STs Prevention of Atrocities Act. In fact there is a need to strengthen that Act, in order to protect Dalits and Adivasis. So as the Home Minister, you must address some of these crucial issues. When we discuss about the functioning of the Home Ministry it should not go as a ritual discussion, or, debate. It should lead to fruitful action by the Ministry. I hope you will undertake this. With these words, I conclude. Thank you very much.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Thank you very much Rajaji. Next Shri Shantaram Naik. You have five minutes.

SHRI SHANTARAM NAIK (Goa): Mr. Vice-Chairman, Sir, I was going through the rules of the business of the Government of India. It appears that there are almost

[Shri Shantaram Naik]

100 items which are allotted to you under various Departments. How you will manage them is up to you. Hundred items in hundred various Departments! I hope you will go as per the rules for all your activities. I am mentioning this because, at the beginning itself, when this Government was installed by nominating Modi*ji* as the Prime Minister of India, we know the procedure; the Constitution provides one procedure, but the procedure followed by you was different. The Constitution provides that those MPs who get elected, they assemble at one place, and then they elect a person, may be, through consensus. Sometimes it depends on consensus in our party also. But the first criterion is the elected Members gather together and then they elect the leader, ऐसा कोई सिच्युएशन नहीं है कि यह हमारा प्राइम मिनिस्टर होगा। This is totally unconstitutional. You have started the Government by such a procedure. That is why I am mentioning this.

Secondly, the RSS from which you are taking the inspiration, one man rule is not the concept we are to follow. But yesterday in your National Council meeting, somebody has been named as the umpire, somebody has been named as the man of the match. What is this? Who is the man of the match? Who is the umpire? What is the game plan? ...*(Interruptions)*... Don't say it is an internal matter. It was on TV channels. ...*(Interruptions)*... It was shown on TV channels. It was a live telecast.

श्री अनिल माधव दवे (मध्य प्रदेश) : आप होम मिनिस्ट्री के ऊपर बोलिए, यह होम मिनिस्ट्री का विषय है।

SHRI SHANTARAM NAIK: Thirdly, in your business we were told that there would be three layers. Now in the administration there will be three layers. Have you amended the rules of business to reduce earlier layers to three layers? You have said that there would be three layers. Let us know which those three layers are. Or is it like Gujarat which has only one layer? There are no layers. One person will decide all matters. ...*(Interruptions)*... Therefore, we would like to know in the administration how many layers are there. ...*(Interruptions)*... Please don't spoil my time. I have got limited time.

Fourthly, you are a cadre controlling authority for all India services. Therefore, you have to look after the interest of the cadre and the administration because if cadre is dislodged, your administration will be dislodged. The cadre controlling authority has a very important role to play. In this connection, I am mentioning about my State of Goa wherein the Chief Minister has also approached you for a separate cadre for Goa for which I have been fighting for the last six years; and the Chief Minister said, "I am not interested in the cadre." The former Minister said here, "The BJP Chief Minister does not want cadre. Therefore, how can I give you?" Now, the BJP Chief Minister himself is

interested and he has approached you. It is a good thing. Kindly look into this aspect also so that the cadre in Goa can be strengthened.

My next point is in regard to foreign contribution. There are many NGOs who take foreign contribution and do their activities. That is fine. There is no problem. Are you keeping a watch on all those who take foreign contribution? In some cases we have found that those who take foreign contribution, also indulge in anti-national activities. They oppose public projects. They also instigate people to indulge in communalism. Therefore, it is your duty to see that foreign contribution is used properly. Secondly, you are also in-charge of the Contempt of Courts Act. These days, it has become a fashion that if anybody speaks against judges or the Judiciary, he is hauled up for contempt. The Contempt of Courts Act needs to be amended so that there is total transparency.

You are also managing the Citizenship Act. I have got a list of hundreds of people, but I will mention only a few. Can you imagine there are also legislators in the country who are not the citizens? If they are not citizens, is it not the duty of your Department to expedite the proceedings with respect to the citizenship of elected representatives?

Then Commissions of Inquiry are instituted for various purposes. It is seen that whenever a Commission of Inquiry is instituted in a case, then other proceedings or normal criminal proceedings are stalled. A Commission of Inquiry takes years. Therefore, the people go unpunished. I am speaking it from a general point of view. It is said that if you want to stall the proceedings or an inquiry against anybody, then appoint a Commission. That should not be the approach. The scope of the Commission is different and proceedings in a criminal law are totally different.

Sir, they have brought Ram into politics. During Rajiv*ji's* time in 1988, the Religious Institutions (Prevention of Misuse) Act, 1988 was passed, according to which nobody was allowed to use religious places for political purposes. There is a long Section which talks about it. How many of your party people are not indulging in this? They use *mandir*, other religious places and precincts of religious institutions, for the purposes of – whoever he is and whatever may be the religion – holding meetings. That should also stop.

Lastly, my point is in regard to snoopgate. Who is the authorized person for doing tapping of phones? Is it your Home Secretary? Have you delegated this power to some other authority? Is there only one person who authorizes the tapping? In the country, so many activities are going on. As Shri Digvijaya Singh has said, there are instruments now through which anybody can go on doing the tapping. I am talking more in your interest, rather than in our own interest.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Please conclude.

SHRI SHANTARAM NAIK: Please ensure that your Ministers are safe. That is why I am saying this. See to it that your Ministers are safe and their activities are not tapped. As far as tapping is concerned, you have to be very transparent and people should be told which authority has been authorized for tapping the phones of individuals. Thank you.

श्री बिश्वजीत दैमारी (असम) : धन्यवाद, सर। समय कम है, इसलिए मैं सीधे कुछ बातें कहना चाहता हूं। आज गृह मंत्रालय की वर्किंग के विषय पर बात चल रही है। मैं विशेषकर नॉर्थ-ईस्ट में जो समस्याएं हैं, उन पर कुछ कहना चाहूंगा। नॉर्थ-ईस्ट बहुत बुरी हालत में है, इस बात को हर समय यहां पर उठाया जाता रहा है, लेकिन अभी तक उसको सुलझाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है।

हम लोग मुख्य रूप से एक्स्ट्रिमिस्ट्स के बारे में बात कर रहे हैं और सबसे ज्यादा एक्स्ट्रिमिस्ट्स नॉर्थ-ईस्ट के ही रहने वाले हैं। ये वहां की सब स्टेट्स में फैले हुए हैं, जैसे नागालैंड, मणिपुर, असम, मेघालय। इन राज्यों में सारे एक्स्ट्रिमिस्ट्स ही एक्स्ट्रिमिस्ट्स हैं। त्रिपुरा में भी एक्स्ट्रिमिस्ट्स थे, लेकिन अभी त्रिपुरा थोड़ा नॉर्मल है। मेरा यह अनुरोध है कि पिछले 15 सालों से भी ज्यादा समय से हमारा गृह मंत्रालय वहां के एक्स्ट्रीमिस्ट ग्रुप्स के साथ बात करता आ रहा है, लेकिन आज तक वहां की जो समस्या है, उस समस्या का समाधान करने के लिए कोई भी ऐसी व्यवस्था या कोई भी ऐसा सूत्र नहीं निकाल पाया है, जिससे इस समस्या का परमानेन्टली समाधान हो सके।

नागालैंड का जो NSCN (IM) है और NSCN (K) है, जो खाप्लांग ग्रुप का है, आज उनके साथ बहुत साल हो गए, लेकिन अब तक उसे सुलझाया नहीं जा सका है। वहां पर एक्स्ट्रीमिस्ट्स की जो गतिविधियां हैं, वे अभी तक खत्म नहीं हुई हैं, जो वहां के लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या है। असम में एन.डी.एफ.बी. (नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड) के साथ लगभग दस सालों से बात चल रही है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। आज उल्फा के साथ भी बात चल रही है, लेकिन अभी तक उसका समाधान नहीं हुआ है। आदिवासियों के कोबरा, बिरसा कमांडो फोर्स जैसे एक्स्ट्रीमिस्ट ग्रुप के साथ बात हो रही है, लेकिन अभी तक उस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। मेघालय में गारो का ANVC, जो गारोलैंड की डिमांड कर रहा था, उसके साथ भी बात चल रही है, लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। तो ऐसे बहुत सारे संगठन हैं, जो मणिपुर में भी है, लेकिन इनके कारण आज समस्या ज्यादा बढ़ गई है। एक एक्स्ट्रीमिस्ट ग्रुप दूसरे-तीसरे ग्रुप्स में स्प्लिट होते जा रहे हैं। पहले एन.डी.एफ.बी. (नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोडोलैंड) एक ग्रुप था, लेकिन आज यह तीन ग्रुप्स में बंट गया है। तो मैं सोचता हूं कि जितनी डिले होती रहेगी, एक्स्ट्रीमिस्ट के ग्रुप्स में उतने डिवीजंस होते रहेंगे, ये और बढ़ते जाएंगे तथा इस समस्या का हम कभी समाधान नहीं कर पाएंगे। इसके लिए उस पर स्पेशल अटेंशन देना बहुत जरूरी हो गया है। मैं अनुरोध करता हूं कि स्पेसिफिकली किसी को इसके लिए दायित्व दिया जाए, चाहे वह कोई ऑफिसर हो या कोई भी व्यक्ति हो। यह जो

सीज़फायर करने के बाद एक्स्ट्रीमिस्ट्स के साथ डिस्कशन चल रहा है, तो उनके साथ जितना जल्दी हो सके हर महीने बात की जाए और दो साल के अन्दर सारी समस्याओं का समाधान करने की एक व्यवस्था की जाए।

सर, इन लोगों ने अभी तक अपने आर्म्स सरेंडर नहीं किए हैं। वहां पर यह एक तरह से लीगलाइजड हो गया कि आर्म्स लेकर घूमना वहां इल्लीगल बात नहीं है। तो वह भी एक तरह से वैध हो गया। आज शायद आप लोगों को यह चमत्कार ही लगेगा कि लोक सभा का जो लास्ट इलेक्शन हुआ है, उसमें एक बैन्ड आर्गेनाइजेशन उल्फा के एक रीजनल कमांडर ने, जिसने आर्म्स भी सरेन्डर नहीं किए जबकि वह एक निषिद्ध आर्गेनाइजेशन का है, उसने आराम से लोक सभा चुनाव में नॉमिनेशन फाइल किया, जोकि एक्सेप्ट हो गया और वह इलेक्शन जीत कर आज पार्लियामेंट में है। एक बैन्ड आर्गेनाइजेशन, अभी मुझे पता नहीं, हमारे गृह मंत्रालय में आज जितने भी निषिद्ध उग्रपंथी संगठन हैं, जैसे सिमी हो या कोई और हो, क्या उन लोगों को इसी तरह से इलेक्शन जीत कर यहां पर एम.पी. बनने के लिए एलाउ करेंगे? अगर यही होगा, तो इस विषय पर बात करने की जरूरत क्या है? आज ही इसकी इन्क्वायरी कीजिए। आज भी उसने सरेंडर नहीं किया है। इंडिया में यह अद्भुत बात है। जो उल्फा है, उसे शायद आप सब जानते हैं। उल्फा आर्ग्रेनाइजेशन, इलेक्शन लड़ने के कारण, क्योंकि वह मेनस्ट्रीम में आ गया है, इसलिए उसको एक्सपेल कर दिया, लेकिन इसने अभी तक सरकार के पास या पुलिस के पास अपने आर्म्स सबमिट नहीं किये हैं। तो उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? अगर आज वह किसी को उठा ले या किसी को गोली मार दे, तो इसके लिए कौन रेस्पांसिबल होगा? यह बहुत ही चिन्ताजनक विषय है। इसके उपर ध्यान देना चाहिए, मैं यह अनुरोध करता हूं। इसके लिए जितने भी उग्रपंथी संगठन है, जो सीज़फायर में हैं, लेकिन सीज़फायर में होते हुए भी वे लोग आज खुलेआम आर्म्स लेकर घूमते रहते हैं, उनको भी थोड़ा अपने काबू में रखना हमारे लिए जरूरी है। आज उन्हें आइडेंटिफाई करना बहुत मुश्किल हो गया है। अगर कोई एक्ट्रीमिस्ट आर्म्स के साथ नहीं देखा जाए, तो वे लोग सीज़फायर में हैं या नॉन सीज़फायर में हैं, इसे जानना बहुत मुश्किल है। इसलिए जो लोग सीज़फायर में हैं, उन पर आप दबाव डालें, ताकि वे लोग डिजिग्नेटेड कैम्प पर आर्म्स लेकर ठीक तरह से रहें, तो इस सिचुएशन को सम्भालने में हम कामयाब हो जाएंगे। ...(**समय की घंटी**)...

सर, अभी वहां की पुलिस की हालत बहुत खराब है। उनके मॉडर्नाइजेशन की बात की जा रही है, पैसा भी दिया जा रहा है, लेकिन पुलिसवालों के रहने के लिए अच्छी जगह नहीं है, अच्छी गाड़ी नहीं है और वहां पर अच्छे आर्म्स नहीं हैं। तो ऐसी हालत में वहां पर जो इतने एक्स्ट्रीमिस्ट्स वगैरह हैं, पुलिस कैसे वहां की सिचुएशन को कंट्रोल कर सकती है? यह एक चिंताजनक विषय है, इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। सिक्स्थ शेड्यूल के आधार में बोडोलैण्ड टेरिटोरियल काउंसिल एक एडमिनिस्ट्रेटिव व्यवस्था है, लेकिन जो बोडोलैण्ड टेरिटोरियल काउंसिल, सिक्स्थ शेड्यूल एरिया है, वहां के लिए जितनी भी सिक्युरिटी लगाई गई है, उसका खर्चा वहां की डेवलपमेंट काउंसिल को देना पड़ रहा है। क्या गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के या किसी स्टेट की पुलिस के लिए वहां की काउंसिल को एक्स्ट्रा पैसा देना चाहिए? क्या उन लोगों की सिक्युरिटी की व्यवस्था की जिम्मेदारी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की होम मिनिस्ट्री या असम का

[श्री बिश्वजीत दैमारी]

पुलिस डिपार्टमेंट नहीं लेगा? इस तरह से बोडोलैण्ड का इंडिया के साथ क्या संबंध रहा? यह एक प्रश्न है। मैं अनुरोध करता हूं कि इस संबंध में आप सूचना प्राप्त करें कि स्टेट गवर्नमेंट ऐसा क्यों कर रही है? संवैधानिक व्यवस्था के अंदर रहने वाली एक काउंसिल की सिक्युरिटी की जिम्मेदारी वहां का पुलिस डिपार्टमेंट क्यों नहीं ले सकता है? यदि वहां सिक्युरिटी दी गई, तो इसके लिए काउंसिल को पैसा क्यों देना पड़ रहा है? वहां के काउंसिल के जो ई.एम. वगैरह हैं, उन लोगों को संविधान के अनुसार मिनिस्टर ऑफ स्टेट का स्टेटस दिया गया, उसी तरह इस्कॉर्ट वगैरह भी दिए गए, लेकिन उसको दिए गए सारे इस्कॉर्ट वगैरह को विदड्रॉ कर लिया गया है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Now, please conclude.

श्री बिश्वजीत दैमारी : सर, वहां के लोगों को उनके PSO को एके-47 दिया गया था, लेकिन वह विदड्रॉ कर लिया गया। एक जगह के लोगों के PSO एके-47 यूज कर सकते हैं और दूसरी जगह के लोगों के PSO को एके-47 नहीं मिल सकता है? यह किस तरह की बात है? यह बहुत छोटी-छोटी बातें हैं, लेकिन इनसे एक संदेह उत्पन्न होता है कि वहां के लोगों के प्रति गवर्नमेंट ऑफ इंडिया की दृष्टि, गृह मंत्रालय की दृष्टि क्या है? अभी वहां पर सिचुएशन बहुत खराब है, वहां एक्टॉर्शन, किलिंग वगैरह हो रही है। अभी थोड़ी देर पहले गोयल साहब ने भी बोला है। इस सिचुएशन को कैसे कंट्रोल किया जाए?

आज NDFBSonbijit नामक एक ग्रुप निकला है और यह ग्रुप हर समय एक्टॉर्शन कर रहा है, लोगों को टॉर्चर कर रहा है, किडनैप कर रहा है, इसलिए वहां पर गृह मंत्रालय की तरफ से सीधे सेन्ट्रल फोर्सेज़ भेज कर इस पर कंट्रोल करना चाहिए। मैं यह अनुरोध करता हूं कि जैसे भी हो, इस पर कंट्रोल करना चाहिए। यह ग्रुप केवल असम में ही काम नहीं कर रहा है, बल्कि असम के बाहर भी यह ग्रुप काम कर रहा है, इसलिए इस पर जल्द से जल्द कंट्रोल किया जाए। मैं ज्यादा नहीं कहना चाहता हूं, बल्कि इतना ही कहना चाहता हूं कि अभी वहां जो extremism problems हैं, वहां जो सिचुएशन हैं, जैसे भी हो, इसको कंट्रोल करना चाहिए। उसके लिए व्यवस्था करनी चाहिए। इतना ही अनुरोध करके मैं अपनी स्पीच समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री हुसैन दलवई (महाराष्ट्र) : सर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस पर बोलने का मौका दिया। दवे जी ने यहां पर इस चर्चा की शुरुआत की थी और मुझे बहुत ही दुख हो रहा है कि उन्होंने भारतीय संविधान की धज्जियां उड़ाईं। उन्होंने कहा कि हमने यूरोप के देशों की बुक उठाई, उदाहरण के लिए वहां से हमने एक संविधान उठाया, उसका प्रीफेस और बैक कवर फाड़ा, उसका कवर निकाला और उस पर हमने अपना कवर लगा दिया, यह हमारा संविधान है। कितनी गलत बात आप करते हैं? मैं आपको विनती करूंगा राजनाथ जी कि जरा अपने कुछ लोगों को यह बताइए कि यह राज्य सभा है, कोई शाखा में आप प्रचार की सभा नहीं ले रहे हैं। आपको जरा ध्यान रख कर बोलना चाहिए।

श्री अनिल माधव दवे : सर, मेरे भाषण की प्रति मेरे पास है, कृपया आप इसको पढ़ लीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री हुसैन दलवई : मेरे पास भी है। ...(**व्यवधान**)... मैंने जो पढ़ा है, वह आपके भाषण में से पढ़ा है। ...(**व्यवधान**)...

श्री अनिल माधव दवे : यह समस्या ही ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Are your yielding?

श्री हुसैन दलवई : मैं आपका भाषण पढ़ रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मैं तोड़-मरोड़ कर नहीं कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... मेरा भाषण होने के बाद मैं आपको दिखाऊंगा। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : No cross talking, please.

श्री हुसैन दलवई : दवे जी, मैं, आपको दिखाऊंगा और राजनाथ जी यहां पर हैं, उनको अच्छी तरह से मालूम है। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : He is not yielding.

श्री अनिल माधव दवे : अगर आप दिखा देंगे, मैं सदन की सदस्यता छोड़ दूंगा ...(**व्यवधान**)... नहीं तो आपको छोड़नी होगी, क्या आप इसके लिए तैयार हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री हुसैन दलवई : मैं देता हूं ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Please address the Chair.

श्री अनिल माधव दवे : आप सदन को गलत बात बता रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Please address the Chair.

श्री हुसैन दलवई : सर, भाजपा वाले आजकल गांधी जी का नाम लेने लगे हैं, बड़ी खुशी हुई। गांधी जी ने कहा और गांधी जी की प्रार्थना रहती थी और हम आज भी वह बोलते हैं, "वैष्णव जन तो तेने कहिए, जो पीर पराई जाने रे।" दूसरे की पीड़ा को जानने वाले ऐसे वैष्णव होने चाहिए, ***"पर दुःखे उपकार करे तोये मन अभिमान न आने दे।"*** जरा सी सत्ता मिलने के बाद इतना अभिमान मत कीजिए। जैसे-जैसे लोग ऊपर जाते हैं, वैसे-वैसे वे नीचे देखने का काम करते हैं। ...(**व्यवधान**)... मैं यह कहना चाहता हूं कि जब हमें स्वाधीनता मिली, तब इस देश के दो टुकड़े हो गए। जब स्वाधीनता मिलने के बाद पाकिस्तान से बड़े पैमाने पर हमारे भाई लोग यहां आ रहे थे, तब कई लोगों के खून हो गए थे, खून की नदियां बह रही थीं। पंडित नेहरू जी और पटेल जी रोज सुबह इसी चीज़ पर काम करते थे कि लॉ एंड ऑर्डर को कैसे ठीक रखा जाए। तब वे कितनी टेंशन में होते थे! जब दोपहर में कांस्टिट्यूशन कमिटी की मिटिंग चलती थी तो उसमें आकर वे यह देखते थे कि वह संविधान किस तरह से उदारमतवादी होगा। वे हर कानून को ठीक ढंग से देखते थे। इसे हम लोगों को अपने ध्यान में रखना बहुत जरूरी है। वे कितने बड़े लोग थे, वे छोटे लोग नहीं थे, इसलिए यह संविधान बना।

[श्री हुसैन दलवई]

6. P.M.

गांधी जी ने एक और बात कही है। उन्होंने कहा है कि आप ईगो को छोड़ने की बात मत करो, आप ईगो का त्याग करो। ...(**व्यवधान**)... ईगो का त्याग करने से ही आप आगे जा सकते हैं। राजनाथ सिंह जी, मेरे मन में आपके लिए बड़ा आदर है। अगर आप करना चाहें तो आप जरूर कुछ करेंगे, ऐसा मुझे लगता है। नूरजहां नाम की एक औरत हमारे प्रधान मंत्री को हमेशा राखी बांधती है। मेरी बीवी जो कि हिन्दु है, जब नरौदा पाटिया में फसाद हो रहे थे, तब वह वहां थी। उन्होंने रात के साढ़े 12 बजे मुझे फोन किया और बताया कि यहां जो मुस्लिम औरतें आ रही हैं, उनके अंग के ऊपर वस्त्र नहीं हैं। यह हमारी संस्कृति नहीं है। आप चाहे उसे जो बोलें, हिन्दू संस्कृति बोलिए या भारतीय संस्कृति बोलिए, यह इस संस्कृति की परम्परा नहीं है। जब द्रोपदी की साड़ी खींचने का काम हुआ तब श्रीकृष्ण ने साड़ी दी थी। ...(**समय की घंटी**)... मैं आपसे दो-तीन बातें कहना चाहता हूं। वाजपेयी जी ने राजधर्म की बात की थी। यह राजधर्म यहां चलेगा, ऐसा मैं समझता हूं।

एक तीन डीजीज़ की रिपोर्ट है। महाराष्ट्र, यू.पी. और तमिलनाडु के डायरेक्टर्स जनरल ऑफ पुलिस ने यह बताया है कि जब फसाद होते हैं तो पुलिस को मुसलमानों के बारे में बड़ी फिक्र रहती है, इसलिए उन्होंने यह कहा है कि मुसलमानों की रिप्रेजेंटेशन भी पुलिस में रहना चाहिए। इसलिए इसको आप देखिए। आप यह करेंगे, ऐसा मैं समझता हूं।

अगर कोई यह कहता होगा, गुजरात भूल गए होंगे तो आप मुजफ्फरनगर याद कीजिए। इस तरह की बातें करने वाले जो लोग हैं, उनके बारे में आपको कुछ न कुछ करना पड़ेगा। मैं आपको याद दिलाता हूं कि जब मुंडे साहब महाराष्ट्र के होम मिनिस्टर थे, तब मैं उनसे मिलने गया था। उस समय वहां कुछ लोग जानवरों को पकड़ने का काम कर रहे थे और वहां वे बड़ी गड़बड़ी कर रहे थे। मैंने कहा, यह हो रहा है, यह अच्छी बात नहीं है। यह एक त्यौहार है और इस त्यौहार में कुर्बानी दी जाती है। तब उन्होंने मेरे सामने सारे एस.पीज. को फोन किया, सारे कमिशनर्स को फोन किया और कहा कि खबरदार, अगर किसी ने ऐसा किया तो उनके तम्बू उखाड़ दीजिए और उनको अंदर कीजिए। उन्होंने उनको अंदर किया और ईद के बाद छोड़ा। वहां बिल्कुल शांति रही। हम आपसे यही अपेक्षा करते हैं। आपके पीछे कौन है, क्या है, लेकिन मुझे मालूम है कि आप एक मजबूत नेता हैं। ...(**व्यवधान**)... क्योंकि राष्ट्रीय हिन्दू सेना के नाम से...

उपसभाध्यक्ष (श्री पी. राजीव) : हुसैन जी, अब आप समाप्त कीजिए।

श्री हुसैन दलवई : अब हो गया, सर। राष्ट्रीय हिन्दू सेना के नाम से अगर कोई मुस्लिम को मारे और वह मुस्लिम को केवल इसलिए मारे कि उसने अपने सिर पर टोपी डाली हुई थी, नमाज पढ़कर बाहर आया, यह उसका गुनाह था? उसको मारने का काम किया। यह कौन है, क्या है, यह देखिए। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Please conclude.

श्री हुसैन दलवई : डा. नरेन्द्र दाभोलकर का खून हुआ है। कौन है उसके पीछे, सबको मालूम है। यह सनातन प्रभाकर कौन है, सनातन धर्म संस्था कौन चलाते हैं, इसकी जरा मालूमात कीजिए। कई जगह ऐसे-ऐसे लोग हो गए हैं, उनको लगता है कि हमारी सत्ता आई है। मैं भाजपा के ऊपर एक शब्द नहीं बोला, मैं सरकार के ऊपर एक शब्द नहीं बोला। मेरा कहना खाली यह है कि आपके सत्ता में आने की वजह से कुछ लोगों को लगता है कि हम भी इस देश में कुछ कर सकते हैं। यह होगा नहीं, ऐसा देखिए। उनको समझा दीजिए कि सत्ता सबके लिए है, सब को लेकर सत्ता करनी पड़ती है। इस देश के 15-17 करोड़ लोगों को कोई भी समुद्र में नहीं डुबो सकता। यह होगा नहीं। आपको उनको भी साथ लेना चाहिए। मैं यह नहीं कहता कि अगर मुसलमान गलत काम करता है, वह मुसलमान है इसलिए उसको रखो, ऐसा भी मैं नहीं बोलूंगा। बिल्कुल नहीं बोलूंगा। सिमी के ऊपर बंदिश लगाई थी, तो वैसी ही बंदिश अगर इस तरह के संगठन गलत काम करते होंगे, तो उन पर भी बंदिश लगाने का काम कीजिए। ...(**व्यवधान**)... सारे देश में दलितों के ऊपर भी बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहे हैं। मुझे बड़ा दुख होता है। आप कश्मीर की बात करते हैं, कश्मीर के साथ-साथ वहां पाकिस्तान से जो दलित शरणार्थी आते हैं, उनकी भी बात करते तो मुझे अच्छा लगता। उनकी भी हालत बुरी है। मैं चाहता था कि प्राइम मिनिस्टर उधर गए हैं तो यह सवाल उठाएंगे कि वहां के हिन्दुओं को तकलीफ देने वाले कौन हैं, क्या हैं और ऐसी तकलीफ क्यों देते हैं? वे उठा सकते थे, लेकिन नहीं उठाया। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Now, Shri A.V. Swamy. ...*(Interruptions)*...

श्री हुसैन दलवई : आप कश्मीर के पंडितों का उठाते हैं ...(**व्यवधान**)... लेकिन नीचे की जाति के जो शरणार्थी हैं, उनका भी आप ख्याल रखिए। मैं इतना ही बोलना चाहता था। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE) : Please address the Chair. ...*(Interruptions)*... Okay, thank you. Now. Shri A.V. Swamy.

श्री हुसैन दलवई : मैं बहुत सारी बात बताना चाहता था, लेकिन आप हड़बड़ी करते हैं तो मुझे भी जरा जोर से बोलना पड़ता है। लेकिन एक चीज को ध्यान में रखना दवे जी, मुझे आपके खिलाफ कुछ बोलने की जरूरत नहीं है। आप मेरे लिए आदरणीय हैं। लेकिन जरा ध्यान रखिए कि यह राज्य सभा है, कोई आपकी शाखा नहीं है। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI P. RAJEEVE): Husain*ji*, there are two more speakers from your Party. Thank you. Now. Shri A.V. Swamy.

SHRI A.V. SWAMY (Odisha): Sir, this is a very small intervention, and I may not take even five minutes that you have given me.

مانئے گرہ منتری جی، آپ سے بہت اپیکشائیں ہیں، امیدیں ہیں۔ آپ ایک ایسے شہر لکھنؤ سے سمبندھ رکھتے ہیں، جو ایک تہذیب کا، کلچر کا شہر ہے۔ جو گنگا-جمنی تہذیب ہے، اس گنگا-جمنی تہذیب میں آپ پلے ہیں اور آپ اس پارلیمنٹ میں اس کو ریپریزینٹ کرتے ہیں۔ مجھے بڑی خوشی ہوئی، جب میں الیکشن کے ٹائم اپنی پارٹی کے لئے وہاں کمپین کرنے کے لئے گیا۔ میں رات کو نوبجے وہاں کے کچھ مسلم محلوں میں کمپین کرنے کے لئے چلا گیا تھا۔ ان مسلم محلوں سے آپ کی پتنی نکلی، جو وہاں پر کمپین کر رہی تھیں۔ ہماری اسی سدن کی ایک مہیلا ایم-پی۔ نے مجھے ان سے ملوایا اور کہا کہ ہم یہاں کمپین کر رہے ہیں۔ مجھے اس سے یہ تو خوشی ہوئی کہ کم سے کم آپ کا اتنا رشتہ تو ہے کہ آپ ان کے بیچ میں کمپین کر سکتے ہیں، اس لئے آپ کے اوپر ذمہ داری اور زیادہ ہے۔ بھارتیہ جنتا پارٹی کے ہمارے بہت سے لیڈرس شاید اس ماحول میں، اس گنگا-جمنی تہذیب میں نہیں پلے ہیں، جو بھارت کی تہذیب ہے۔ جس کو بڑے اچھے شبدوں میں ہمارے سی-پی-ایم۔ کے لیڈر یچوری صاحب نے ڈسکرائب کیا، میں انکو بہت بہت بدھائی دیتا ہوں۔ یہ بھارت کی تہذیب ہے، جو لکھنؤ کا کلچر ہے، یہی پورے بھارت کی تہذیب ہے۔ ہماری طاقت، ہمارے بھارت کی شکتی، ہمارے یہ پہاڑ، دریا یہ جھرنے نہیں ہیں، ہمارے بھارت کی طاقت اور شکتی 125 کروڑ آبادی نہیں ہے۔ ہمارے دیش کی شکتی اور طاقت، آپ بھی ودیش میں جاتے ہیں، میں بھی بہت ودیش میں جاتا ہوں اور جاتا رہا ہوں، ہماری طاقت اور شکتی اس لئے ہے، لوگ ہمارا آدر اور عزت اس لئے کرتے ہیں، آج ہمارے پردھان منتری جی، ہمارے دیش میں چاہے کل ہمارے پردھان منتری ہوں، ہماری پارٹی کے ہوں، کوئی بھی پردھان منتری ہوں، کیوں امریکہ ان سے بات کرنا چاہتا ہے، کیوں کیوں برطانیہ ان سے بات کرنا چاہتا ہے، کیوں جرمنی، فرانس ان سے بات کرنا چاہتے ہیں، کیوں چائنا ان سے بات کرنا چاہتا ہے کہ ہم ایک کمپوزٹ کلچر کو ریپریزینٹ کرتے ہیں۔ یہ ہماری سب سے بڑی طاقت ہے۔ ہمارے دیش کی طاقت ہندو، مسلم، سکھ، عیسائی، بودھ اور جین ہیں۔ یہ جو ہماری 125 کروڑ کی آبادی کی عمارت کھڑی ہے، یہ اس لئے کھڑی ہے، کیوں کہ اس کی جڑیں اس کی زمین میں ہیں۔ جو اس

کی نیو ہے، جو اس کی بنیاد ہے، وہ ایک مضبوط فاؤنڈیشن ہے۔ کچھ لوگ جو جلدی میں ہیں، اس فاؤنڈیشن کو کمزور کرکے عمارت بنانا چاہتے ہیں، بلڈنگ بنانا چاہتے ہیں۔ اگر فاؤنڈیشن مضبوط ہوگی، بنیاد مضبوط ہوگی، تو آپ اس پر چالیس پچاس منزل بلڈنگ بنا سکتے ہیں، لیکن اگر اس کی جڑیں نہیں ہوں گی، بنیاد نہیں ہوگی، فاؤنڈیشن نہیں ہوگا، تو ایک منزل کی بلڈنگ یا دو منزل کی بلڈنگ بھی کر سکتی ہے۔

میری مانئے گرہ منتری جی سے انورودھ ہوگا کہ آپ کو کیپٹین بھی پکارا گیا ہے، "مین آف دی میچ" ۔۔نہیں "مین آف دی میچ" کوئی اور ہے، لیکن مجھے خطرہ ہے کہ اگر 'کیپٹین' بھی وہی ہے اور "میں آف دی میچ" بھی ہے، تو خطرہ وہاں سے ہے، آپ سے کوئی خطرہ نہیں ہے۔ اس لئے آپ کو جو پرانی کیپٹین شپ ہے، اس کو بحال رکھئے، اس سے ہٹئیے نہیں۔ گرہ منترالیہ میں جو آپ کو کیپٹین شپ ہے، وہ اسی طرح برقرار رہے گی تو اچھا ہوگا۔ آپ یہاں بھی کیپٹین شپ دکھائیے اور آپ کا کون کھلاڑی ہے، جو بیچ میں آنا چاہتا ہے، اس کو مت آنے دیجئے، وہاں کیپٹین شپ کا استعمال کیجئے، تب ہم خوش ہو جائیں گے۔ میں انہیں شبدوں کے ساتھ آپ سے یہی اپیکشا رکھوں گا کہ اس دیش میں ہر دھرم، ہر جاتی اور ہر مذہب کے لوگ سرکشت رہیں اور اپنے آپ کو محسوس کریں کہ وہ بھارتی ہیں۔ انہیں بھارت پر ہمیشہ گورو تھا، آج بھی ہے اور ہمیشہ رہے گا۔ ہماری سب سے بڑی طاقت یہی ہے اور آپ کو اس کی طرف سب سے زیادہ دھیان دینا ہوگا۔

(ختم شد)

श्री जी.एन. रतनपुरी : डिप्टी चेयरमैन सर, यहां पर दो स्टेटमेंट्स किए गए हैं ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No, no, I have called the Minister ...*(Interruptions)*...

SHRI G.N. RATANPURI : Sir, I wish to set the record straight. एक तो यह कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर के जो स्टेट सब्जेक्ट्स लॉज हैं, वे discriminatory हैं against women. एक तास्सुर यह दिया जा रहा है कि कश्मीरी मुसलमानों ने यह कानून बनाया है। 1927 में महाराजा हरि सिंह की एडमिनिस्ट्रेशन ने यह कानून बनाया था। उस एडमिनिस्ट्रेशन में कोई कश्मीरी मुसलमान अफ़सर नहीं था, उसमें तीन-चार चपरासी थे। अब उसमें अमेंडमेंट की गई है और जो against women discrimination थी, वह सारी हटाई गई है। This is one clarification. दूसरी क्लैरिफिकेशन. ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay. All right.

श्री जी.एन. रतनपुरी : दूसरी क्लैरिफिकेशन यह है कि जब यह 1975 में एकॉर्ड हुआ, उस वक्त कांग्रेस की दो तिहाई अकसरियत थी और लॉग डेलिबरेशन्स के बाद यह किया गया। ...(**व्यवधान**)... यह नेशनल इंट्रस्ट में किया गया था ...(**व्यवधान**)... वे लोग बिना मुकाबला किए चुनकर आए थे, उनके एफिडेविट्स, जो उनके अपोनेन्ट्स थे ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay. Now Mr. Minister.

श्री जी.एन. रतनपुरी : उनके चुराए गए थे ...(**व्यवधान**)... वे भी विद इन वन ईयर वापस किए गए ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay. You have made your points.

श्री जी.एन. रतनपुरी : वह जो हिस्टोरिक अपॉर्च्युनिटी थी, उसको भी गायब किया गया था ...(**व्यवधान**)...

उपसभापति : बस। आपका हो गया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री जी.एन. रतनपुरी : शेख मोहम्मद अब्दुल्ला अनअपोज्ड नहीं आए थे ...(**व्यवधान**)... वे इलेक्ट हुए थे ...(**व्यवधान**)... उनका इलेक्शन हुआ था ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : बस हो गया है। ...(**व्यवधान**)... Okay. All right. That is okay. Now, take you seat. Yes, hon. Minister.

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) : उपसभापति महोदय, इस सदन में शुक्रवार से गृह मंत्रालय से संबंधित जो वर्किंग है, कामकाज है, उस पर चर्चा चल रही है। जब मैं यहां उपस्थित नहीं था, तब भी मैंने बहुत सारे सदस्यों के भाषणों को टेलीविजन पर सुना था। क्योंकि संसद के दूसरे सदन लोकसभा में भी मुझे कुछ काम करना था, इसलिए मैं सभी के भाषणों को नहीं सुन पाया हूं, लेकिन मैं कह सकता हूं कि मैंने अपने अधिकांश सम्मानित सदस्यों के भाषणों को बहुत ही गौर से सुना है। मैं यह कहना चाहूंगा कि हमारे सभी संसद सदस्यों ने बहुत ही विद्वतापूर्ण भाषण दिए हैं। मैं अपनी तरफ से उन सारे सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। मैं इस समय अपने को असमंजस की स्थिति में पा रहा हूं कि अपनी बात की शुरूआत कहां से करूं? क्योंकि यह डिस्कशन होम मिनिस्ट्री की वर्किंग पर हो रहा है, इसलिए पहले हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि होम मिनिस्ट्री के पास क्या मेंडेट है, इसका विज़न क्या है, इसकी फंक्शनिंग कैसे होती है, इसके कितने डिविजन्स हैं, क्या-क्या काम होते हैं, मैं संसद को इन सबकी जानकारी दूं। सामान्यतः यह परंपरा रही है कि जब कभी भी होम मिनिस्ट्री की वर्किंग पर चर्चा हुई है, और यदि संबंधित विभाग के गृह मंत्री खड़े हुए हैं, तो इस मिनिस्ट्री की किस प्रकार की फंक्शनिंग है, वे इसकी भी चर्चा करते रहे हैं। लेकिन यदि मैं उसकी बहुत विस्तार में जाकर चर्चा करूंगा, तो मैं समझता हूं कि उसमें लंबा समय लगेगा। हमारे सम्मानित सदस्यों ने जो भी विचार व्यक्त किए हैं, इतने अल्प समय में, घंटे, डेढ़ घंटे या दो घंटे में उनके सभी मुद्दों पर विचार करना संभव नहीं है, लेकिन कुछ न कुछ एक-एक या दो-दो, जो ऐसे प्रमुख मुद्दे हैं, जो उन्होंने इस सदन में उठाए हैं,

[श्री राजनाथ सिंह]

मैं उन पर अपने विचार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं उसके पहले, केवल पंद्रह से बीस मिनट में ही होम मिनिस्ट्री की वर्किंग के बारे में, उसके विज़न और मेंडेट के बारे में आपके समक्ष दो बातें रखना चाहूंगा। उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी सम्मानित सदस्यों से यह अनुरोध करना चाहूंगा कि हो सकता है कि हमारी कोई ऐसी बात हो, कोई ऐसा विषय हो, जिस पर डिफरेंस ऑफ ओपिनियन हो, लेकिन मैं आपसे विनम्रतापूर्वक यह निवेदन करना चाहता हूं कि उस पर आपके मन में नाराजगी पैदा नहीं होनी चाहिए, क्योंकि मैं संवाद में विश्वास रखता हूं। यदि उस सम्बन्धित विषय पर कोई तर्क करना चाहता होगा, बहस करना चाहता होगा, बातचीत करना चाहता होगा, तो वह जब चाहेगा, तब मैं उसको समय देने के लिए तैयार हूं और उसके साथ संवाद करने को तैयार हूं। उपसभापति महोदय, यदि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ी खूबसूरती कोई है, तो वह संवाद ही है। हम किसी के साथ संवाद नहीं तोड़ना चाहते हैं, लेकिन मैं पहले अपने मैनडेट और विज़न की थोड़ी चर्चा कर देना चाहता हूं।

उपसभापति महोदय, जहां तक होम मिनिस्ट्री का सवाल है, इसमें इंटर्नल सिक्योरिटी, बॉर्डर मैनेजमेंट, सेंटर-स्टेट रिलेशंस, संघ राज्य क्षेत्रों का प्रशासन, केन्द्रीय सशस्त्र बलों का प्रबंधन और साथ-ही-साथ आपदा प्रबंधन आदि बहुत सारे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। इसके साथ ही इंटेलिजेंस सम्बन्धित जानकारी राज्यों के साथ शेयर करना, साथ ही आवश्यकता पड़ने पर उन्हें फोर्स मुहैया कराना, उन्हें वित्तीय सहायता देना, ये सब हमारी प्रमुख जिम्मेदारियां हैं। हमारे गृह मंत्रालय की जो सबसे बड़ी जिम्मेदारी है ...(**व्यवधान**)...

श्री के.सी. त्यागी : इसमें फ्रीडम फाइटर्स का विषय भी है।

श्री राजनाथ सिंह : हां, सब विषय हैं। हमारे यहां लगभग 21-22 डिवीजंस हैं। यदि मैं सबके नाम की चर्चा करूंगा, तो लम्बा समय लगेगा। मैं जानता हूं कि इस सम्बन्ध में बहुत सारे लोगों को जानकारी है, लेकिन सबसे बड़ी जिम्मेदारी यह होती है कि देश की अवाम, देश के नागरिक सम्मान की जिन्दगी जी सकें और सुरक्षित जिन्दगी जी सकें, यह एन्श्योर करना, यह सुनिश्चित करना, सब मिला-जुला कर विशेष रूप से गृह मंत्रालय की यह जिम्मेदारी बनती है। चाहे वे किसी जाति के हों, चाहे वे किसी पंथ के हों, किसी मज़हब के हों, किसी धर्म के मानने वाले क्यों न हों, चाहे वे पुरुष हों अथवा स्त्री हों, चाहे छोटा मासूम बच्चा ही क्यों न हो, इतना ही नहीं यदि मां के गर्भ में भी बच्चा पल रहा है, तो वह भी सुरक्षित रहना चाहिए, इसकी भी चिन्ता करना, यह हम सबकी जिम्मेदारी बनती है, पूरे समाज की जिम्मेदारी बनती है। हमारे गृह मंत्रालय के समक्ष इतना बड़ा लक्ष्य रहता है।

जहां तक फोर्सेज का सवाल है, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास जो भी सेंट्रल आर्म्ड फोर्सेज हैं, हम सामान्यतः उनका प्रयोग करते हैं। समाज के गरीब लोगों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए भी जो आवश्यक कदम होते हैं, हम वे कदम उठाते हैं। यदि कानूनी स्तर पर भी मदद मुहैया कराने की आवश्यकता होती है, तो हम वह भी उपलब्ध कराते हैं। यदि उनके ऊपर कोई जुल्म और अत्याचार करने की कोशिश करता है, तो हम यह अपेक्षा करते हैं कि चूंकि यह राज्य सरकारों की पहली जिम्मेदारी बनती है, तो वे कमजोर लोगों को सुरक्षा मुहैया कराएंगी।

इसके अतिरिक्त यहां पर पुलिस फोर्स को लेकर जो चर्चा हुई है, उसमें बहुत सारी बातें पूरी तरह से सच कही गई हैं। उसमें कहा गया है कि सचमुच पुलिस को जो आवश्यक सुविधाएं मिलनी चाहिए अथवा जो हमारा केन्द्रीय सुरक्षा बल है, उन्हें जो आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई जानी चाहिए, वे नहीं हो पाई हैं। उनकी कमी के कारण भी उनके मनोविज्ञान पर असर पड़ता है, उनकी मनः स्थिति का असर पड़ता है। मुझे यह भी कहा गया कि दिल्ली में ऐसी लगभग 10 परसेंट पुलिस फोर्स है, जो मानसिक रूप से बीमार है। यह जानकारी हमारे एक माननीय सदस्य ने दी है। इस सम्बन्ध में मुझे जानकारी नहीं है कि अभी सच्चाई क्या है, लेकिन चूंकि वे मेरे संज्ञान में यह जानकारी लाए हैं, तो मैं इसे देखूंगा। हमारा गृह मंत्रालय इस हकीकत को समझता है कि कहीं-न-कहीं कोई कमी है और इसे दूर किया जाना चाहिए। हम पुलिस मॉडर्नाइजेशन का काम भी करते हैं। पुलिस के जवानों को और क्या सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं, हम वह भी करने की कोशिश करते हैं। उनके अन्दर एक परसेप्शनल चेंज लाने की दृष्टि से हम समय-समय पर उनके प्रशिक्षण का कार्यक्रम भी चलाते रहते हैं। यह कार्यक्रम गृह मंत्रालय बराबर करता रहता है।

महिलाओं के खिलाफ जो बढ़ते हुए अपराध हैं, यह भी केवल सरकार के लिए ही नहीं, बल्कि सारे देश के लिए एक गम्भीर चिन्ता का विषय है। इस सम्बन्ध में हम लोगों ने एक नयी परम्परा चलाई है कि onlione complaints, online FIR दर्ज कराने की व्यवस्था हो। हम लोगों ने कुछ स्थानों पर इसे प्रारम्भ भी कर दिया है, साथ ही साथ यूनिफाइड तरीके से इस सुविधा को कैसे आगे बढ़ाया जा सके, इस सम्बन्ध में भी हम लोगों ने कुछ प्रभावी कदम उठाए हैं।

इसके अतिरिक्त इल्लीगल इमिग्रेशन, भारत देश में लोगों का जो अवैध आना हो रहा है, उसके संबंध में भी हमारे गृह मंत्रालय ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं। हम लोगों ने फैसला किया है कि देश के हर नागरिक को, जो भारत देश का नागरिक है, उसे हम इंडियन सिटिज़न कार्ड जारी करेंगे। मैं समझता हूं कि तीन से लेकर चार वर्ष के अन्दर हम इस काम को पूरा करने में कामयाबी हासिल कर लेंगे। ...(**व्यवधान**)... जी हां, इसमें लम्बा समय लगेगा।

नॉर्थ-ईस्ट हमारे देश का एक बहुत ही संवेदनशील भाग है। मैं जानता हं कि वहां पर insurgency के कारण एक बहुत बड़ी समस्या है। वहां पर insurgency के कारण किस-किस प्रकार की प्रॉब्लम्स हैं, इसकी चर्चा न करते हुए, मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि नॉर्थ-ईस्ट में शान्ति को सुनिश्चित करने के लिए हमने यह तय किया है कि जो इस प्रकार के ग्रुप्स हैं, यदि वे हमसे डायलॉग करने के लिए तैयार होते हैं, तो भारतीय संविधान के दायरे में रहते हुए हम उनके साथ सीधे डायलॉग करेंगे, सीधे बातचीत करेंगे और समस्याओं का समाधान निकालने की अपनी तरफ से भरपूर कोशिश करेंगे। हां, इसे मैं स्वीकर करता हूं कि नॉर्थ-ईस्ट के डेवलपमेंट की तरफ पहले जितना ध्यान दिया जाना चाहिए था, उतना ध्यान नहीं दिया गया। नॉर्थ-ईस्ट का ठीक तरीके विकास न होने के कारण भी वहां पर बहुत सारी समस्याएं हैं, लेकिन वहां के लोगों को भी हम यह एहसास कराना चाहते हैं कि वे भी भारत के नागरिक हैं और भारत के अन्य भागों में रहने वाले नागरिकों को जो सुविधाएं मुहैया होती हैं, उनसे कभी भी उन्हें वंचित नहीं रखा जाएगा।

[श्री राजनाथ सिंह]

उपसभापति महोदय, कुछ लोग आत्मसमर्पण, सरेंडर भी करते हैं, जो इस प्रकार की उग्रवादी गतिविधियों में लम्बे समय तक शामिल रह चुके हैं और जिनको यह लगता है कि सचमुच इस प्रकार की गतिविधियों में लिप्त रह करके समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। ऐसे लोगों को रीहेबिलिटेट करने के लिए भी गृह मंत्रालय की एक योजना है, जिसके माध्यम से हम उनका रीहेबिलिटेशन भी करते हैं। इतना ही नहीं, नॉर्थ-ईस्ट के लोगों का, वहां के नवयुवकों का हमारी Central Armed Price Force में समायोजन हो सके, इसके लिए हम लोगों ने तय किया है कि अलग से हम लोग दो सहायक बटालियन गठित करेंगे, जिसमें हमारे नॉर्थ-ईस्ट के नौजवानों की भर्ती की जाएगी।

पड़ोसी देशों के साथ हमारे रिश्ते दोस्ताना होने चाहिए, किसी के साथ भी हम अपने कटु रिश्ते बनाकर नहीं रखना चाहते। मैं भूल नहीं सकता कि हमारे नेता श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी बराबर यह कहा करते थे, 'दोस्त तो बदल सकता है, लेकिन पड़ोसी कभी नहीं बदल सकता, इसलिए पड़ोसी के साथ बराबर बेहतर रिश्ते बनाकर रख जाने चाहिए।' सचमुचे यदि हम अपने देश में शांति और सुरक्षा के हालात बनाए रखना चाहते हैं, इसके लिए आवश्यक है कि पड़ोसी देशों के साथ हमारे रिश्ते बेहतर होने चाहिए। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सचमुच ऐसा ही किया है, इसमें कहीं दो रायें नहीं हैं। जिस तरीके से पड़ोसी देशों के साथ इस देश के रिश्ते बेहतर बनाने के लिए उन्होंने पहल की है, मैं कह सकता हूं कि उसकी जितनी भी सराहना की जाए, वह कम है। शायद आज़ाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि जब भारत के किसी प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पड़ोसी देशों के जितने भी प्रीमियर्स हैं, वे पहुंचे हों। पहली बार ऐसा हुआ है। इसका मतलब यह है कि शपथ लेने से पहले ही हमारे प्रधानमंत्री जी ने सारे पड़ोसी देशों को यह संदेश दे दिया कि हम आपसे अच्छे रिश्ते रखना चाहते हैं और इसके लिए हमने उनकी तरफ हाथ बढ़ाया है। यदि वे अपनी तरफ से थोड़ा-बहुत भी हाथ बढ़ाएंगे, तो मैं समझता हूं कि जो कामयाबी हमें अब तक हासिल नहीं हो पाई थी, वह कामयाबी निश्चित रूप से हमें हासिल होगी। मैं समझता हूं कि इल्लीगल माइग्रेशन पर भी अंकुश लगाने में उन देशों के सहयोग की आवश्यकता होती है। Left-Wing Extremism एक बहुत बड़ा चैलेंज है, जिसे हम माओवाद या जो कोलकाता में नक्सलवाद के नाम से शुरू हुआ था, तो उसे नक्सलवाद भी कह देते हैं। यह हमारे देश के लिए एक गम्भीर खतरा बना हुआ है। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि इस देश को नक्सलवाद भी समस्या से निजात दिलाने के लिए हम एकतरफा नहीं सोचते। इसके सामाजिक पहलुओं पर भी हमारी नज़र है कि जिन सामाजिक समस्याओं के कारण यदि यह समस्या पैदा हुई है, तो उनका भी समाधान होना चाहिए। मैं यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि हमारी सरकार इस देश में किसी को बिल्कुल खुलेआम हिंसा करने की इजाजत नहीं देगी। उसके लिए चाहे जितने भी कठोर कदम उठाने होंगे, हम वे कठोर कदम उठाएंगे। उपसभापति महोदय, यदि कोई कहता है कि हम बातचीत करके समस्या का समाधान करना चाहते हैं, तो यदि वह हथियार रख कर बातचीत करना चाहता है, तो हम बातचीत करने के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं, लेकिन हथियार लेकर हम किसी से बातचीत नहीं करेंगे। मैं जानता हूं कि इसमें बहुत सारे निर्दोष लोगो की भी जानें गई हैं। किसी माओवादी विद्रोह का

8.00 P.M.

सामना करने के लिए वर्तमान में सरकार की जो स्ट्रेटजी है, उस पर हम एक बैठक कर चुके हैं और हम विचार कर रहे हैं कि किस प्रकार से सुरक्षा और विकास संबंधी उपायों का एक कन्वर्जेंस बना कर हमारे उपेक्षित वर्ग के लोगों के सशक्तिकरण का उद्देश्य कैसे पूरा किया जा सके। हम लोग इस दृष्टि से भी अपनी तरफ से प्रयास कर रहे हैं, जैसे - वहां पर स्कूल्स खोलना, कॉलेजेज़ खोलना, हॉस्पिटल्स खोलना। ताकि वहां के उन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की जो बुनियादी आवश्यकताएं हैं, वे पूरी हो सकें, यह हमारी कोशिश है। इसके साथ ही साथ उस क्षेत्र में एक perceptional change लाने के लिए भी किस प्रकार का कैम्पेन चलाया जा सकता है, वह भी हम चलाने पर विचार कर रहे हैं।

सर, जम्मू-कश्मीर का मुद्दा बहुत संवेदनशील है। हमारे नेता प्रतिपक्ष जनाब गुलाब नबी आज़ाद साहब ने भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य कई सम्मानित सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए हैं। मैं जानता हूं कि कश्मीर में जिस प्रकार के हालात हैं, वहां से लगभग 56 हजार से ज्यादा लोगों को माइग्रेट होना पड़ा है। महोदय, सभी सम्मानित सदस्यों को इस बात की जानकारी है कि जो भी हमारे कश्मीरी माइग्रेंट्स हैं, हम सब की इच्छा है, हमारी सरकार की यह इच्छा है, केवल इच्छा ही नहीं है, बल्कि हमारा यह फर्म कन्विक्शन है कि जो हमारे कश्मीरी माइग्रेंट्स बाहर हैं, यदि वे आना चाहते हैं, तो उन्हें हम फिर से कश्मीर में लाना चाहते हैं और हम उनका पुनर्वासन यानी उनका रिहैबिलिटेशन वहां करना चाहते हैं। यह हमारी प्रतिबद्धता है और उसके लिए 500 करोड़ रुपये का प्रोविजन भी हम लोगों ने इस बार के, 2014-15 के बजट में कर दिया है, क्योंकि यह एक बहुत ही जज्बाती सवाल है कि अपने देश का कोई नागरिक अपने ही देश में शरणार्थी बन कर रहे। मैं समझता हूं कि कोई भारत का नागरिक इसे स्वीकार नहीं करेगा, बल्कि सभी को इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करना चाहिए कि भारत के जो नागरिक अपने ही देश में शरणार्थी बन कर रह रहे हैं, ऐसे सारे लोगों को, जहां पर वे मूलतः रहते थे और वहां वे जाना चाहते हैं, तो वहां पर उनके रहने की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। यह सब की इच्छा होगी। तो इसी को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने यह कदम उठाया है कि हम कश्मीरी माइग्रेंट्स को फिर से वहां ले जाकर बसाने के लिए अपनी तरफ से कोशिश करेंगे।

उपसभापति महोदय, जहां तक आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा संबंधी खतरों का मुकाबला करने के लिए एक एक्शन इंटेलिजेंस है, तो इसका भी हम कलेक्शन करते हैं, इसका डेटाबेस तैयार करते हैं और साथ ही साथ एक 'नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड' की भी हम स्थापना कर रहे हैं। यह भी मैं आपकी जानकारी में लाना चाहता हूं। इसके अतिरिक्त आतंकवाद संबंधी सभी अपराधों की जांच करने के लिए और प्रॉसीक्यूशनल वगैरह भी ठीक तरीके से हो और समय पर हो, इसके लिए 2008 में, जब पिछली सरकार थी, उस समय की एक एन.आई.ए. एक्ट के अंतर्गत 'एन.आई.ए.' का गठन किया गया था। जल्दी से जल्दी इन मामलों का निस्तारण हो सके, जल्दी से जल्दी इंसाफ मिल सके, इसके लिए स्पेशल कोर्ट्स की भी स्थापना की गई थी। लेकिन मैं समझता हूं कि कुछ स्पेशल फोर्स और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता आज महसूस की जा रही है। फेक इंडियन करेंसी का मामला भी एक चिंता का विषय बना हुआ है। फेक करेंसी की समस्या से

[श्री राजनाथ सिंह]

निपटने के लिए चाहे हमारी स्टेट गवर्नमेंट्स हों और सेन्ट्रल गवर्नमेंट हो, दोनों की जो हमारी सिक्युरिटी एजेंसीज़ हैं, वे आपस में इंटेलिजेंस इनपुट की शेयरिंग करती हैं यानी शेयर करती हैं और ...(**व्यवधान**)...

श्री वी. हनुमंत राव (तेलंगाना) : हैदराबाद में फेक नोट्स मिले हैं, आपको इसके बारे में इन्फॉर्मेशन मिली है? ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह : और गृह मंत्रालय ने इसके लिए FCORD एक समन्वय समूह, एक कॉर्डिनेटिंग ऑर्गेनाइजेशन बनाया है। बॉडर मैनेजमेंट का जहां तक सवाल है, सबसे पहले वक्ता जो हमारे दवे जी थे, उन्होंने भी इस संबंध में अपनी चिंता व्यक्त की हे कि वहां पर फेंसिंग तो होती है, लेकिन फेंसिंग पुरानी पड़ जाती है, टूट जाती है और फिर उसके बाद जो फेंसिंग बदलनी चाहिए, वह बदली नहीं जाती है, नई फेंसिंग नहीं लगती है, लाइटिंग वगैरह आदि की बहुत सारी शिकायतें उन्होंने की थीं, लेकिन बॉर्डर की फेंसिंग की व्यवस्था कैसे मुकम्मल की जाए, हम लोग अपनी तरफ से इसकी भरपूर कोशिश कर रहे हैं और जो फेंसिंग पुरानी हो गई हैं अथवा जिन्हें आज बिल्कुल बदलने की आवश्यकता है, उनके बदलने की दिशा में भी हम लोगों की तरफ से efforts लगातार चल रहे हैं। साथ ही साथ बॉर्डर सिक्युरिटी को एन्श्योर करने और इसके लिए टेक्नॉलॉजिकल सॉल्यूशन क्या-क्या हो सकते हैं, इस संबंध में हमारी होम मिनिस्ट्री बहुत ही गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है।

जहां तक कोस्टल सिक्युरिटी का सवाल है, कोस्टल सिक्युरिटी की दृष्टि से भी हम लोगों ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं और हमारा कानूनी और सुरक्षा का जो ढांचा है, इन दोनों में जो मौजूदा कमियां हैं, उन कमियों को भी दूर करने के लिए हम लोग पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। नारकोटिक्स, हेरोइन, गांजा, हशीश, इन सब चीजों की जो स्मगलिंग होती है, इसे भी रोकने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं और भारत सरकार ने एक सेन्ट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के लिए, 2008 के बाद पिछली सरकार ने यह फैसला किया था और 160 एडिशनल फोर्स की बटालियन्स के बारे में स्वीकृति दी थी और उसके गठन का सिलसिला भी प्रारंभ हो चुका है। इनमें 2013-14 तक में 56 बटालियन्स का गठन हो चुका है और मैं समझता हूं कि 21 बटालियन्स और ऑर्गनाइज़ करने हेतु रिक्रूटमेंट का काम इस समय चल रहा है। 2014-15 में 13 और एडिशनल बटालियन्स, जिनमें से बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स में 4, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स में 3, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस में 4 और सशस्त्र सीमा बल में लगभग 2 बटालियन्स गठित करने का हम लोगों ने फैसला किया है।

मैं समझता हूं कि हमारे जो भी पड़ोसी देश हैं तथा हमारे और उनके बीच जो सीमाएं हैं, जो हमारे इंटरनैशनल बॉर्डर्स हैं, हमारी फोर्स बढ़ जाने के कारण उनकी सिक्युरिटी में निश्चित रूप से हमें सुविधा होगी। हमारी जो स्टेट की पुलिस है, उसके मॉडर्नाइजेशन के लिए भी एक फंड हमारे यहां होता है और सभी राज्यों को हम अपनी तरफ से फंड प्रोवाइड करने का काम करते हैं। यदि सम्मानित सदस्य जानना चाहेंगे, तो उन्हें मैं जानकारी दे दूंगा कि अब तक पुलिस मॉडर्नाइजेशन के लिए राज्य सरकारों को कितना धन मुहैया कराया गया है। इसकी भी जानकारी

मैं माननीय सदस्यों को दे दूंगा। साथ ही साथ, ये जो हमारे बड़े-बड़े शहर हैं, जिन्हें हम महानगर कहते हैं, यहां की पुलिस व्यवस्था को भी सुनिश्चित करने के लिए लगभग 432.90 करोड़ रुपए के कुल आवंटन के साथ छह महानगरों को केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही साथ यहां की पुलिस व्यवस्था को अपग्रेड करने और वहां टेक्नोलॉजिकली सारे सिस्टम का अधिकतम प्रयोग बढ़े, इसको इन्श्योर करने के लिए तथा एमरजेंसी रेस्पांस सिस्टम की स्थापना सुनिश्चित करने के लिए हमारे गृह मंत्रालय ने प्रभावी कदम उठाए हैं।

पुलिस की ट्रेनिंग के लिए भी हम लोगों ने कई कदम उठाए हैं और जहां तक नए ट्रेनिंग सेन्टर्स हैं, 17 नए ट्रेनिंग सेंटर्स मंजूर किए जा चुके हैं, 13 मौजूदा संस्थान केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा स्थापित किए जा रहे हैं, अपग्रेड किए जा रहे हैं और जोड़े जा रहे हैं। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ इंटेलिजेंस ब्यूरो के लिए दो भर्ती प्रशिक्षण केन्द्र, जिसे आर.टी.सी. कहते हैं और तीन आर.टी.सी., एक सी.आई.ए.डब्ल्यू. स्कूल तथा भारत-तिब्बत सीमा के लिए वन सी.टी.सी., थ्री आर.टी.सी. की स्थापना और मौजूदा फाइव आर.टी.सी. को अपग्रेड करना एक कोबरा, कमांडो बटालियंस फॉर रिजॉल्यूट एक्शन, संगल युद्ध कौशल एवं रणनीतिक कौशल स्कूल, केन्द्रीय रि ज़र्व पुलिस बल के लिए दो सी.आई.ए.टी. स्कूल और सशस्त्र सीमा बल के लिए तीन आर.टी.सी. शामिल हैं, जिन्हें खोलने का फैसला गृह मंत्रालय की तरफ से हुआ है।

हम लोग अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्राप्त करने के लिए भी कदम उठा रहे हैं, ताकि आतंकवादी अथवा दुनिया के दूसरे देशों से लोग हमारे भारत में न आ पाएं। इसके लिए रोबस्ट स्ट्रैटेजी लिंकेज़ेज स्थापित किए गए हैं, लेकिन इन्हें और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है। जैसे मैंने पहले चर्चा की थी कि अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की दिशा में सरकार बनते ही हम लोगों ने क्या-क्या कदम उठाए हैं। अभी सार्क कंट्रीज़ के सम्मेलन में हमारे प्रधानमंत्री जी गए थे और प्रधानमंत्री जी की वह बहुत ही कामयाबी यात्रा रही है। जो सार्क देश हैं, उनके साथ हमारे रिश्ते और अधिक बेहतर होंगे, ऐसा हम सब का पूरा विश्वास है।

आतंकवाद और इस जैसी बहुत सारी समस्याएं हैं, इनसे निपटने के लिए, पुलिस बल को कुछ और प्रॉपर ट्रेनिंग दी जा सके और साथ ही साथ इसके लिए उनकी क्या स्ट्रेटजी होनी चाहिए, इस बारे में भी उन्हें जानकारी दी जा सके, इसके लिए हम लोगों ने पूरे इंस्टिट्यूशनल सिस्टम को डेवलप करने की कोशिश की है। जुडिशियल सिस्टम की स्ट्रेंथनिंग के लिए भी हम लोगों ने कुछ प्रभावी कदम उठाए हैं और उस विस्तार में मैं नहीं जाना चाहता।

जहां तक दिल्ली का सवाल है, यहां हो रहे अपराधों को लेकर लोगों में चिंता होती है, लेकिन दिल्ली के अपराधों में कमी आ सके और लोगों का जनजीवन भारत की राजधानी में सुरक्षित रह सके, इसके लिए भी बहुत सारे कदम उठाए गए हैं, मैं उन सब कदमों की चर्चा यहां पर नहीं करना चाहता हूं। उनमें से एक यह है कि 100 और 1091 पर कॉल्स को सुनने वालों की संख्या पहले कम थी, अब उसे बढ़ा दिया गया है और सभी पुलिस थानों में 24x7 महिला हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। साथी ही साथ, पुलिस कांस्टेबल्स के 522 पदों का महिला कांस्टेबल्स के पदों में कन्वर्जन तथा 306 महिला सब इंस्पेक्टर्स और 778 महिला कांस्टेबल्स के अतिरिक्त पदों के सृजन का प्रोसेस भी चल रहा है। इसके साथ ही, महिला विद्यालयों एवं विद्यालयों के विद्यार्थियों

[श्री राजनाथ सिंह]

तथा अध्यापकों के साथ हमारी पुलिस फोर्स का म्युचुअल डॉयलाग होता रहे, यह निर्देश भी उन्हें जारी किया गया है। हमारे बच्चे, नौजवान, युवक एवं युवितियां सेल्फ प्रोटेक्शन कैसे कर सकते हैं, इसकी भी प्रॉपर ट्रेनिंग उन्हें दी जाती है। दिल्ली में इस समय हमारी पुलिस के द्वारा जेंडर सेंसिटाइजेंशन का काम भी किया जा रहा है। जो बच्चे खो जाते हैं, ऐसे बच्चों को कैसे रिकवर किया जाए, इसके संबंध में भी हमने योजनाएं बनाई हैं और इस संबंध में हमारे महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'ट्रैक चाइल्ड' नामक एक पोर्टल भी तैयार किया गया है।

सीनियर सिटिजंस की मुकम्मल सुरक्षा व्यवस्था हो सके, इसकी हम समय-समय पर समीक्षा करते रहते हैं कि इसमें क्या प्रगति हुई है, लेकिन हमारी सरकार का यह कमिटमेंट है कि हमारे सीनियर सिटिजंस सुरक्षित रहने चाहिए, क्योंकि हम सबको प्रायः ऐसी घटनाएं सुनने को मिलती हैं, कि सीनियर सिटिजंस के यहां काम करने वाले जो कर्मचारी या सेवक होते हैं, वे ही उन पर हमला करते हैं, उनको मार डालते हैं। नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर तैयार करने का फैसला पहले ही हुआ था। वैसे नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर तैयार करने का काम इससे पहले भी वर्षों से चलता रहा है। जबसे हमको आज़ादी हासिल हुई है यह सिलसिला केवल तभी से ही शुरू नहीं हुआ है बल्कि यह उससे पहले से ही चल रहा है। अब हम लोगों का यह फैसला है कि भारत का जो भी सिटिजन है, उसे 'नेशनल सिटिजन कार्ड' जारी किया जाना चाहिए। Birth and death का भी प्रॉपर रजिस्ट्रेशन हो। इसकी बराबर अपडेटिंग होती रहे और साथ ही साथ इसका डेटा भी ठीक तरीके से तैयार हो, इस दिशा में भी हमारा गृह मंत्रालय प्रभावी तरीके से काम कर रहा है। वीज़ा संबंधी जो समस्याएं होती हैं, उनको दूर करने के लिए कई प्रभावी कदम हम लोगों ने उठाए हैं। सरकार ने इन्टेलिजेंस टेक्नोलॉजी को और मजबूत बनाने तथा सिक्योरिटी सिस्टम के साथ इस synergise करके पूरे सिक्योरिटी सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए हैं। साथ ही साथ मुझे यह बतलाते हुए प्रसन्नता हो रही है कि mission mode project भी हम लोगों ने तैयार किया है। हम लोगों का लक्ष्य है कि यह दो वर्ष के भीतर हंड्रेड परसेंट कवरेज को हासिल कर लेगा। हम लोगों ने एक नया कार्यक्रम tourist visa on arrival तैयार किया है यदि दुनिया के दूसरे देशों से यहा कोई आता है तो वह पहले इंटरनेट के माध्यम से एप्लाई कर दे और उसके बाद यहां आने पर यदि वह व्यक्ति ठीक पाया जाता है तथा उसका यहां आना valid है तो उसको ऑन एराइबल वीज़ा देने का भी प्रोविजन हमारे यहां है। Human trafficking भी चिंता का विषय है। इस स्थिति के लिए लोगों ने कई कदम उठाए हैं। अब चूंकि National Disaster Management Authority के बारे में संसद में कई बार चर्चा हो चुकी है इसलिए मैं उसके विस्तार में नहीं जाना चाहूंगा। प्राकृतिक आपदा से निबटने के लिए गृह मंत्रालय के पास एक National Disaster Management Authority है, जो बहुत ही इफेक्टिव है। वह अथॉरिटी बराबर कहीं पर भी यदि कोई प्राकृतिक आपदा आती है तो मैं समझता हूं कि इमीडिएट रिस्पांस करने का काम यदि कोई अथॉरिटी करती है तो वह हमारी एन.डी.एम.ए. करती है। किसी राज्य में किसी प्राकृतिक आपदा के कारण कोई संकट पैदा होता है तो वहां के लोगों को जो कुछ भी तत्काल सुविधाएं मुहैया कराई जा सकती हैं, उनको वे सारी सुविधाएं मिल सकें, इस

दृष्टि से भी दो प्रकार के फंड गठित किए गए हैं और दो प्रकार की फोर्सेज भी गठित की गई हैं, जिनके नाम हैं - State Disaster Response Fund और एक State Disaster Response Force भी होगा। वैसे ही National Disaster Response Force और National Disaster Response fund है। मैं सभी सदस्यों को यह भी जानकारी देना चाहता हूं कि SDRF जो स्टेट के पास फंड होता है उसमें से 75 परसेंट यदि किसी का कंट्रीब्यूशन होता है तो वह सेंट्रल गवर्नमेंट का कंट्रीब्यून होता है। इससे पहले जिन-जिन राज्यों में यह प्राकृतिक आपदा आई है, एक हमारे पास NDRF की फोर्स होती है, क्योंकि मैं अभी हाल में महाराष्ट्र में माले गया था। वहां पर सौ से अधिक लोगों की जानें गई हैं। उत्तराखंड में भी जो हादसा हुआ था, सबसे पहले रिस्पांड करने का काम यदि किसी ने किया था तो हमारी NDRF ने किया था और जाते ही महाराष्ट्र की डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटी ने वहां पर मौजूद जो आम लोग थे, उन लोगों ने NDRF की प्रशंसा की थी। इसकी चर्चा मैं इसलिए कर रहा हूं क्योंकि जैसे ही हमको जानकारी प्राप्त हुई, तुरन्त मैंने वहां के चीफ मिनिस्टर से बात की और मैंने कहा कि किसी भी प्रकार से सेंट्रल गवर्नमेंट की असिस्टेंस की आवश्यकता होगी तो आप मुझे जानकारी दीजिए, हर प्रकार की सेंट्रल असिस्टेंस हम मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। मैंने उनको पूरी तरह से एश्योर किया।

उपसभापति महोदय, भारत में लोकतंत्र है। वैसे बहुत सारे वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए हैं। लेकिन मैं समझता हूं कि स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था को, healthy democratic system में हमारे जो नेता विरोधी दल हैं, यहीं से मुझे अपनी बात की शुरूआत करनी चाहिए थी, इसलिए नेता विरोधी दल ने जो विचार व्यक्त किया है उसके संबंध में मैं अपनी दो बातें बहुत ही विनम्रतापूर्वक रखना चाहूंगा। उन्होंने साम्प्रदायिकता को लेकर चिंता व्यक्त की और उनका कहना है कि इस देश में साम्प्रदायिक सौहार्द यानी communal harmony एस्टेब्लिश होनी चाहिए। यह सब की मंशा है। हम जानते हैं कि भारत किसी एक जाति, एक मज़हब और एक पंथ का देश नहीं है। अपने देश की संस्कृति की विशेषता को भी हम जानते हैं। लेकिन मैं अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को भी रखना चाहता हूं। वैसे कई बार कहा जा चुका है, पर मैं फिर से यहां दोहराना चाहता हूं कि इस देश की एकता और अखंडता के लिए हमारी सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम जाति, पंथ, मज़हब और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव करने वाले नहीं हैं। हमारी सरकार की यह चिंता है कि इंसाफ और इंसानियत की डगर पर चलते हुए सब को रोजी-रोटी, सुरक्षा और सम्मान मुहैया कराया जाए और यही हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है।

उपसभापति महोदय, वोट बैंक की पोलिटिक्स, चाहे हम हों, चाहे ये हों और चाहे ये हों – किसी को भी नहीं करनी चाहिए। हम सब राजनीति कर रहे हैं, लेकिन हम सब केवल सरकार बनाने के लिए राजनीति नहीं कर रहे हैं बल्कि राजनीतिक क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हमें यदि समाज का विश्वास किसी-न-किसी हद तक हासिल है, तो हमें राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करनी चाहिए, हमें राजनीति समाज बनाने के लिए करनी चाहिए। यह लक्ष्य अपने सामने रखकर हमारी सरकार काम कर रही है क्योंकि हम इस हकीकत को भी जानते हैं कि भारत की आज़ादी के लिए यदि चन्द्रशेखर आज़ाद ने अपने रिवॉल्वर की अंतिम गोली अपने सीने में दाग दी, यदि सरदार भगत सिंह ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया तो वहीं पर अशफाकुल्ला खान उल्ला खां ने भी हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमा है। आज देश की सीमाओं

[श्री राजनाथ सिंह]

की सुरक्षा के लिए यदि हमारी सेना का हिन्दू जवान, यदि हमारी आर्म्ड फोर्सेज का हिन्दू जवान शहरी होता है तो वहीं चाहे वह मुसलमान हो या ईसाई हो या और किसी धर्म को मानने वाला क्यों न हो, वह भी शहीद होता है। हम इस हकीकत को अच्छी तरह जानते हैं।

श्री सुखेन्दु शेखर राय (पश्चिम बंगाल) : सभी जानते हैं।

श्री राजनाथ सिंह : सभी जानते हैं, लेकिन इस देश में जो कुछ भी माहौल खराब हो रहा है, वह केवल वोट बैंक की पॉलिटिक्स के कारण हो रहा है और अन्य कोई दूसरा कारण नहीं है।

हमारे नेता प्रतिपक्ष का आरोप है कि एन.डी.ए. के नेताओं की तरफ से यह बात कही जाती है कि आप तो हार चुके हैं। यह हार और जीत का सिलसिला तो लोकतंत्र में चलता रहता है। हम लोग भी पहले हारे हैं और अब आगे हारेंगे या नहीं, यह कुछ नहीं कहा जा सकता है। वह तो जनता तय करेगी, यह हकीकत है, लेकिन ऐसा नहीं है कि हारने के कारण आपका महत्व कम हो गया है। हमारी नज़रों में आपका महत्व कम नहीं है। सीताराम येचुरी जी, यदि हम लोकतंत्र की सेहत को बनाकर रखना चाहते हैं, तो उसमें विपक्ष का होना भी अपरिहार्य और अनिवार्य है, इस हकीकत को हम समझते हैं। हम आपके महत्व को ऐसे नहीं आंकते कि सत्ताधारी दल के सदस्यों का महत्व अधिक है और जो प्रतिपक्ष की कुर्सियों पर बैठे हमारे संसद सदस्य हैं, उनका महत्व कम है। हम कभी ऐसा नहीं मानते हैं। आपका महत्व हमारी सरकार अच्छी तरह समझती है। फिर सांप्रदायिकता की बात चल रही थी और यह कहा गया कि हार गए, हार गए। तो श्रीमन्, हो सकता है किसी ने कोई ऐसी बात कह दी हो, मैं कह नहीं सकता, लेकिन हम किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं करना चाहते। मैंने जैसा पहले भी कहा कि हम जाति, पंथ, धर्म और मज़हब के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करना चाहते। आप हमारे हैं, आप दूसरी पार्टी या तीसरी पार्टी के हैं, इस आधार पर हम कोई भेदभाव नहीं करना चाहते हैं क्योंकि जिस संस्कृति में हम पैदा हुए हैं, जिस संस्कृति में हम पले हैं, जिस संस्कृति में हम बढ़े हैं और आज संसद में खड़े होकर यदि आप बोल रहे हैं या मैं बोल रहा हूं, तो उस बारे में वेदांत का एक मूल मंत्र है, जिसकी मैं यहां चर्चा करना चाहूंगा। यह बहुत छोटा सा है और संस्कृति में है। मैं जानता हूं कि यह जल्दी समझ में नहीं आएगा। 'यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे।' इसका अर्थ है कि जो पिंड में है, वहीं ब्रह्मांड में है। जो जड़ में है, वही चेतन में है। जो छोटे में है, वही बड़े में है, जो मेरे में है, वही तेरे में है। यही वेदांत का मूल मंत्र है और यही हमारी भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी ताकत है। हम इस संस्कृति में विश्वास करने वाले लोग हैं, तो यह कैसे हो सकता है कि हम इंसान होकर इंसान से नफरत करें? इस संस्कृति में विश्वास करने वाले लोगों द्वारा, नाग पंचमी के दिन जिस सर्प के काटने के बाद मरने की पक्की गारंटी होती है, उस काले नाग को भी गाय का शुद्ध दूध पिलाकर उसके भी दीर्घजीवी होने की कामना की जाती है। उस संस्कृति में विचार करने वाले लोग ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी (उत्तर प्रदेश) : क्या गोवा में आपसे गलती हो गई? ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : मंत्री महोदय, सवा आठ बज गए हैं, खाने का इंतजाम तो है नहीं, दूध तो पिला दो। यह आपने नाग, सांप का कह दिया, तो दूध तो पिला दो। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह : क्षमा कीजिएगा, मैंने काला नाग किसी इसमें नहीं कहा। ...(**व्यवधान**)...

श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी : हम आपका संकेत समझते हैं, दिक्कत नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी : गोवा से पिलाना शुरू किया आपने। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह : आजाद साहब, वैसे शायद कभी किसी सदस्य ने कह दी हो यह बात कि आप हारे हैं, वह इसलिए कह दिया होगा ताकि अभी आप हमें काम करने का थोड़ा अवसर दीजिए। कभी कोई शोर-शराबा हुआ होगा, उसमें किसी ने ऐसी कोई बात कह दी होगी, लेकिन ऐसा नहीं है कि हम कोई अपने प्रतिपक्ष दल की उपेक्षा कर रहे हैं। ऐसा कभी नहीं हो सकता। आपको याद होगा, मैं कोट नहीं करना चाहता हूं कि किस व्यक्ति ने कहा था, 1984 में संसद में खड़े होकर बहुत बड़ी हस्ती ने यह कहा था, जिस जिस समय भारतीय जनता पार्टी को दो सीटें प्राप्त हुई थीं, तो यह कहा था कि दो या तीन बस। चुप हो जाइए, दो या तीन बस। इतना ही कहा था। तो कभी-कभी ऐसा होता है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने उस समय जो बात कह दी, वह हम दिल में लेकर बैठे हों। लोकतंत्र में यह चलता रहता है, थोड़ी-बहुत कुछ बातें हो जाती हैं। 'कांग्रेस मुक्त भारत' की बात हुई, हम लोगों ने यह नहीं कहा कि कांग्रेस को डिजॉल्व कर दीजिए, कांग्रेस को समाप्त कर दीजिए। ऐसा कुछ नहीं था, परपज़ यह था कि अब कांग्रेस को विदा कीजिए, यहां पर बी.जे.पी. लेड एन.डी.ए. की गवर्नमेंट बनाइए। यह उद्देश्य, यह मंशा उसके पीछे थी। कांग्रेस की आपने बात कही, उसमें कहीं दो मत नहीं हैं कि कांग्रेस के झंडे के तले ही उस समय आज़ादी ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी : सर, एक मिनट। आदरणीय राजनाथ सिंह जी गृह मंत्री के साथ-साथ पहले शिक्षक भी रहे हैं और अच्छे शिक्षक रहे हैं। मैं सिर्फ यह जानना चाहता हूं कि 'कांग्रेस मुक्त भारत' का मायना क्या है? आप इतना बता दीजिए।

श्री राजनाथ सिंह : 'कांग्रेस मुक्त भारत' का मतलब यह रहा है कि इस देश में कांग्रेस मुक्त सरकार बना दीजिए। ...(**व्यवधान**)... यदि कोई पॉलिटिकल पार्टी चल रही है, चलती रहे, तो उस पर हमें कोई आपत्ति नहीं है, कोई आपत्ति नहीं है। बहुत सारी राजनैतिक पार्टियां हैं और इस डेमाक्रेटिक सिस्टम में तो हमारे यहां मल्टी-पार्टीज सिस्टम है, इसलिए उसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती। हां, यह बात सच है, आप भी इस हकीकत को जानते होंगे, जब आज़ादी हासिल हो गई थी, आज़ादी की लड़ाई हम कांग्रेस के झंडे के तले लड़ रहे थे, लेकिन आज़ादी हासिल होने के बाद शायद महात्मा गांधी ने यह सोचा होगा कि जो भी आज़ादी की लड़ाई लड़ने में कांग्रेस ने अपने जिस्म का पसीना बहाया है, अथवा जो भी इसके कुछ लोगों ने शहादत दी है, ...(**व्यवधान**)... उस समय जो लोग कांग्रेस के साथ जुड़कर आज़ादी की लड़ाई लड़ते हैं, बाद में आज़ादी हासिल होने के बाद वे कांग्रेस में ही रहे हों, ऐसा भी सच नहीं है। ऐसा भी सच नहीं है और उन्होंने अलग से एक पोलिटिकल पार्टी बनाई थी, शायद इसीलिए महात्मा गांधी ने कह दिया था कि 'कांग्रेस', इस नाम से पोलिटिकल पार्टी को नहीं चलाया जाना चाहिए। 'कांग्रेस', इस पार्टी को भंग कर देना चाहिए, यह महात्मा गांधी ने कहा था। ...(**व्यवधान**)...

श्री के.सी त्यागी : गृह मंत्री महोदय, एक सेकंड...

श्री राजनाथ सिंह : जी...

श्री के.सी. त्यागी : 1948 में डा. लोहिया और जयप्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में नासिक सम्मेलन में कांग्रेस से सबसे पहले बाहर आने वाले समाजवादी थे और 1950 में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : 1936 में कम्युनिस्ट्स थे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Now, please, let the Minister continue.

श्री आनन्द शर्मा : श्यामा प्रसाद मुखर्जी हिन्दू महासभा में थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री तरुण विजय (उत्तराखंड) : श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित नेहरू की पहली कैबिनेट में थे।

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, मैं सम्माननीय सदस्य सीताराम जी की तरफ देख रहा था।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : He wants milk. That is what he has asked for.

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, मैं जानता हूं कि जितने भी संसद सदस्य यहां पर मौजूद हैं, उनको इस बात की जानकारी होगी, कि जिस समय हम लोग कांग्रेस के बैनर के तले आज़ादी की लड़ाई लड़ रहे थे, तो जिस आर.एस.एस. की, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की चर्चा की जाती है, उस राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में संस्थापक श्री केशवराम बलिराम हेडगेवार जी ने भी आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया था, उस अभियान में हिस्सा लिया था और वे भी जेल गए थे। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : नहीं-नहीं सर, यह गलत है... यह गलत है।

श्री राजनाथ सिंह : किया था, किया था।

श्री थावर चन्द गहलोत : यह सही है... यह सही है। ...(**व्यवधान**)... यह सही है, पता लगाओ, इतिहास पढ़ो। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह : बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ...(**व्यवधान**)...

SHRI D. RAJA: Mr. Minister, I would like to say one thing. The RSS was formed in the year 1925. In the same year, the Communist Party of India was formed. In fact, it was the Communist which gave the slogan 'Poorna Swaraj' for the first time in the Indian history. Let us not forget it. What I am trying to say, Sir, is that – these two parties are arguing about Indian independence – it was the Communist which first led the struggle for independence. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If the Minister answers to everybody, then, there will be no end to it. ...*(Interruptions)*...

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY: Let us stop discussing history. Otherwise, it will be a never-ending discussion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't yield to everybody. Let us try to wind up.

श्री आनन्द शर्मा : मंत्री जी, आपका भाषण अच्छा चल रहा है, यहां नया इतिहास रचा जा रहा है। किसी पर आपत्ति नहीं है, पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव रावी नदी के किनारे 1929 में, जब कांग्रेस के अध्यक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरू थे, तब दिया गया था। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let us not get into this kind of controversies.

SHRI P. RAJEEVE: Yielding to everybody is a very good democratic lesson to new Ministers.

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, हमारे नेता प्रतिपक्ष ने बाबा साहबे भीमराव अम्बेडकर, जिनके प्रति समस्त देशवासियों के मन में बेहद सम्मान है, उनकी उन्होंने चर्चा की है और यह कहा है कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को, कांग्रेस के नेतृत्व में जो पहली सरकार बनी थी, उस सरकार में मंत्री बनाने का काम कांग्रेस ने किया था, लेकिन मैं याद दिलाना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)... लेकिन मैं याद दिलाना चाहता हूं उपसभापति महोदय, शायद हमारे कांग्रेस के मित्रों को इस बात की निश्चित रूप से जानकारी होगी कि 1952 में जब लोक सभा इलेक्शन हुआ था, तो उसमें ऑल इंडिया शेड्यूल्ड फेडरेशन एक पार्टी थी। तो ऑल इंडिया शैड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन नामक पार्टी से बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चुनाव लड़े थे और कांग्रेस पार्टी ने उनका जबर्दस्त विरोध किया था। स्वयं तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू भी उनका विरोध करने के लिए उनके संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में गए थे। इतना ही नहीं, 1954 में भी ऑल इंडिया शैड्यूल्ड कास्ट फेडरेशन से पुनः बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर चुनाव लड़े। फिर से उन्हें हराने के लिए कांग्रेस ने, अधिकतम जो भी प्रयत्न हो सकता था, वह करने की वहां पर कोशिश की और बड़े दिग्गज नेता, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का विरोध करने के लिए उनके संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जाकर अपनी सार्वजनिक सेवाएं दी थीं और जनता से यह अपील की थी कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर भारत की संसद में नहीं पहुंचने चाहिए। यह जानकारी मैं यहां पर देना चाहता हूं। दोनों चुनावों में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर, जिन्होंने भारत के संविधान की रचना की, उन्हें अगर किसी ने हराया, तो कांग्रेस पार्टी ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को हराने का काम किया।

श्री गुलाम नबी आज़ाद : मैं साथ-साथ यह भी करेक्ट करना चाहता हूं कि बाबा साहेब अम्बेडकर कांस्टीट्युएंट असेंबली में, मुम्बई कांग्रेस की तरफ से इलेक्ट होकर आए और तभी कांस्टीट्युएंट असेंबली में बैठे थे। ...(**व्यवधान**)...

SHRI SITARAM YECHURY : Sir, may I suggest something? मंत्री महोदय से एक ही आग्रह है कि इस इतिहास में न जाएं तो बेहतर है क्योंकि सबसे पहले, जब कॉंस्टीट्युएंट असेंबली बनी, तब बाबा साहेब अम्बेडकर महाराष्ट्र से नहीं आ पाए थे। कम्युनिस्टों ने उन्हें अनडिवाइडेड बंगाल से भेजा था। ...(**व्यवधान**)... लेकिन बाद में वे मुम्बई से आए। ...(**व्यवधान**)... बाद में दुबारा जब इलेक्शन हुआ तब वे मुम्बई से आए। ...(**व्यवधान**)... इस सब बहस में आप क्यों जा रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I think, let us not go into this kind of history. ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अठावले : उपसभापति महोदय ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रमोद तिवारी : अठावले जी, आप पहले इधर से आए, अब उधर से आए ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मंत्री महोदय ...(**व्यवधान**)... Hon. Minister, don't go into the history. Come to the point. ...*(Interruptions)*...

श्री रामदास अठावले : उपसभापति महोदय ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Please, don't yield now.

श्री रामदास अठावले : यह बात सही है कि ...(**व्यवधान**)... पार्टिशन होने के बाद ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No, no. It is not going on record. ...*(Interruptions)*... The Minister is not yielding. मंत्री जी ने यील्ड नहीं किया है, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री रामदास अठावले : *

MR. DEPUTY CHAIRMAN : He is not yielding ...*(Interruptions)*... You, please sit down ...*(Interruptions)*... Okay, Mr. Minister. You please continue.

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, श्री रामदास अठावले बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी हैं, इसलिए मैं यील्ड कर गया। माननीय सांसद अनिल माधव दवे जी ने बॉर्डर को लेकर फैंसिंग और फ्लड लाइटिंग के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। उसकी चर्चा मैंने पहले ही अपने भाषण में कर दी है कि उसके संबंध में हम लोगों ने क्या किया है। साथ ही साथ उनका कहना है कि सरहद सामर्थ्य की प्रतीक है। यह बात उन्होंने बिल्कुल सच कही। किसी भी देश की सामर्थ्य का प्रगतिकरण यदि कहीं पर होता है तो सचमुच सीमाओं के माध्यम से ही उसका प्रगतिकरण होता है। बॉर्डर की सिक्योरिटी को फुलप्रूफ एंश्योर करने के लिए जो भी प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता होगी, वह हमारी सरकार उठाएगी, यह मैं आश्वस्त करना चाहता हूं। जो हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में है, उसे पाक ऑक्युपाइड कश्मीर क्यों कहा जाता

*Not recorded.

है? यह सवाल खड़ा किया गया था कि इसे पाक ऑक्युपाइड भारत क्यों नहीं कहा जाता है? मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि भारत के संविधान में कहीं पर पाक ऑक्युपाइड कश्मीर शब्द का कोई प्रयोग नहीं हुआ है। बोलचाल में इसका प्रयोग सामान्यतः लोग करते हैं, लेकिन इसका कहीं पर कोई उल्लेख नहीं है। अन्य बहुत सारी चीज़ों का उत्तर मैं पहले भी अपने भाषण में दे चुका हूं। रीजनल इम्बैलेंस वगैरह की बात कही है, पुलिस मैनेजमेंट के संबंध में भी थोड़ी-बहुत जानकारी मैंने दी है। सही समय पर, यह सूचना यानी अपने इंटेलीजेंस सिस्टम को किस तरीके से स्ट्रैंथन कर रहे हैं, इसके संबंध में प्रारम्भ में ही अपने भाषण में, मैंने चर्चा कर दी है। हमारे प्रमोद तिवारी जी ने अच्छा भाषण किया। उन्होंने दिल्ली की कानून और व्यवस्था को लेकर चिंता व्यक्त की है। ऐसा नहीं है कि दो-तीन महीने के अंदर दिल्ली की कानून और व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब हो गई हो, ऐसा मैं नहीं मानता हूं। मैं किसी के ऊपर दोषारोपण भी नहीं करना चाहता हूं कि उस समय कांग्रेस की सरकार थी इसलिए वह जिम्मेदारी है, चूंकि इस समय हम सरकार में हैं, तो दिल्ली की और सारे देश की लॉ एंड आर्डर की सिचुएशन को ensure करना हमारी responsibility है, हम इसे स्वीकार करते हैं। दिल्ली की कानून और व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए हम लोगों ने कई प्रभावी कदम उठाए हैं, सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाए हैं। आपने देखा होगा कि जिन बच्चों ने दौड़ाकर सड़क के ऊपर एक नौजवान की हत्या कर दी, अगर सी.सी.टी.वी. का सिस्टम न रहा होता, तो शायद वे बच्चे इसमें न पकड़े गए होते। अभी केवल ढाई-तीन हजार के करीब सी.सी.टी.वी. कैमरे लग पाए हैं। हमारी कोशिश यह है कि पूरी दिल्ली में इनकी संख्या को बढ़ाकर 8 हजार जल्दी से जल्दी कर दिया जाए ताकि पूरी तरह से हम चौकसी बरत सकें, इस प्रकार के अपराधियों पर, यही हमारी कोशिश है। उन्होंने कहा कि सरहद की पवित्रता को कई बार तोड़ा गया है। यदि सरहद की पवित्रता टूटती है, तो यह सत्ताधारी दल के लिए चैलेंज नहीं है बल्कि समस्त देशवासियों के लिए और सभी राजनैतिक दलों के एक बड़ा चैलेंज है। हम इस रूप में इसे मानकर चलते हैं। ऐसा नहीं है कि सरहद की पवित्रता केवल इस बार ही टूटी है। ऐसा नहीं है कि दुनिया के दूसरे देशों से चाहे चीन हो, पाकिस्तान हो लोगों का आना, वहां की सेना का आना पहली बार हुआ हो, बल्कि चीन तो इसके पहले भी दौलत बेग ओल्डी में आकर 15-20 दिन तक अपना कैम्प लगाकर वहां पर पड़ा रहा, लेकिन बाद में उसे वापस जाना पड़ा। ऐसे हालात भी पैदा न होने पाएं, इसको सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस हकीकत को हम अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने साम्प्रदायिक बिंदुओं पर भी चर्चा की है। उन्होंने पूछा है कि ट्रेन एक्सीडेंट्स ज्यादा क्यों हो रहे हैं? अभी ज्यादा एक्सीडेंट्स नहीं हुए हैं। अभी एक-दो दुर्घटनाएं रेल की हुई हैं, लेकिन मैं यह जानकारी देना चाहता हूं कि इसमें Maoists का कोई हाथ नहीं रहा है। सामान्यतः अब तक जो होता रहा है, वह यही होता रहा है, वह यही होता रहा है कि जो पैसेंजर्स ट्रेन्स होती हैं, उन पैसेंजर्स ट्रेन्स को क्षति इन माओवादियों के द्वारा नहीं पहुंचाई जाती है, यह हमारी जानकारी है।

श्री नरेन्द्र कुमार कश्यप जी ने भी जम्मू-कश्मीर में पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा जो आतंकवादी गतिविधियां बढ़ाई जा रही हैं, इस बारे में चिंता व्यक्त की है। वहां पर हमारे जो भी सेना के जवान और हमारी फोर्स के लोग हैं, सी.आर.पी.एफ. के लोग तैनात हैं, वे पूरी तरह से सजग हैं। कई आतंवादियों को ढेर करने में भी उन्होंने सफलता पाई है। हम चाहते हैं कि

[श्री राजनाथ सिंह]

पाकिस्तान के साथ बातचीत के द्वारा इस समस्या का कोई स्थायी समाधान निकालें। यहीं पर मैं कश्मीर घाटी की समस्या पर भी चर्चा कर देना चाहता हूं। कश्मीर घाटी की समस्या के बारे में हम चाहते हैं कि कश्मीर के सवाल पर भी, वहां की समस्या को सुलझाने के लिए भी, किसी तरह से एक consensus बन सके। मैं तो यह चाहूंगा कि सत्ताधारी दल तो अपनी जगह पर जो भी भूमिका निभाएगा, वह निभाएगा, लेकिन हमारे दूसरे राजनीतिक दल और हमारा प्रमुख प्रतिपक्षी दल कांग्रेस पार्टी यदि इसमें कोई पहल करे, तो इस पहल का मैं स्वागत करूंगा। किसी भी तरह का डायलॉग करने लिए हम तैयार हैं ताकि कश्मीर घाटी की समस्या का समाधान हो सके। हम संविधान के दायरे में तो बातचीत करेंगे ही करेंगे, लेकिन साथ ही साथ किसी ऐसी बड़ी चुनौती, किसी ऐसी बड़ी समस्या का समाधान करने के लिए इन्सानियत के दायरे में भी हमें बात करने की जरूरत हुई, तो हम बात करेंगे। बंगला देशी घुसपैठ के बारे में भी उन्होंने चिंता व्यक्त की है। रिजर्वेशन का लाभ नहीं मिल रहा है, कई ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु उन्होंने उठाए हैं। श्री सुखेन्दु शेखर राय ने atrocities against women की चर्चा की है। मिस्टर रंगराजन ने भी चर्चा की है।

SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY : Sir, just a second. ...*(Interruptions)*... Mr. Yechury, please. How many Ministers phones are being tapped? सर, 7th August को जब चर्चा हुई थी, उसमें मैंने भी भाग लिया था। मैंने माननीय मंत्री जी को याद दिलाया था कि जब 23 जनवरी को ये नेता जी की जन्मभूमि कटक में गए थे, तो इन्होंने यह वायदा किया था कि अगर बी.जे.पी. की सरकार आती है, तो नेता जी के बारे में जो तथ्य सरकार के पास हैं, वे सार्वजनिक किए जाएंगे। मैंने पूछा था कि इसके बारे में अभी सरकार का रवैया क्या है, मेहरबानी करके सदन को यह बता दीजिए।

श्री राजनाथ सिंह : माननीय सदस्य के द्वारा यह बात हम सबके संज्ञान में लाई गई है। मैं इसके बारे में मंत्रालय द्वारा कुछ जानकारी हासिल करूंगा कि वस्तुस्थिति क्या है।

हमारे सदन के सदस्य माननीय सुखेन्दु शेखर राय के द्वारा यह बात उठाई गई कि how many Ministers phones are being tapped? मैं बताना चाहता हूं कि जहां तक मेरी जानकारी है, सरकार द्वारा किसी पोलिटिशियन का फोन टैप नहीं किया जा रहा है। होम मिनिस्ट्री के पास जो सूचना है, मैं उस आधार पर यह बात कह रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : क्या और कोई फोन टैप कर सकता है?

श्री राजनाथ सिंह : करने को कोई अथोराइज़ नहीं है। ...(**व्यवधान**)... लेकिन आजकल की टेक्नॉलोजी में कब, कौन और कैसे उसका दुरुपयोग कर दे, कुछ कहा नहीं जा सकता। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : आप इसका कोई उपाय निकालिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह : सबसे बड़ी बात जो साइबर क्राइम है, उसकी चर्चा किसी माननीय सदस्य ने की है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : यह चर्चा उठी थी कि बिना आपकी इजाजत के, बिना आपके आदेश के, ये प्राइवेट कम्पनियां, ये सब सूची, इंफॉर्मेशन कैसे बेच रही हैं? यह बहुत सीरियस मामला है और देश की इंटरनल सिक्योरिटी के लिए बहुत सीरियस मामला आप इसके बारे में कुछ करिए।

श्री दिग्विजय सिंह : मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि आज कई ऐसी कम्पनियां हैं, जो इस प्रकार इंटरसेप्टर्स हैं, वे बड़ी आसानी के साथ इम्पोर्ट कर रही हैं। आपके द्वारा ही इंडिया की एक रिपोर्ट है, प्राइवेसी इंटरनेशनल के अंतर्गत, जिसमें कि बताया गया है कि 11 हजार से ज्यादा ऐसे इन्स्ट्रुमेंट्स आज देश में मौजूद हैं। मेरी आपसे यही प्रार्थना है कि यह अत्यधिक संवेदनशील विषय है, इसके बारे में अगर आप ठीक समझते हैं, तो आप अपने गृह मंत्रालय के अंदर ही एक कमेटी बनाएं, जिसके माध्यम से इस सम्पूर्ण मसले पर बेस्ट टेक्नोलॉजीकल ब्रेन्स हैं, उनको शामिल करें और साथ में हर तरह से किस-किस क्षेत्र में इसको प्लग किया जा सकता है, इस पर विचार करें।

श्री राजनाथ सिंह : अच्छा सुझाव है और मैं इस सुझाव का स्वागत करता हूं। वैसे दाऊद कम्पनी के बारे में हमारे साथी सुखेन्दु शेखर राय ने प्रश्न खड़ा किया था। वैसे मैं समझता हूं कि दाऊद को तो पिछली सरकार ने भी टार्गेट किया था, ताकि उसकी गिरफ्तारी हो सके और उसको भारत लाया जा सके, लेकिन उसमें कामयाबी हासिल नहीं हो सकी। हमारी तरफ से भी वह प्रयत्न जारी है। कोई अपराधी दुनिया के किसी भी देश में हो, वह बचकर नहीं निकलना चाहिए। यह तो किसी भी सरकार के द्वारा प्रयत्न होना चाहिए और हमारी सरकार भी यह प्रयत्न कर रही है। पॉल मनोज पांडियन ने भी कहा है कि महिला फोर्स हर जिले में होनी चाहिए, वैसे सामान्यतः राज्य सरकारों का स्वयं का जो फैसला है, उसके आधार पर महिला फोर्सेज बढ़ाने का उन्होंने फैसला किया है और वे इसको बढ़ा रही हैं। वैसे हमारी सेन्टल गवर्नमेंट के द्वारा भी इन राज्य सरकारों के समय-समय पर महिला पुलिस बल की संख्या बढ़ाए जाने की एडवाइजरी जारी की जाती रही है और अब भी वह एडवाइजरी उनको जारी की गई है। ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : वेंकैया नायडु जी, मैं आपको नहीं टोक रहा हूं और न टोकना चाहता हूं।

श्री उपसभापति : सबका रिप्लाई हो गया।

श्री सीताराम येचुरी : अगर हाथ में इतना बड़ा पर्चा है, तो बेशक, हम कम्युनिस्टों को भूखे रहने की आदत है। लेकिन यहां पर तो अफसर लोग भी हैं, पत्रकार भाई भी हैं, तो आप एक आधे घंटे की रिसेस लीजिए और खाने का इंतजाम करिए, ...(**व्यवधान**)... उसके बाद हम फिर बैठेंगे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Minister is very liberal. So, everybody is again and again asking questions. ...*(Interruptions)*... That is the problem. Don't be so liberal. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: I am asking this from you, Sir. Will you order for food? ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, मैंने पहले ही कहा ...(**व्यवधान**)... मैं किसी संवाद को रोकना नहीं चाहता हूं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think you have made all the points. ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I think he is very democratic and liberal in Hindi.

श्री राजनाथ सिंह : हमारे जो भी माननीय सदस्य बोलना चाहेंगे, मैं निश्चित रूप से उनको सुनना चाहूंगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I should appreciate that. ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : एक सम्मानित सदस्य मिस्टर रंगराजन जी ने तमिलनाडु के रिफ्यूजी कैंप में विजिट करने की बात कही है, मैं इस संबंध में जानकारी लूंगा और यदि उधर की यात्रा होगी, तो निश्चित रूप से वहां पर जाना चाहूंगा। भूपिंदर सिंह जी, जो ओडिशा से हैं, उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण का आग्रह किया है कि यह होना चाहिए। यह बात सही है, क्योंकि जिस तेजी के साथ जनसंख्या बढ़ रही है, उस पर नियंत्रण करना आवश्यक है। इस संबंध में हमारी गवर्नमेंट जो भी पॉलिसी निर्धारित करेगी, निश्चित रूप से इस सदन को उसकी जानकारी दी जाएगी। हमारे बहुत वरिष्ठ सम्मानित सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी ने पहली बात तो यह कही है कि PM is taking the powers of the Ministry of Home Affairs. उपसभापति महोदय, जहां तक हमारे प्रधानमंत्री का प्रश्न है, मैं बता दूं कि हमारे प्रधानमंत्री जी बहुत ही लोकतांत्रिक पद्धति से काम कर रहे हैं ...(**व्यवधान**)... मैं बता रहा हूं। मैं समझता हूं कि मुझे उत्तर देने की कोई आवश्यकता नहीं है। मुझे उत्तर देने की कोई आवश्यकता नहीं होगी, मैं केवल माननीय दिग्विजय सिंह जी से यह जानना चाहता हूं कि ...(**व्यवधान**)... मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स का कौन सा ऐसा डिविजन है, कौन सा ऐसा सैक्शन है, जो अब तक मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के पास रहा है, लेकिन प्राइम मिनिस्टर ने उसको बाहर कर दिया हो अथवा माइनस कर दिया हो? मैं माननीय दिग्विजय सिंह जी से उस सवाल पर भी जानाना चाहूंगा की होम मिनिस्ट्री ने कहां पर काई फैसला लिया है, जिसमें प्रधानमंत्री ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की है?

श्री दिग्विजय सिंह : उपसभापति जी, मैंने यह अनुरोध किया है कि ए.सी.सी. में जो फाइल गृह मंत्री जी के माध्यम से जाती थी, अब प्रधानमंत्री से लौटकर सूचनार्थ उनके पास पहुंच रही है।

श्री राजनाथ सिंह : अच्छा रहा होता कि हमारे वरिष्ठ संसद सदस्य मान्यवर दिग्विजय सिंह जी ने इस संबंध में मुझे बातचीत कर ली होती।

श्री दिग्विजय सिंह : आप जब कहेंगे, मैं बात कर लूंगा।

श्री राजनाथ सिंह : यदि मैं कहीं बाहर रहा हूं या जल्दबाजी में फाइल आनी है, तो हमारी उनसे सीधी बातचीत हो गई है। कभी-कभी हमारे पी.एस. को उनके कार्यालय से जानकारी

मिली, पी.एस. ने मुझे बतलाया, उसके बाद कंसेन्ट दी गई ...(**व्यवधान**)... यह एक चीज़ है। सामान्यतः ...(**व्यवधान**)... चूंकि आप भी मुख्य मंत्री रहे हैं, मैं भी मुख्यमंत्री रहा हूं, इसलिए मैं जानता हूं कि डी.ओ.पी.टी. डिपार्टमेंट, जो कार्मिक विभाग होता है, यदि वह सामान्यतः किसी के अधीन होता है, तो चीफ मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर के ही अधीन होता है। जो अधिकारियों की नियुक्ति होती है, वह सी.एम. और प्राइम मिनिस्टर की इच्छा से ही होती है। यहां पर जो कैबिनेट कमेटी फॉर अपोइन्टमेंट्स है, उसमें जिस तरीके से कार्य होना चाहिए, उसी तरीके से हो रहा है। मैं आपको यह जानकारी देना चाहता हूं कि इसमें कहीं पर कोई बदलाव नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : अगर हम इन फाइलों के बारे में जानकारी लेना चाहेंगे तो क्या माननीय गृह मंत्री जी यह जानकारी देने के लिए सहमत होंगे?

श्री राजनाथ सिंह : क्या?

श्री दिग्विजय सिंह : कैबिनेट कमेटी फॉर अपॉइन्टेमेंट्स के बारे में आपके यहां से कितनी फाइलें रूट हुई हैं, अगर आप उसकी जानकारी देने के लिए तैयार हैं, तो मैं राइट टू इन्फॉर्मेशन एक्ट में उसको मांग सकता हूं।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री प्रकाश जावड़ेकर) : संजय बारू जी ने क्या लिखा है, उसको पढ़ो।

श्री राजनाथ सिंह : मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि एक, दो नहीं, बल्कि ऐसी बीसों और पच्चीसों फाइलें होंगी, मैं जिनके बारे में कह सकता हूं।

श्री सीताराम येचुरी : उपसभापति जी, जावड़ेकर जी क्यों उत्तेजित हो रहे हैं? ये गृह मंत्री जी के साथ सहानुभूति जता रहे हैं, आप आपस में क्यों नाराज हो रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : क्लब 160 नहीं, 272 जीत गया है। हम तो चाहते थे कि क्लब 160 जीते।

श्री राजनाथ सिंह : जहां तक सहानुभूति की आवश्यकता का सवाल है, सहानुभूति की कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए अनावश्यक सहानुभूति जताने का क्या औचित्य है? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : I think, now, the hon. Home Minister will try to ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : दिग्विजय सिंह जी ने एक बात कही है कि RSS is big threat to this nation. ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Home Minister is enjoying.

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, दिग्विजय सिंह जी ने कहा कि आर.एस.एस. इस देश के लिए एक बहुत बड़ा थ्रेट है। मैं यह कहना चाहता हूं कि मत भूलिए कि महात्मा गांधी, जिनको आज भी हम अपना पूज्य मानते हैं, जिन्हें हम राष्ट्रपिता मानते हैं, उन्होंने भी आर.एस.एस. के कैम्प में जाकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सराहना की थी। इतनी ही नहीं, जब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों ने किस प्रकार की भूमिका निभाई, उसकी सराहना पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भी की है। इतना ही नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की जो परेड होती है, उसमें जो उनका वेश है, जिसे गणवेश बोलते हैं, उसे पहन कर शिरकत करने की और उनकी परेड कराने की इजाजत स्वयं उन्होंने दी थी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भूमिका लालबहादुर शास्त्री जी ने भी प्रशंसा की थी। ...(**व्यवधान**)...

श्री दिग्विजय सिंह : यह विचारधारा की लड़ाई है। हम उस विचारधारा के विरोधी हैं, जिस विचारधारा ने * ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, please stop this kind of reactions. ...*(Interruptions)*...

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT; THE MINISTER OF HOUSING AND URBAN POVERTY ALLEVIATION; AND THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. VENKAIAH NAIDU): This sort of atrocious and uncalled for remarks ...*(Interruptions)*... The Congress has ruled the country and * the country. ...*(Interruptions)*... पूरे देश में आपके कारण ...(**व्यवधान**)... हम लोग सदन में इस तरह की बहस करें, यह अच्छा नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let us not have this kind of altercation. ...*(Interruptions)*... Let us not have this kind of altercation. ...*(Interruptions)*... That is enough. ...*(Interruptions)*... Now, let the Minister conclude. ...*(Interruptions)*... Please don't interrupt the Minister now. ...*(Interruptions)*...

श्री प्रकाश जावड़ेकर : सर, जो कोर्ट में साबित हुआ है, वह सच है। आप इसे एक्सपंज कीजिए कि * हुई। यह हमें मंजूर नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. I will examine the records and would expunged it, if it is there. ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, डा. के. केशव राव जी ने यह चिन्ता व्यक्त की है that the Centre is taking away the powers of the State of Telangana ...*(Interruptions)*... तेलंगाना राज्य का अधिकार है, उसमें केन्द्र हस्तक्षेप कर रहा है, यह बात हमारे केशव राव जी ने कही है। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि किसी राज्य के जो अधिकार हैं, हम उनमें हस्तक्षेप नहीं करते हैं, बल्कि उसके जो अधिकार और कर्तव्य हैं, वे पूरी तरह से सुरक्षित रहें, इसे सुनिश्चित करना हमारे गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी है। लेकिन वे जिस मुद्दे की ओर ध्यान आकर्षित करना

*Expunged as ordered by the Chair.

चाहते हैं, the Andhra Pradesh Reorganisation Bill, 2014 के सेक्शन 8 में जो प्रोविजंस हैं, गवर्नर के क्या अधिकार हैं, विशेष रूप से आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना की जो कॉमन कैपिटल है, हैदराबाद और सैब्राबाद, उसके लिए गवर्नर के क्या अधिकार हैं, इस सम्बन्ध में गृह मंत्रालय के द्वारा केवल एक साधारण सी एडवाइजरी जारी की गई है। आन्ध्र प्रदेश का जो रिऑर्गेनाइजेशन बिल है, यह उसके सेक्शन 8 के अन्तर्गत जारी की गई है। उस एक्ट की किसी भी प्रोविजन का कहीं पर वायलेशन नहीं हुआ है। मैं उन्हें आश्वस्त करना चाहता हूं कि आगे भी किसी प्रकार का कोई वायलेशन नहीं होगा। ...(**व्यवधान**)...

DR. K. KESHAVA RAO : Sir, I welcome this. ...*(Interruptions)*... I am very happy about this ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : महोदय, इस संसद के वरिष्ठ सदस्य प्रो. राम गोपाल यादव जी ने भी कुछ मुद्दे उठाए हैं। उत्तर प्रदेश के लॉ एंड ऑर्डर सिचुएशन पर चिन्ता व्यक्त करते हुए, वैसे वहां सरकार उन्हीं की है, लेकिन चिन्ता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा है कि मीडिया वहां के हालात को डिस्टॉर्ट करने की कोशिश करती है। मैं मानता हूं कि उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर की सिचुएशन और वहां पर कम्युनल हार्मोनी कैसे एस्टैब्लिश की जा सके, इसके लिए वहां हम सबको मिल कर प्रयत्न करने की आवश्यकता है। कम्युनल हार्मोनी के सवाल को हम राजनीतिक पार्टियों के आधार पर बांटना नहीं चाहते हैं। हम इसके लिए किसी को लांछित भी नहीं करना चाहते हैं। बल्कि कम्युनल हार्मोनी एस्टैब्लिश करने के लिए जिस भी प्रकार के गवर्नमेंट के कोऑपरेशन की जरूरत होगी, मैं राम गोपाल जी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम उस प्रकार को कोऑपरेशन, उस प्रकार का असिस्टेंस प्रोवाइड करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने misuse of funds relating to the development in the North East which is affected with terrorism के सम्बन्ध में कहा है। वैसे हम लोग यह सिलसिला प्रारम्भ करने वाले हैं कि हमारी Central Goverment के द्वारा जो भी फंड्स जाते हैं, जो भी स्कीम्स बनती हैं, Central Government के द्वारा उनकी समीक्षा भी होती रहे। नॉर्थ-ईस्ट में भी जो फंड गया हुआ है, उसका proper utilization हुआ है या नहीं हुआ है, इसकी भी भिन्न-भिन्न मंत्रालयों के द्वारा समय-समय पर समीक्षा की जाती रही है।

उन्होंने एक बात यह भी कही है कि State Police modernization के लिए कुछ अतिरिक्त फंड मुहैया कराया जाना चाहिए। आपकी यह मांग बिल्कुल जायज़ है, इसलिए मैं देखूंगा कि हमारे पास जो भी फंड्स उपलब्ध हैं, वह उपलब्ध कराने की हम पूरी कोशिश करेंगे। चूंकि वह देश का सबसे बड़ा राज्य है, इसलिए उसके लिए जितना अधिकतम हो सकेगा, वह किया जाएगा।

पुलिस की वेकेंसीज़ के सम्बन्ध में पूछा गया है। State Police में जो वेकेंसीज़ होती हैं, उनको फिलअप करना State Government की जिम्मेदारी होती है, लेकिन Central Armed Police Forces की जो वेकेंसीज़ हैं, उनको फिलअप करने के लिए हम लोगों ने अब तक जो भी कदम उठाए हैं, उनकी जानकारी मैंने आप लोगों को दी है।

यह बात सच है कि विगत कई वर्षों से आई.ए.एस. और आई.पी.एस. ऑफिसर्स का

[श्री राजनाथ सिंह]

9.00 P.M.

सेलेक्शन जितनी तेजी के साथ होना चाहिए था, वह नहीं हो पा रहा था। कुछ वर्षों का समय तो ऐसा भी रहा, जिसमें प्रति वर्ष केवल 80 आई.पी.एस. ऑफिसर्स का ही सेलेक्शन हो पाया था। लेकिन अब हम लोगों ने सुनिश्चित किया है और ऐसी व्यवस्था की है, ताकि प्रति वर्ष लगभग 130 से लेकर 150 आई.पी.एस. ऑफिसर्स का सेलेक्शन हो सके।

Tribal or backward community के सम्बन्ध में पूछा गया है, मैं समझता हूं कि हर सरकार इनको स्पेशल केयर देने की कोशिश करती है। हम लोग भी इनकी जो भी अधिकतम मदद की जा सकती है, वह करेंगे।

अशोक गांगुली जी ने safety of women and controlling of rising cases and Chinese influence in the North East के संबंध में चिन्ता व्यक्त की है। Chinese influence नहीं बढ़ना चाहिए, इससे हम सभी सहमत हैं।

श्री एच.के. दुआ जी ने NCTC के सम्बन्ध में पूछा है और इसको जानने को कोशिश की है कि इस पर what is the position of the Government? मैं आपको बताना चाहता हूं कि टेररिज्म को रोकने के लिए जिस भी प्रकार के सिस्टम की जरूरत होगी, उस पर हम बहुत ही गम्भीरतापूर्वक विचार करेंगे और उसी प्रकार का सिस्टम बनाएंगे। इसके लिए अगर कोई और ऐक्ट बनाने की जरूरत होगी, तो वह भी किया जाएगा। लेकिन मैं समझता हूं कि अब तक हमारे पास जो भी कानून उपलब्ध हैं, उनके माध्यम से भी हम आतंकवाद की चुनौती का मुकाबला कर सकते हैं। आतंकवाद से निपटने के लिए कोई बहुत ज्यादा नियम-कानून बनाने की आवश्यकता नहीं है, इसके लिए clarity of vision और firm conviction चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि यदि ये दो चीज़ें होंगी, तो ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी : Verbal terrorism पर आप क्या करेंगे? बुरा न मानिए, मैं फिर से क्लू दे रहा हूं कि verbal terrorism पर आप क्या करेंगे?...(**व्यवधान**)...

श्री राजनाथ सिंह : वैसे डेमोक्रेसी में जो verbal terrorism है या oral terrorism है, मैं समझता हूं कि उससे किसी को आतंकित नहीं होना चाहिए।

श्री मोहम्मद अली खान : मंत्री जी, उसी से देश के हालात खराब होते हैं।

†[**شری محمد علی خان :** منتری جی، اسی سے دیش کے حالات خراب ہوتے ہیں

श्री उपसभापति : आपको डिनर देना पड़ेगा। Why don't you ask for a dinner?

श्री राजनाथ सिंह : अश्विनी कुमार जी ने ड्रग्ज़ की जो स्मग्लिंग होती है, उस पर कहा है। इसके सम्बन्ध में भी मैं पहले ही जानकारी दे चुका हूं।

†Transliteration in Urdu Script.

शिव सेना के श्री संजय राउत जी ने control SIMI activities के सम्बन्ध में कहा है। मैं उनको बताना चाहूंगा कि SIMI पर ऑलरेडी प्रतिबन्ध लगा हुआ है। उन्होंने LoC को strengthen करने की बात भी कही है और Bangladeshi infiltration को रोकने की बात भी कही है। मैंने पहले ही Border Management की चर्चा में इसका उत्तर दे दिया है, इसलिए इसकी डिटेल में मैं नहीं जाना चाहता हूं।

हमारे सदन के वरिष्ठ सदस्य श्री सत्यव्रत चतुर्वेदी जी ने राजभाषा को लेकर चिन्ता अभिव्यक्त की है। मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी जितनी भी भाषाएं हैं, भाषाएं ही नहीं, बल्कि जितनी भी बोलियां हैं, Dialect हैं, उनको कैसे enrich किया जा सके, कैसे समृद्धशाली बनाया जा सके, इसके प्रति भी हमारी सरकार पूरी तरह से सजग है। सभी भारतीय भाषाओं को एनरिच करने के लिए, उनको समृद्ध करने के लिए जो भी कदम उठाने की आवश्यकता होगी, वे सारे कदम हम लोग उठाएंगे।

A point was raised that Odia be given the classical language status and money be given to the Central Institute of Languages. यह एच.आर.डी. का सब्जेक्ट है। यह मेरे मंत्रालय से जुड़ा हुआ नहीं है, इसलिए इस सम्बन्ध में मैं कोई बात नहीं कह सकता ...(**व्यवधान**)... थोड़ी देर और धैर्य रखिए। ...(**व्यवधान**)... नहीं, नहीं। अभी हमारे मित्र श्री के.सी. त्यागी जी छूट गये हैं। ...(**व्यवधान**)... अंत भला तो सब भला।

सर, उन्होंने appointment of the Governors के बारे में कहा है कि इसमें संबंधित स्टेट्स के जो चीफ मिनिस्टर्स हैं, बिना उनकी कंसेंट के यह हुआ है। वैसे कांस्टीट्यूशन में जो प्रोविजंस हैं, उनमें कंसेंट की आवश्यकता नहीं होती है, बल्कि कंसर्न्ड स्टेट्स के चीफ मिनिस्टर्स से कंसल्टेशन की आवश्यकता होती है। तो मैं समझता हूं कि अब तक जितने भी गवर्नर्स की नियुक्ति महामहिम राष्ट्रपति महोदय के द्वारा हुई है, उसमें सभी चीफ मिनिस्टर्स के साथ इसके पहले ही मैंने कंसल्ट किया है। इतना ही नहीं, कंसल्टेशन में मैंने इस बात का भी ध्यान रखा है, मैंने यह भी बतला दिया कि हम इन-इन नामों पर विचार कर रहे हैं और मुझे फलां व्यक्ति की संभावना अधिक लगती है, यह जानकारी भी मैंने संबंधित मुख्यमंत्रियों को दे दी थी। जितना अधिक से अधिक डेमोक्रेटिक तरीके से चीज़ों को किया जा सकता है, हमने उसे करने कोशिश की है।

के.सी. त्यागी जी ने ही एक प्रश्न उठाया है कि चम्पारण सत्याग्रह की सौवीं सालगिरह राष्ट्रीय स्तर पर मनायी जानी चाहिए। यह विषय चूंकि सांस्कृतिक मंत्रालय, हमारी कल्चरल मिनिस्ट्री से रिलेटेड है, इसलिए इस सम्बन्ध में मैं कुछ नहीं कह पा रहा हूं।

हमारे श्री शरद यादव जी ने, जोकि इस सदन के बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं, और साथ ही साथ पॉल मनोज पांडियन जी ने भी कुछ इश्यूज़ यहां पर रेज़ किए हैं। It was said that 'housing for Central Armed Police Forces need to be improved.' इसके लिए भी कई कदम हम लोगों ने उठाए हैं। An amount of ₹ 8,036 crore has been provided for

[श्री राजनाथ सिंह]

construction of houses for the CAPF in the Twelfth Five Year Plan period, और 2012-13 में भी 918 करोड़ रुपये दिए गए हैं। ₹ 902 crore was utilized for construction of houses for CAPF personnel and 3,602 houses have been constructed and delivered. In 2013-14, ₹ 592 crore was provided and ₹ 578 crore was utilized for construction of houses for the CAPF personnel; 2,246 houses have been constructed and delivered. In 2014-15, ₹ 1,195 crore has been provided for construction of houses for CAPF personnel, and 4109 houses are targeted to be delivered. Then, there are proposals which are appraised or are under consideration. आगे भी एस.एस.बी. के लिए, ए.आर. के लिए और बी.एस.एफ. (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) के लिए 21,655 हाउसेज़ बनाने का हमारा टारगेट है। Then there is a proposal for construction of 13072 houses for CISF, ITBP, CRPF. यह अलग से बनाने का होम मिनिस्ट्री का डिसीज़न है।

सर, शरद यादव जी ने इसके अतिरिक्त कई ऐसे सवाल कोबरा और सी.आर.पी.एफ. के बारे में उठाए हैं, जिनकी चर्चा मैंने पहले ही कर दी है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Okay. How much more time do you need, Mr. Minister?

श्री राजनाथ सिंह : सर, जब भी हमारे माननीय संसद सदस्य कहेंगे, तभी मैं समाप्त करूंगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप इतने लिबरल हैं। ...(**व्यवधान**)... आप इतने डेमोक्रेटिक हैं। ...(**व्यवधान**)... आपको खाना देना पड़ेगा, डिनर देना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)... जावडेकर जी, आपको डिनर देना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

SHRI T.K. RANGARAJAN (Tamil Nadu) : He may continue tomorrow. ...*(Interruptions)*...

श्री सीताराम येचुरी : महोदय, माननीय मंत्री जी को जो अदा है, मैं उसकी कद्र करना चाहता हूं, उसके लिए इनको कंग्रेचुलेट करना चाहता हूं कि इतनी देर तक वे हमारे सारे सवालों के जवाब देते रहे। उसके बाद किसी की हिम्मत नहीं बची है। ...(**व्यवधान**)... उनकी यह टैक्टिक्स बहुत महान है, यह मानना पड़ेगा। ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद : आपने फरमाया था कि शायद कांग्रेसियों को जानकारी नहीं है, आपका बड़ा मन था, इसलिए आप यहां पर रुक गए कि लीडर ऑफ अपोज़िशन को जानकारी नहीं है, लेकिन आपने कह दिया कि कांग्रेसियों को जानकारी नहीं है। हमने अपने भाषण में बताया था कि अम्बेडकर साहब कांग्रेस गवर्नमेंट में कानून मंत्री थे। आपने उसको काटने की कोशिश की कि कांग्रेस ने उनको हराया। अब नैट का इतना तो फायदा है कि मैंने इस बीच में नैट से अम्बेडकर साहब की जीवनी, शिक्षा आदि के बारे में 15 पन्ने का एक लेख निकाला है, इसमें से केवल दो-चार लाइनों का मैं यहां पर उल्लेख करूंगा, इसमें लिखा है –

†[**قائد حزب اختلاف (جناب غلام نبی آزاد) :** آپ نےفرمایا تھا کہ شاید کانگریسیو کو جانکاری نہیں ہے، آپ کا بڑا من تھا، اس لئے آپ یہاں پر رک گئے کہ لیڈر آف اپوزیشن کو جانکاری نہیں ہے، لیکن آپ نے کہہ دیا کہ کانگریسیوں کو جانکاری نہیں ہے۔ ہم نے اپنے بھاشن میں بتایا تھا کہ امبیڈکر صاحب کانگریس گوورنمینٹ کے قانون منتری تھے۔ آپ نے اس کو کاٹنے کی کوشش کی کہ کانگریس نے ان کو ہرایا۔ اب نیٹ کا اتنا تو فائدہ ہے کہ میں اس بیچ میں نیٹ سے امبیڈکر صاحب کی جیونی، شکشا وغریہ کے بارے میں 15 پنّوں کا کا لیکھہ نکالا ہے، اس میں سے صرف دو چار لائنوں کا میں یہاں پر الّیکھہ کروں گا، اس میں لکھا ہے۔]

"15th August, 1947, India obtained her Independence. Dr. Ambedkar was elected to Constituent Assembly by the Bombay Legislature Congress Party. Dr. Ambedkar joined Nehru's Cabinet. He became the first Law Minister of independent India. The Constituent Assembly appointed him to the Drafting Committee, which elected him as Chairman on 29th August, 1947." Then, I come to what the hon. Home Minister said. "Then, on 11th October, 1951, Dr. Ambedkar left the Cabinet." So, he left the Cabinet. That means, he was no more a part of the Congress or part of the Government. ...*(Interruptions)*... I am just reading. I am just reading out from what I have brought from the Net. "In January, 1952 ..." So, what the hon. Home Minister said, starts from 1952. That is, "Dr. Ambedkar was defeated in the First Lok Sabha elections held under the Constitution of the Indian Republic. Congress candidate, N.S. Kajrolkar, defeated Dr. Ambedkar." So, I was mentioning about the first part, from 1947 to 1951. ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : उपसभापति महोदय, जो मैंने कहा और जो हमारे नेता विरोधी दल कह रहे हैं, उसमें कहीं पर कोई विरोधाभास नहीं है। मैंने Constituent Assembly की बात नहीं कही थी, मैंने लोक सभा की बात कही थी। ...(**व्यवधान**)...

श्री गुलाम नबी आज़ाद : लॉ मिनिस्टर Constituent Assembly ...(**व्यवधान**)...

†[**جناب غلام نبی آزاد :** لاء منسٹر کانسٹی ٹیونسی (...مداخلت)...

प्रो. राम गोपाल यादव : सर, 1947 से पहले ही Constituents Assembly बन गई थी, तब वे पश्चिम बंगाल से आए थे।

श्री सीताराम येचुरी : सर, वही बात तो मैं कह रहा था कि आप इतिहास पर मत जाइए, आप कहां तक जाएंगे? ...(**व्यवधान**)... इसलिए सुबह मैंने कहा था कि जो 'भारत रत्न' की बात आ रही है, वह भी आपके मंत्रालय में है। वह कह रहे थे कि पुराने लोगों को देंगे, तब मैंने बोला कि तब तो आपको गौतम बुद्ध तक पहुंचना पड़ेगा, आपको 600 बी.सी. में पहुंचना पड़ेगा, इसलिए उतने इतिहास में मत जाइए।

†Transliteration in Urdu Script.

श्री राजनाथ सिंह : सीताराम जी, हम आपकी बात को कहां contradict कर रहे हैं। नारायण लाल जी ने पुलिस की स्ट्रेंथनिंग की बात कही है, उसके अतिरिक्त नारकोटिक्स, हेरोइन, गांजा, अफीम आदि की जो तस्करी होती है, इस पर इन्होंने चिंता व्यक्त की है। इस पर हमने पहले ही अपना विचार व्यक्त कर दिया है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No more clarifications. ...*(Interruptions)*...

श्री राजनाथ सिंह : भालचन्द्र मुणगेकर जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग नहीं लिया था। मैं यह बता देना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी आज़ादी हासिल होने के बाद ही बनी थी, इसलिए उसके स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने का सवाल ही नहीं उठता है। इन्होंने राष्ट्रीयता की परिभाषा की बात कही थी। मैं समझता हूं कि राष्ट्रीयता की परिभाषा समय-समय पर बदलती नहीं है। जो राष्ट्रीयता की परिभाषा है, वह है। उन्होंने गोधरा के दंगों की चर्चा की थी, मैं कहना चाहता हूं कि इस देश में केवल गोधरा का ही दंगा नहीं हुआ, गोधरा से पहले उसी गुजरात में भी दंगे हुए। इतना ही नहीं, उस असम में जब कि कांग्रेस की सरकार थी, उस समय शायद मिस्टर सैकिया वहां के चीफ मिनिस्टर थे, जो दंगा हुआ था, उसमें 24 घंटे के अंदर वहां पर 5 हजार से अधिक लोगों की जानें गईं। यह नेल्ली में हुआ था और वहां 5,000 से अधिक लोगों की जानें गई थीं। इससे पहले जब गुजरात में कांग्रेस की सरकार थी और उसके मुख्यमंत्री श्री हितेन देसाई जी थे, तो उस समय भी एक बहुत बड़ा दंगा हुआ था और तब कई मस्जिद और मंदिर तोड़े गये थे। लेकिन, मैं समझता हूं कि यदि कोई भी दंगा-फसाद होता है तो वह अपने आप में दुर्भाग्यपूर्ण है और उसे हर राजनीतिक पार्टी के द्वारा कंडेम किया जाना चाहिए और साम्प्रदायिक सौहार्द को स्थापित करने की दृष्टि से जितनी पहल हो सके वह करनी चाहिए।

विजय गोयल जी ने भी बहुत सारी समस्याओं की चर्चा की है। असम में एन.आर.सी., यानी नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस की चर्चा उन्होंने की है। उपसभापति महोदय, मैं इस संबंध में इस सदन को यह जानकारी देना चाहता हूं कि एन.आर.सी. की फंक्शनिंग ठीक तरीके से चल सके और इसका काम तेजी से चले, इसके लिए जो आवश्यक धनराशि है, वह हमारी होम मिनिस्ट्री के द्वारा अभी कुछ ही दिन पहले असम को उपलब्ध कराई जा चुकी है। दिल्ली पुलिस के लिए सुविधाओं में कमी और इसको हम स्वीकार करते हैं। हमारी सरकार के कारण ही वे सारी कमियां पैदा हुई हैं, ऐसा नहीं है, लेकिन वे सुविधाएं मुहैया होनी चाहिए।

डा. एम.एस. गिल साहब ने कुछ कंस्ट्रक्टिव और रिफॉर्मेटिव सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा है कि बहुत सारी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्राइम मिनिस्टर और होम मिनिस्टर साथ बैठें। उसके लिए वे कोई एक्शन प्लान तैयार करें तथा इसमें कुछ अन्य लोगों को भी शामिल करें। उनका यह सुझाव अच्छा है। जहां तक कुछ अन्य लोगों से सुझाव लेने का प्रश्न है, हम इस दिशा में होम मिनिस्ट्री की तरफ से पहल करेंगे, यह मैं आश्वस्त करना चाहता हूं। इन्होंने आई.ए.एस. और आई.पी.एस. ऑफिसर्स की रिक्रूटमेंट की बात कही है तथा फोर्सेज़ में 30 परसेंट विमेन रिज़र्वेशन की बात भी कही है। फोर्सेज़ में महिलाओं का मैक्सिमम परसेंटेज़ बढ़ सके, इस दिशा में हम लोग काम कर रहे हैं।

मैंने लैंग्वेज़ेज की चर्चा पहले ही कर दी है। हमारे रतनपुरी साहब ने आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पॉवर्स ऐक्ट के संबंध में बात की है कि इसको हटाना चाहिए। मैं समझता हूं कि अभी तक जो जानकारी हमें प्राप्त हुई है, उसके अनुसार वहां पर इस बारे में अभी तक कोई कन्संसेस नहीं बन पाया है कि इस आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पॉवर्स ऐक्ट को हटाया जाना चाहिए। लेकिन, मैं इस सदन को जानकारी देना चाहता हूं कि यह गवर्नर का अधिकार क्षेत्र है। यदि गवर्नर इसके क्षेत्र को सीमित करना चाहता है, यानी आर्म्ड फोर्सेज़ स्पेशल पॉवर्स ऐक्ट जिस क्षेत्र में आज प्रभावी है, यदि वह उसे कम करना चाहता है तो वह उस क्षेत्र को एक ऑर्डिनरी नोटिफिकेशन के द्वारा कम कर सकता है। यह गवर्नर का अधिकार है और वह उसे कम कर सकता है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN : No, I am not allowing any clarification ...*(Interruptions)*....

श्री राजनाथ सिंह : उन्होंने कहा कि सरकार बनाने के लिए कोई मैनिपुलेशन नहीं होना चाहिए। उपसभापति महोदय, हमने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि हम राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करते हैं, हम राजनीति देश बनाने के लिए, समाज बनाने के लिए कर रहे हैं। मैं माननीय सदस्य को यह आश्वस्त कर देना चाहता हूं हमारी सरकार कश्मीर की, जम्मू की समस्याओं का समाधान करने के लिए किसी एजेंट की मदद नहीं लेगी, बल्कि वहां की समस्याओं का समाधान करने के लिए जो कुछ भी पहल हो सकती है, वह पहल हमारी सरकार करेगी। वहां की राज्य सरकार को विश्वास में लेकर जो कदम उठाने की आवश्यकता होगी, वह कदम हम उठाएंगे।

डी. राजा साहब ने क्राइम की बात कही है और साथ ही साथ, उन्होंने इंटरनेशनल बॉर्डस की सिक्योरिटी पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भारत थियोक्रेटिक स्टेट नहीं है बल्कि यह एक सेकुलर स्टेट है। यह हक़ीकत को सभी स्वीकार करते हैं कि भारत थियोक्रेटिक स्टेट नहीं है, बल्कि यह एक सेकुलर स्टेट है। भारत का जो फेडरल कैरेक्टर है, उसे हम स्वीकार करते हैं। कोऑपरेटिव फेडरलिज्म होना चाहिए। मैं समझता हूं कि भारत को जो यह एक फेडरल कैरेक्टर है, उसकी सबसे बड़ी ताकत कोऑपरेटिव फेडरलिज्म ही है और इसमें कहीं कोई विमत नहीं हो सकता है। आपका सहयोग चाहिए शान्तारामनायक जी ने कहा कि Narendra Modi was projected as the Prime Ministerial candidate के रूप में प्रोजेक्ट किया, तो हमारी आर्गनाइजेशन के जो इलेक्टेड रिप्रजेंटेटिव चुनकर आते हैं, उनसे हमारी पार्टी बनती है और वह पार्टी ही एक पार्लियामेंटरी बोर्ड का गठन करती है और उस पार्लियामेंटरी बोर्ड का चेयरमैन मैं ही था। उस पार्लियामेंटरी बोर्ड का का यह यूनेनिमस डिसीजन था कि श्री नरेन्द्र मोदी को Prime Ministerial candidate के रूप में प्रोजेक्ट कर देना चाहिए। दूसरी चीज, पार्लियामेंटरी बोर्ड के डिसीजन के बावजूद जब एन.डी.ए. पार्लियामेंटरी पार्टी की बैठक हुई, उसमें भी यह सवाल खड़ा किया गया कि यदि इस पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह अपनी आपत्ति दर्ज करा सकता है। लेकिन यूनेनिमसली श्री नरेन्द्र मोदी एन.डी.ए. पार्लियामेंटरी पार्टी के लीडर इलेक्ट किए गए तब उन्हें बनाया, डेमोक्रेटिक तरीके से बनाया है। ...(**व्यवधान**)...

[श्री राजनाथ सिंह]

उपसभापति महोदय, ऐसा नहीं किया है कि कोई व्यक्ति किसी को नॉमिनेट कर रहा हो और पूरे संसद सदस्य यह कह रहे हों कि हम उसको स्वीकार नहीं करना चाहते। आप जो स्वीकार करते हैं ऐसा नहीं किया है। हमने जो कुछ भी किया है बहुत डेमोक्रेटिक तरीके से किया है। बिश्वजीत जी ने कहा है कि नॉर्थ-ईस्ट की कई समस्याएं हैं जिनका समाधान नहीं हुआ है। उनका समाधान करने के लिए हम लोग लगे हैं। Interlocutors एपाइंट किए जा चुके हैं, बहुत सारे इनसर्जेंट ग्रुप हैं, उनके साथ हमारा डॉयलॉग चल रहा है। हुसैन दलवई साहब ने यह सुझाव दिया है कि मुसलमानों का रिप्रजेंटेशन पुलिस में होना चाहिए। उनके इस सुझाव का स्वागत है। हमारा तो कहना है कि हिन्दू हो, मुसलमान हो. ईसाई हो, कोई भी हो, जो भी शामिल होने के योग्य है वह शामिल हो सकता है, किसी प्रकार की कोई पाबंदी नहीं है। लेकिन पाकिस्तान के बारे में भी एक महत्वपूर्ण बात हुसैन दलवई साहब ने कही है। वहां माइनॉरटी के ऊपर जो जुल्म हो रहा है, उस पर उन्होंने चिंता व्यक्त की है। मैं समझता हूं कि यह बहुत ही हैल्दी एप्रोच है। पाकिस्तान से पीड़ित होने के बाद जो माइनॉरटी के लोग भारत आ रहे हैं, विशेष रूप से हिन्दू और सिख जो आ रहे हैं, उनकी चिंता भी हमारी सरकार के द्वारा की जा रही है। वही सबसे बड़ी बात है कि यदि उनकी चिंता की जाती रहे तो सारी समस्याओं का समधान धीरे-धीरे हो सकता है। ए.वी. स्वामी साहब ने Left-Wing Extremism के बारे में कहा है। साथ ही साथ तिहत्तरवें अमेंडमेंट को पूरी तरह से लागू किया जाना चाहिए, यह भी उन्होंने सुझाव दिया है। इस सुझाव का स्वागत है। आनंद भास्कर जी ने ई-गवर्नेंस और साइबर क्राइम को रोके जाने के इफेक्टेव स्टेप्स गवर्नमेंट के द्वारा उठाए जाने के लिए कहा है। इसके संबंध में स्वयं भी अपने अधिकारियों के साथ बैठ कर मैंने अपना कन्सर्न एक्सप्रेस कर दिया है और कहा है कि निश्चित रूप से इस पर विचार होना चाहिए। थंगावेलु जी ने भी बहुत सारी प्रॉब्लम्स उठाई हैं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : होम मिनिस्टर साहब, बाकी के लिए आप मेंबर्स को चिट्ठी लिख सकते हैं।

श्री राजनाथ सिंह : बस, खत्म ही है। एक सम्मानित सदस्य ने फिशरमैन की समस्याओं के बारे में कहा है कि bio-metric card जारी नहीं हुए हैं। लेकिन bio-metric card जारी करने का काम तेजी के साथ हो रहा है। मैं इसे देखूंगा कि जिस स्थान का प्रश्न उन्होंने खड़ा किया है, वहां पर bio-metric card अभी तक क्यों नहीं बन पाए हैं। मोहम्मद अदीब साहब ने भी अनुभव भारत के रघुवंशी जी की बात कही है। अदीब साहब मैं आपसे यह निवेदन करना चाहूंगा कि...उस सम्बंध में यदि आप मुझे जानकारी दे सकेंगे तो अच्छा रहेगा। मैं देखूंगा कि आगे उसमें क्या किया जा सकता है? उपसभापति महोदय, उन्होंने एक बात बहुत महत्वपूर्ण कही है कि लोगों के अंदर sense of belonging develop करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार की तरफ से यह पूरी कोशिश होगी कि भारत के हरेक नागरिक में sense of belonging में किसी प्रकार की कमी न आने पाए। हम किसी भी सूरत में किसी को अलग-थलग नहीं रखना चाहते, सब को साथ लेकर आगे कदम बढ़ाना चाहते हैं, तभी हम भारत का विकास कर पाएंगे। यदि हमें महान भारत का निर्माण करना है, तो जब हम सभी मिल-जुलकर एक-दूसरे से कंधे-से-कंधा मिलाकर आगे बढ़ेंगे,

तभी इस देश को आगे बढ़ा पाएंगे, ऐसी मेरी सीताराम येचुरी जी व गुलाम नबी आज़ाद साहब से दरख्वास्त है। आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Home Minister was very considerate and responsive to every Member. The House appreciates it.

Now, we shall take up the admitted Special Mentions. Please lay on the Table.

SPECIAL MENTIONS *

Demand to set up a Regulatory Authority in coordination with the States to regulate the functioning of private hospitals in the country

श्री मनसुख एल. मांडवि्या (गुजरात) : महोदय, हमारे देश में करोड़ों की संख्या में आप लोग निजी अस्पतालों एवं दवाखानों में प्रतिदिन उपचार कराते हैं। मरीज़ों को इस बात की कोई सूचना नहीं दी जाती कि उन्हें क्या बीमारी है और वे किस रोग के लिए कौन सी दवा खा रहे हैं? डाक्टर उन्हें जो भी कहता है, वे चुपचाप उसे करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। आए दिन ऐसे कई मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें मरीज़ों को आवश्यक शुल्क का भुगतान करने के बाद भी पर्याप्त सुविधाएं एवं आधुनिक उपचार नहीं मिल पा रहा है। समय-समय पर ऐसे कई मामले भी सामने आते रहते हैं, जिसमें तंग आकर मरीजों ने डॉक्टरों के ऊपर हमला भी किया है।

जब सरकार हर चीज़ में प्राधिकरण ला रही है, तो आम लोगों की सुविधा से जुड़ी आरोग्य की समस्याओं के निवारण के लिए यह आवश्यक है कि राज्य सरकारों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से एक प्राधिकरण का गठन किया जाए। प्रस्तावित प्राधिकरण मरीजों से लिए जाने वाले उपचार खर्चों एवं खर्च के एवज में डाक्टर/अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की एवं मरीजों के व्यवहार के कारण डॉक्टर/अस्पताल को होने वाली असुविधाओं का निवारण करने के लिए आवश्यक देखभाल करे। इसके लिए केन्द्र सरकार ने क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट मॉडल ऐक्ट, 2010 बनाया है, लेकिन वास्तविकता से इस कानून का लाभ किसी को नहीं मिल रहा है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह इस दिशा में राज्य सरकारों के साथ मिलकर तात्कालिक कदम उठाने की कृपा करे, जिससे देश की आम जनता को विशेष तौर पर सीधे लाभ मिल सके और जरूरत पड़े, तो राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ बैठक करके, इसके बारे में पूरा विचार-विमर्श करके, केन्द्र सरकार कदम उठाए।

Demand to fix the pension of B.S.N.L. employees retired before 2007 as per the revised fitment formula

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH (Tamil Nadu): Sir, Department of Telecommunication employees absorbed in B.S.N.L. are receiving pension from the

*Laid on the Table.

[Shrimati Vijila Sathyananth]

Consolidated Fund of India as per Central Civil Service Pension Rules, 1972. The pay was revised for BSNL employees from 1.1.2007. The same fitment formula was extended to BSNL pensioners also with effect from 1.1.2007 and pension was revised by a Cabinet approval.

Due to an agreement with Service Unions in BSNL, the fitment formula was modified. Initially 68.8 per cent of Dearness Relief was added with the basic pay for fitment of new scale. The fresh fitment formula permits to add 78.2 per cent of Dearness Relief with basic pay for fitment of new scale. This agreement was effected from 10.6.2013.

The employees' association requested to extend the same fitment formula for pre-2007 pensioners and pensioners who retired between 1.1.2007 and 13.6.2013. This request is pending for the last one year. The files are moving slowly from pillar to post. As on date, the file is pending with the Department of Telecommunication. The file has to go to the Department of Expenditure for its approval. If necessary, after the approval of the Department of Expenditure, the Ministry of Telecommunication has to prepare a Cabinet Note for approval by the Cabinet.

Hence, I request the Ministry to coordinate with other departments for early processing of this matter.

Demand to review the implementation of the Sexual Harassment of Women at Workplace Act, 2013

DR. T. N. SEEMA (Kerala): The recommendation made by the Central Administrative Tribunal Bengaluru Bench to the Union Government, to look into Sections 4 and 7 of the Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 raises serious concerns regarding the implementation of this Act. The Central Administrative Tribunal, CAT, while hearing cases dealt by complaint committees of respective companies, has cautioned that the law against sexual harassment is "double-edged" and sought a review of two sections of the law, describing them as 'unconstitutional'.

The Tribunal observed the appointment process of the committees constituted to hear complaints of sexual harassment under Sections 4 and 7 was "biased" as two members of such committees should be "committed to the cause of women," and hence "destroys the concept of fairness" embedded in the process of adjudication.

There is no doubt that any attempt of using law for vengeance is totally unacceptable.

But at the same time recommendation made by Tribunal also is against the spirit of the Constitution. Article 15 allows for special provisions to be made for women, children, socially and educationally backward classes of citizens as well as the SCs and STs – such special provisions shall not be considered discriminatory.

The implementation of Sexual Harassment of Women at Workplace (Prevention, Prohibition and Redressal) Act, 2013 is very slow and showing lot of lapses.

I would urge the Government to initiate a detailed review regarding the progress and problems of implementation of the Sexual Harassment of Women at Workplace Act, 2013.

Demand to expedite the implementation of coastal security scheme and other welfare schemes for fishermen in Tamil Nadu

SHRIMATI KANIMOZHI (Tamil Nadu): Sir, the Central Government had started the Coastal Security Scheme to strengthen the infrastructure for patrolling and surveillance of coastal areas in 2005. Phase II of the scheme was launched in 2011. Under this scheme, construction of 30 coastal police stations and 12 jetties were sanctioned for Tamil Nadu. However, even after three years of the launch of the Scheme, none of the coastal police stations have been operationalised so far. The land acquisition process has not yet been started for construction of any of the jetties.

The Government had launched another scheme in 2009 for the Issuance of Biometric Identity cards to Coastal Fishermen. The Government had envisaged creation of a National Marine Fishers' Database (NMFD) which would help in addressing the threat to coastal security. However, according to the Annual Report of the Ministry of Home Affairs, the biometric enrolment stands at only 65%, till 2012.

Tamil Nadu has a coastline of 1,076 km with a total fisher population of 8.92 lakh. Therefore, I request the Minister of Home Affairs and the Minister of Agriculture to ensure the implementation of these Schemes in a time bound manner. I also request the Government to take measures for sensitising the fishermen to the threats to coastal security. The Coast Guard is supposed to hold community interaction programmes but these are not being held regularly. The overall role of the Coast Guard needs to be reviewed in the face of persistent attacks and arrests of fishermen by Sri Lankan Navy. The Government must act in a coordinated manner to improve the welfare of the fisher community and strengthen coastal security. Thank you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri A.U. Singh Deo, not present. Shri Motilal Vora, not present. Shri Sanjay Raut, not present.

Demand to give Green Bonus of ₹ 2000 crore to Uttarakhand for overall development of the State

श्री महेन्द्र सिंह माहरा (उत्तराखंड) : महोदय, उत्तराखंड का भौगोलिक क्षेत्र देश के क्षेत्रफल का 1.63 प्रतिशत है, लेकिन राज्य का वन क्षेत्र 4.53 प्रतिशत अधिक है। राज्य का तीन-चौथाई हिस्सा जंगलों, ग्लेशियरों तथा पर्वत श्रृंखलाओं से घिरा हुआ है। इन परिस्थितियों में विकास कार्य करना आसान काम नहीं है। यहां यह उल्लेख करना उचित होगा कि राज्य में 1000 मीटर की ऊंचाई पर उगे हुए पेड़ों को काटने पर प्रतिबंध है। इस ऊंचाई पर उगे पेड़ों को काटना फायदेमंद हो सकता है, लेकिन पर्यावरण संरक्षण राज्य का मुख्य उद्देश्य है। राज्य में 16 प्रतिशत वन भी हैं, जिनके संरक्षण के लिए काफी धन की आवश्यकता होती है।

अर्जेंटीना में विश्व वानिकी कांग्रेस 2009 में प्रस्तुत अपने पत्र में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान ने अपने अनुमान में कहा है कि पर्यावरण संरक्षण पर राज्य के 32,000 करोड़ रुपए हर साल खर्च हो रहे हैं।

हमारे राज्य उत्तराखंड को भी इसी प्रकार ग्रीन बोनस की दरकार है क्योंकि पिछले साल राज्य में प्राकृतिक आपदा में भारी नुकसान, लोगों की सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च, विद्युत परियोजनाओं का बंद होना तथा प्राइवेट पूंजी निवेश की कमी राज्य के विकास में बाधा डाल रहे हैं।

पिछले साल की प्राकृतिक आपदा ने राज्य में भारी नुकसान किया है। इससे राज्य के पर्यटन पर भारी प्रभाव पड़ा है। साथ ही मैं बताना चाहता हूं कि 13वें वित्त आयोग ने राज्य को ग्रीन बोनस देने की अनुशंसा की थी।

राज्य को 2,000 करोड़ ग्रीन बोनस दिया जाए जिससे कि राज्य अपने चहुंमुखी विकास के मार्ग पर निरंतर बढ़ता रहे। धन्यवाद।

Demand to hold the Civil Services Examination conducted by U.P.S.C. in all regional languages

SHRIMATI SASIKALA PUSHPA (Tamil Nadu): Sir, during the last few weeks, we had a ranging controversy over the C.S.A.T. examination, being conducted by the UPSC. The aspirant-students are undergoing severe mental agony because in another two weeks' time, they have to undertake that examination.

That being so, the students of Tamil Nadu, in particular, and students of other regions of different States, in general, are put to undue hardship and unfair disadvantage because the examination is being conducted only in Hindi and English.

This aberration must be corrected immediately and the unfair disadvantage to the Tamil students and the students of other regions must be eliminated.

Our country believes in 'unity in diversity', and India is having a federal setup. So, all the languages and cultures of all the regions of our country must be respected and regarded as equal.

Hence, I urge upon the Central Government to remove this handicap from amongst the student community so that a level-playing field is created for all. Therefore, I request the Union Government to instruct the UPSC to hold the Civil Services Examination in all the languages of our country, including Tamil.

Demand to give adequate compensation for loss of life and crops caused by intrusion of elephants and wild animals in fields

SHRI A.K. SELVARAJ (Tamil Nadu): Sir, wild animals, particularly, elephants invade very often into villages and cultivated lands adjoining the Western Ghats.

Elephants moving away as far as 15 kilometres deep into villages are common in Coimbatore, the Nilgiris, Erode, Trippur and the Southern districts of Tamil Nadu. Elephants freely roam into the villages and cause deaths by trampling and damaging the standing crops.

This is very severe in the traditional tribal settlements along the forest boundaries and inside the forests also. The Forest Department is erecting solar fences and trenches to prevent the elephants. These methods are found to be ineffective because the elephants remove the fencing poles without touching the wires.

These animals even level the trenches using their legs and tusks. To prevent this, trenches should be made wide and deep.

Also, the Government should periodically maintain the trench and the fence. The Government of Tamil Nadu gives a compensation of ₹ 3 lakhs in case of a death caused by animals. In other States, it is even less. This compensation is insufficient considering the long term livelihood of the family.

The compensation for crop damage per acre is ₹ 25,000 only. This is little and unrealistic.

I request the Central Government to immediately enhance and pay the compensation to the State Governments for human deaths and also for crop damages due to intrusion of elephants/wild animals.

I request the Government to find a permanent solution to this problem.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned to meet on Tuesday, the 12th August, 2014 at 11.00 a.m.

The House then adjourned at twenty-two minutes past nine of the clock till eleven of the clock on Tuesday, the 12th August, 2014.